॥ 卐 ॥

THURSDAY ▶ ...बदला हुआ भारत, बदला लेना जानता है 5 ▶ सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक 6 ▶ सजगता के साथ हो सीमावर्ती क्षेत्रों की निगरानी : सीएम भजनलाल 9

दिनमान | तापमान

सूर्योदय 5.0 | सूर्यास्त 6.06 | अधिकतम 38° | न्यूनतम 28°

वर्ष 17, अंक 331 पृष्ठ 10

कोलकाता, गुरुवार, 8 मई 2025

बैशाख, शुक्लपक्ष, एकादशी, वि.सं. 2082

मूल्य: ₹ 3

निष्पक्ष, निडर एवं सशक्त राष्ट्रीय दैनिक

# युवा शक्ति

कोलकाता संस्करण

www.yuvashaktinews.com



# ऑपरेशन सिंदूर : पाकिस्तानी आतंकियों के 9 अड्डे तबाह

## 100 से ज्यादा आतंकी मारे गये ● दागी 24 मिसाइलें ● लगे सिर्फ 25 मिनट

### एकदम सटीक हमला, ये होना ही था : पीएम मोदी ■ स्कैल्प और हैमर जैसे आधुनिक मिसाइलों का हुआ इस्तेमाल ■ आतंकी मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य भी मारे गए

**नयी दिल्ली:** भारत ने बदला ले लिया. भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार की रात 1.05 बजे से 1.30 बजे के बीच ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के नौ ठिकानों पर मिसाइल से हमले किए, जिसमें लगभग 100 से ज्यादा आतंकियों के मारे जाने की खबर है. भारतीय सेना ने जिन 9 जगहों पर हमला किया, उनमें 4 पाकिस्तानी इलाके में और 5 पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में थे. इस हमले में सेना ने जैश के ठिकानों को टारगेट किया. मंगलवार की रात 1 बजकर 5 मिनट पर शुरू हुआ 'ऑपरेशन सिंदूर' महज 25 मिनट में ऐसा कहर बनकर टूटा कि पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकवादी ठिकाने खाक हो गए. सरकारी सूत्रों के मुताबिक, इस जबरदस्त एयरस्ट्राइक में कम से कम 100 आतंकियों की मौत हुई है. भारत ने स्कैल्प और हैमर जैसे आधुनिक मिसाइलों का इस्तेमाल करते हुए 24 हमलों में बहावलपुर, मुरिदके, सियालकोट और कोटली जैसे ठिकानों को निशाना बनाया, जो जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों के गढ़ माने जाते हैं.

भारत द्वारा पाकिस्तान के 9 स्थानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की. इस दौरान पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्रियों को ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी. बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कैबिनेट को बताया कि ऑपरेशन बिल्कुल योजना के अनुसार ही किया गया और इसमें किसी भी तरह की कोई गलती नहीं हुई. पीएम राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मु से मुलाकात कर उन्हें हमले के बारे में बताया. बैठक के दौरान पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि सेना ने पहले से की गई विस्तृत तैयारियों का सख्ती से पालन करते हुए अत्यंत सटीकता के साथ मिशन को अंजाम दिया. पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को अंजाम देने के बाद बुधवार सुबह साढ़े दस बजे भारतीय सेना की दो महिला अफसरों सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी तथा वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ प्रेस कांफ्रेंस में ऑपरेशन सिंदूर का पूरा ब्यौरा साझा किया.

कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में रात 1.05 बजे से 1.30 बजे के बीच लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मुहम्मद के मुख्यालयों समेत भारत में आंतकवाद फैलाने में शामिल अन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया. विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि इस ऑपरेशन में सटीक क्षमता और विशिष्ट प्रौद्योगिकी हथियारों के युद्धक हथियारों का सावधानीपूर्वक चयन किया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कार्रवाई पूरी तरह तय लक्ष्य पर ही हो. सभी नौ लक्ष्यों में विशिष्ट इमारत या इमारतों का समूह शामिल था और इन्हें पूरी तरह भेदते हुए ध्वस्त या निष्प्रभावी कर दिया गया. इस दौरान किसी भी सैन्य या असैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया और भारत ने अपनी प्रतिक्रिया में काफी संयम दिखाया है. बौखलाए पाकिस्तान की भारत को दी गई युद्ध की धमकी का किसी तरह उल्लेख किए बिना विंग कमांडर सिंह ने कहा कि अगर वर्तमान स्थिति को बढ़ाने की अगर कोई कोशिश हुई तो भारतीय सेनाएं ऐसे किसी दुस्साहस का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं.

बहावलपुर के पास एनएच-5 के किनारे फैले लगभग 15 एकड़ के इलाके में जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय मौजूद था, जिसे इस हमले में पूरी तरह तबाह कर दिया गया. हालांकि भारत सरकार या सेना की ओर से आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन पाकिस्तान ने इस हमले में 26 मौतों की पुष्टि की है, जिनमें 2 बच्चे, 7 महिलाएं और 4 पुरुष शामिल हैं. मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इस ऑपरेशन में जैश के मुखिया मौलाना मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य भी मारे गए हैं. मुरिदके, जो लश्कर का अड्डा है और जहां मुंबई हमलों का मास्टरमाइंड हाफिज सईद रहता था, वहां भी हमला किया गया. 'ऑपरेशन सिंदूर' ने आतंक के ठिकानों को निशाना बनाकर एक बार फिर दिखा दिया कि भारत आतंकवाद पर चुप नहीं बैठने वाला, अब जवाब सीधे और सटीक होता है. पहलगाम आतंकी हमले की जवाबी कार्रवाई में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देते हुए पाकिस्तान के पंजाब इलाके में करीब 100 किलोमीटर अंदर घुसकर तथा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओजेके) में मिसाइल से हमला करते हुए नौ आतंकवादी ठिकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया. भारतीय सेना और वायुसेना ने इस जबरदस्त सटीक संयुक्त ऑपरेशन में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालयों पर धावा बोलकर उन्हें ध्वस्त किया, जिन्हें पाकिस्तान के सबसे बड़े आतंकी सरगना हाफिज सईद और मसूद अजहर का अभेद्य किला माना जाता था. इस सैन्य ऑपरेशन के लिए इस्तेमाल हथियारों तथा मिसाइलों का आधिकारिक ब्यौरा साझा नहीं कया गया है, मगर बताया जाता है कि स्कैल्प डीप-स्ट्राइक क्रूज मिसाइलें, हैमर स्मार्ट हथियार प्रणाली, निर्देशित बम किट और एक्सकैलिबर गोला-बारूद दागने वाले एम-777 हॉवित्जर जैसे हथियार इसमें शामिल थे. अचानक हतप्रभ करने वाली भारत की जवाबी सैन्य कार्रवाई में दर्जनों आतंकियों और उनके करीबियों के मारे जाने की पुष्टि खुद पाकिस्तान ने की है. भारत की यह सैन्य कार्रवाई बेशक ऊरी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक तथा पुलवामा हमले के बाद बालाकोट एयर स्ट्राइक की तुलना में सामरिक रूप से कहीं ज्यादा इसलिए बड़ी है कि पाकिस्तान को यह साफ संदेश है कि आतंकवाद का पाकिस्तान का घिनौना खेल भारत किसी रूप में अब बर्दाश्त नहीं करने वाला.



### रक्षा मंत्री ने दिया हनुमान जी का उदाहरण, कहा

## हमने उन्हीं को मारा जिन्होंने मासूमों को मारा



**नयी दिल्ली:** ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई को लेकर राजनाथ सिंह ने कहा, सेना को संपूर्ण संबल प्रदान करने के लिए वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साधुवाद देते हैं. उन्होंने कहा, हमने हनुमान जी के उस आदर्श का पालन किया है, जो उन्होंने अशोक वाटिका उजाड़ते समय किया था. राजनाथ सिंह ने रामचरित मानस की बहुचर्चित चौपाई-'जिन मोहि मारा, तिन मोहि मारे' का भी उल्लेख किया. उन्होंने कहा हमने केवल उन लोगों को ही मारा जिन्होंने हमारे निर्दोष लोगों को मारा.

## सीएम ममता ने कहा : जय हिंद, जय इंडिया



पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत हुई सैन्य कार्रवाई पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की प्रतिक्रिया आई है. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' अपनी प्रतिक्रिया दी . ममता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, जय हिंद! जय इंडिया! मुख्यमंत्री का यह संदेश आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई के बाद आया. ममता बनर्जी ने पहले भी स्पष्ट किया था कि तृणमूल कांग्रेस भारतीय जमीन पर हुए आतंकवादी हमलों के खिलाफ केंद्र सरकार की कार्रवाई में उसके साथ खड़ी रहेगी.

### आतंकी मसूद अजहर ने रोते हुए कहा

## मैं भी मर जाता तो अच्छा होता



**बहावलपुर:** जैश ए मोहम्मद के चीफ मौलाना मसूद अजहर ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि बहावलपुर में सुभानअल्लाह जामा मस्जिद पर हुए हमले में उसके परिवार व दोस्तों की मौत हो गई है. इस हमले में मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्यों और उसके गुट के चार आतंकियों सहित उसके 14 करीबी लोगों की मौत हुई है. इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, अजहर ने बुधवार सुबह एक बयान जारी कर अपने परिवार के सदस्यों के मारे जाने की जानकारी दी. मिसाइल हमले में मरने वालों में अजहर की बड़ी बहन और उसका पति, अजहर का भतीजा और उसकी पत्नी, एक भतीजी और उसके परिवार के पांच बच्चे शामिल हैं. इसके अलावा जैश से जुड़े अजहर के चार करीबी आतंकियों की भी मौत हुई है. मसूद ने परिवार के लोगों की मौत पर रोते हुए कहा कि अगर वह भी मर जाता तो अच्छा रहता. पाकिस्तान मीडिया में बताया गया है कि बहावलपुर के मसूद अजहर के मदरसे मरकज सुभानअल्लाह पर चार मिसाइलें दागी गई हैं. इससे ये पूरा परिसर तबाह हो गया. यह परिसर जैश-ए-मोहम्मद के ऑपरेशनल हेडक्कार्टर के तौर के रूप में काम करता है. बहावलपुर का ये मदरसा परिसर बीते तीन दशक से आतंकियों के ट्रेनिंग कैंप रहा है. इस मदरसे में 600 से ज्यादा युवाओं को आतंक की ट्रेनिंग दिए जाने का दावा किया जाता है. मसूद अजहर और आतंकी सगरना खुद यहां आकर उन्माद फैलाने वाले भाषण देते रहे हैं. ऐसे में भारत की मिसाइलों के निशाने पर ये परिसर था.

## पाक सेना की गोलीबारी में पुंछ में 12 नागरिकों की मौत

**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास पाकिस्तानी सेना ने रातभर दर्जनों अग्रिम गांवों पर गोलाबारी की, जिसमें एक महिला और दो बच्चों समेत 12 लोगों की मौत हो गई और करीब 50 लोग घायल हो गए हैं. सभी सात मौतें पुंछ में हुई हैं, गोलीबारी में सबसे ज्यादा प्रभावित पुंछ ही हुआ है. पाकिस्तानी सेना ने पुंछ, राजौरी और उरी में गोलीबारी की है. गोलीबारी में घरों को भी नुकसान पहुंचा है. कई वाहन जल गए हैं. पाकिस्तानी सेना ने उत्तरी कश्मीर के तंगधार में नियंत्रण रेखा के पास आम कश्मीरी नागरिकों को निशाना बनाया है. तोपखाने की गोलाबारी में एक कश्मीरी नागरिक का पूरा घर जलकर खाक हो गया. रक्षा सूत्रों ने बुधवार को बताया कि पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर भारत द्वारा मिसाइल हमले किए जाने के बाद पाकिस्तानी सेना ने संघर्ष विराम का उल्लंघन किया. इस पर भारतीय सेना भी जवाबी कार्रवाई की है. सूत्रों ने बताया कि छह और सात मई की रात में पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौकियों से जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में भारी गोलीबारी की है. तंगधार में नियंत्रण रेखा के पास मनमाने तरीके से गोलीबारी की. पाकिस्तान की ओर से पुंछ में की गई अंधाधुंध गोलीबारी में दस नागरिकों की जान चली गई. जबकि 50 से अधिक घायल हो गए हैं. अधिकारियों ने बताया कि पुंछ में गोलीबारी में मारे गए नागरिकों में महिला भी शामिल है.

## आतंकवाद के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति का प्रमाण : शाह

### भारत ने राष्ट्रसंघ के स्थायी-अस्थायी सदस्यों को हमले की जानकारी दी

### आज संसद में सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली:** भारत ने राष्ट्रसंघ के स्थायी-अस्थायी सदस्यों को हमले की जानकारी दी और गुरुवार को संसद में सर्वदलीय बैठक बुलाई गयी है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर उन लोगों को भारत की ओर से करारा जवाब है, जो हमारी सीमाओं, सेना और नागरिकों को चुनौती देने की हिम्मत करते हैं. शाह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर पूरी दुनिया के लिए आतंकवाद के खिलाफ नरेंद्र मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति का प्रमाण है. गृह मंत्रालय के मुताबिक, शाह की ओर से बुलाई गई बैठक में पाकिस्तान और नेपाल की सीमा से लगे सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने पीएम मोदी और सशस्त्र बलों की बधाई दी. ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी ऑपरेशन सिंदूर को लेकर प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा, 'किसी भी देश को अन्य देश से नियंत्रित आतंकवादी हमलों को स्वीकार नहीं करना चाहिए. भारत ने आतंकवाद के बुनियादी ढांचे पर जो हमला किया है वह उचित है. आतंकवादियों को कोई छूट नहीं दी जा सकती. ऑपरेशन सिंदूर पर यूके के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनाव एक गंभीर चिंता का विषय है.

### 'ऑपरेशन सिंदूर' से पाकिस्तान की निकली हेकड़ी

## हिंदुस्तान ने सिर्फ हमला नहीं किया, मजाक भी उड़ाया : पीएम शहबाज



**इस्लामाबाद :** भारत की ओर से आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' ने पाकिस्तान की सार हेकड़ी निकाल दी है. पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारत की ओर से की गई स्ट्राइक के बाद पड़ोसी मुल्क की अक्ल ठिकाने आ गई है. उनके रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को कहा कि अगर भारत तनाव कम करता है तो पाकिस्तान भी ऐसा करने के लिए तैयार है. उनकी टिप्पणी भारत की ओर से पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई के कुछ घंटों बाद आई है. ब्लूमबर्ग टेलीविजन ने आसिफ के हवाले से बताया कि पाकिस्तान केवल तभी जवाब देगा, जब उस पर हमला होगा. उन्होंने कहा, 'हम पिछले पखवाड़े से लगातार कह रहे हैं कि हम भारत के खिलाफ कभी भी कोई शत्रुतापूर्ण कार्रवाई नहीं करेंगे, लेकिन अगर हम पर हमला होता है तो हम जवाब देंगे. अगर भारत पीछे हटता है तो हम निश्चित रूप से इस तनाव को कम करेंगे.' बातचीत की संभावना के बारे में उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसी किसी संभावित बातचीत के बारे में जानकारी नहीं है. इससे पहले पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि भारत के मिसाइल हमलों में कम से कम 26 लोग मारे गए और 46 घायल हुए. हालांकि, भारत ने साफ किया है कि उसने सिर्फ आतंक के ठिकानों को ही निशाना बनाया है.

इस बीच पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संसद में बोले. उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान ने सिर्फ हम पर हमला ही नहीं किया बल्कि मजाक भी उड़ाया. हिंदुस्तान के 80 जहाजों ने हमला किया. जिस तरह से ये हमला किया है, उसे याद रखा जाएगा. दुनिया के तमाम देशों से मेरी बात हुई. मैंने दुनिया को बताया कि पहलगाम हमले से पाकिस्तान का कोई लेना-देना नहीं है.

## इडेन में आईपीएल मैच के बीच बम ब्लास्ट की धमकी

### पुलिस को कहीं कोई बम नहीं मिला

**कोलकाता:** इंडियन प्रीमियर लीग का 57वां मैच आज कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच ईडन गार्डन्स के मैदान पर खेला गया. इसी बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में केकेआर और सीएसके के बीच चल रहे आईपीएल मैच के दौरान एक बड़ी धमकी ने हड़कंप मचा दिया. क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) की आधिकारिक ईमेल आईडी पर खेल शुरू होने से कुछ ही मिनट पहले एक अनजान ईमेल अकाउंट से बम धमाके की धमकी वाला मेल मिला. इस धमकी के बाद कोलकाता पुलिस तुरंत हरकत में आ गई. मौके पर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां जांच में जुटीं. ईडन गार्डन्स स्टेडियम में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गये और पूरे स्टेडियम परिसर को हाई अलर्ट पर रखा गया. मैच के दौरान यह धमकी मिलने से दर्शकों और आयोजकों में हलचल देखी गयी. हालांकि यह मेल सिर्फ डराने की कार्रवाई निकला.

युवा शक्ति अखबार मिलने में यदि कोई कठिनाई हो रही हो तो अविलंब इस नंबर पर संपर्क करें : 9831572125, 6290628072

## 200 से अधिक उड़ानें रद्द, 18 हवाईअड्डे अस्थायी रूप से बंद

नई दिल्ली/मुंबई. भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाबी कार्रवाई के तौर पर 6-7 मई की रात पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर जोरदार हमला किया और उसे नेस्तनाबूद कर दिया. इसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है. इसके चलते उत्तरी और पश्चिमी भारत के कम से कम 18 एयरपोर्ट्स को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है. इन बंद एयरपोर्ट्स में श्रीनगर, जम्मू, लेह, अमृतसर, पठानकोट, चंडीगढ़, जोधपुर, जैसलमेर, शिमला, धर्मशाला और जामनगर शामिल हैं. ऑपरेशन सिंदूर के बाद फ्लाइट ऑपरेशन्स पर भारी असर पड़ा है. अब तक 200 से ज्यादा उड़ानें रद्द हो चुकी हैं. अकेले इंडिगो ने लगभग 165 फ्लाइट कैंसिल की हैं. दिल्ली एयरपोर्ट से भी 35 से ज्यादा फ्लाइट्स (23 डिपार्चर, 8 अराइवल और 4 इंटरनेशनल फ्लाइट्स) रद्द कर दी गई हैं.

मौजूदा हालात को देखते हुए इंडिगो एयरलाइन ने मंगलवार को श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, धर्मशाला, बीकानेर और जोधपुर के लिए सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं. इसकी जानकारी देते हुए एयरलाइन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि देशभर में उड़ानों के शेड्यूल में बदलाव हो सकता है. साथ ही इंडिगो ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे एयरपोर्ट जाने से पहले अपनी फ्लाइट की स्थिति जरूर जांच लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके. बता दें कि कुल मिलाकर इंडिगो ने 165 फ्लाइट कैंसिल की है. उड़ान रद्द होने के बाद कई एयरलाइंस ने बयान जारी कर अपना-अपना स्पष्टिकरण दिया. एयर इंडिया ने सोशल मीडिया पर लिखा कि एयर इंडिया ने जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट की उड़ानें 10 मई सुबह 5:29 बजे तक रद्द कर दी हैं. यात्रियों को टिकट रद्द कराने या री-शेड्यूल करने पर शुल्क नहीं देना होगा. वहीं स्पाइसजेट ने अपना बयान जारी कर कहा कि इंडिगो, अकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी कई फ्लाइट्स कैंसिल की हैं और यात्रियों को फुल रिफंड या वैकल्पिक उड़ान का विकल्प देने की बात कही है. जबकि कतर एयरवेज ने पाकिस्तानी एयरस्पेस बंद होने के कारण पाकिस्तान के लिए उड़ानें अस्थायी रूप से रोक दी हैं.

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद देशभर में अलर्ट





## 405 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार




**सिलीगुड़ी :** असम से मालदा में तस्करी से पहले 405 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार युवक का नाम अनूप भट्टाचार्य है. वह असम का निवासी है. बुधवार को गुवाहाटी से आ रही एक ट्रेन की तलाशी के दौरान युवक के बैग से ब्राउन शुगर बरामद हुआ है.सूत्रों के अनुसार, न्यू जलपाईगुड़ी जीआरपी व एसओजी ने गुप्त सूचना के आधार पर गुवाहाटी से आ रही एक ट्रेन की गहन तलाशी ली. इस दौरान गुवाहाटी से मालदा जा रहे अनूप भट्टाचार्य को संदिग्ध पाए जाने पर उसकी बैग की तलाश लिया. युवक के बैग से 405 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ. जिसके बाद युवक को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ के दौरान युवक ने स्वीकार किया कि वह ब्राउन शुगर को असम से मालदा ले जा रहा था. गिरफ्तार व्यक्ति को युवक को गुरुवार को अदालत में पेश किया जाएगा.

## घर में नल है, पर जल नहीं आता, बड़ों शालमारी ग्राम पंचायत के निवासियों को हो रही है भरी परेशानी



**कूचबिहार :** हर घर में नल तो पहुंच गए हैं, लेकिन उन नलों से पानी की एक बूंद भी नहीं आती. सड़क पर लगे स्टैंड पोस्टों की हालत भी ऐसी ही है. और यही कारण है कि सड़क किनारे लगे पानी के स्टैंड पोस्ट अब गायों और बकरियों को बांधने का स्थान बन गए हैं. निवासियों और पंचायत के आश्वासन के बावजूद, इस भीषण गर्मी में उनके गले को राहत देने की एकमात्र उम्मीद लोहे से युक्त नल का पानी है. बड़ों शालमारी ग्राम पंचायत की छोटो झिला के छित मदनकुरा में पांच सौ से अधिक परिवार लगभग एक दशक से पानी की कमी से जूझ रहे हैं. लोगों को काफी परेशानी हो रही है, उनका कहना है कि जब वोट आता तो पंचायत सदस्यों और प्रधानों ने सिर्फ आश्वासन दिया जाता है. मतदान समाप्त होने के बाद उनकी न्यूनतम आवश्यकता भी पूरी नहीं हो पाती है .हालांकि, बड़ों शालमारी ग्राम पंचायत के प्रधान बिमल चंद्र रॉय ने पेयजल समस्या की बात स्वीकार की है. बिमल के मुताबिक बड़ों शालमारी ग्राम पंचायत में तीन प्रोजेक्टर का काम चल रहा है. ये हैं बत्रीगाच, मदनकुरा और शौलमारी.इनमें छोटाझीला और छिट मदनकुरा के कुछ इलाकों में पाइपलाइन से पानी नहीं आ रहा है. हालांकि, इस मुद्दे पर जिला शासक के साथ समीक्षा बैठक में भी चर्चा हुई. हालांकि, उन इलाकों तक पानी पहुंचाने के लिए एक और उच्च क्षमता वाला पंप लगाना होगा, तभी समस्या का समाधान हो सकेगा.दिनहाटा-1 ब्लॉक सामुदायिक विकास अधिकारी गंगा छेत्री ने कहा कि हमने मामले की जानकारी पीएचई को दे दी है. उन्होंने कहा कि काम अभी पूरा नहीं हुआ है और कुछ स्थानों पर पानी नहीं आ रहा है. हालाँकि, एक बार काम पूरा हो जाने पर कोई समस्या नहीं रहेगी.

## न्यूज कॉर्नर

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर उदयन गुहा ने जताई ख़ुशी

**कूचबिहार :** भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हमला कर उन्हें नष्ट कर दिया है तो इससे ज्यादा खुशी की कोई खबर नहीं है, उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा ने कल रात पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ स्थानों पर किए गए हवाई हमलों के लिए भारतीय सेना की प्रशंसा की. उन्होंने ने कहा कि भारतीय सैनिकों को सलाम. आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी. आतंकवादियों का नाश जरूरी है, मंत्री ने कहा कि भारतीय सेना ने जिस तरह से आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया है, उससे अधिक खुशी की कोई खबर नहीं है.

### ऑपरेशन सिंदूर की सफ़लता से झूमा देश, कूचबिहार में भाजपा समर्थकों ने मनाई खुशी

**कूचबिहार :** भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने पाकिस्तान को जवाब दिया. भारतीय सेना की इस सफलता से पूरा देश उत्साहित है. भाजपा ने पूरे देश के साथ कूचबिहार में पटाखे फोड़कर और अबीर खेलकर जश्न मनाया.

### ओल्ड मालदा के निजी स्कूल में हुई मॉक ड्रिल

**मालदा :** पहलगाव आतंकवादी हमले के बाद भारत ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और अधिकृत कश्मीर के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की. ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के संयुक्त अभियान ने पाकिस्तान और अधिकृत कश्मीर में स्थित कई आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया है.इस बीच, युद्ध जैसे माहौल में केंद्र सरकार के आदेश पर आज देशभर में मॉक ड्रिल (गृह युद्ध) अभ्यास होने जा रहा है. बुधवार की सुबह ओल्ड मालदा के एक निजी स्कूल में ऐसे ही युद्ध अभ्यास की तस्वीरें देखने को मिलीं. बिप्लब झा नामक एक पूर्व सेना सैनिक ने स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को युद्धकालीन परिस्थितियों के लिए तैयारी करने के बारे में सिखाया. इस शिक्षण में अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने भी सहायता की. उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ मॉक ड्रिल भी की. जब युद्ध छिड़ जाता है और हवाई हमले के सायरन बजने लगते हैं, तो उस समय आम लोगों को क्या करना चाहिए? उन्होंने सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया कि दुश्मन के हमलों से खुद को कैसे बचाया जाए और सुरक्षित स्थानों पर कैसे रहा जाए.

### भूमि अधिग्रहण से पहले मुआवजे की मांग को लेकर भू-स्वामियों ने प्रशासन से लगाई गुहार

**मालदा :** नदी के कटाव को रोकने के लिए भूमि अधिग्रहण की आशंका को लेकर भू-स्वामियों ने प्रशासन से संपर्क किया है. भूस्वामियों की मांग है कि जब तक उन्हें मुआवजा नहीं दिया जाता, उनके भूमि अधिग्रहण करने की अनुमति नहीं दी जाएगी. मानिकचक के गोपालपुर में सौ से अधिक जमीन के मालिकों ने मानिकचक ब्लॉक प्रशासन से मिलकर अपनी बात रखीं है. मानिकचक ब्लॉक में गोपालपुर ग्राम पंचायत का विशाल क्षेत्र नदी के कटाव से प्रभावित क्षेत्र है. राज्य सरकार ने कमालतीपुर से शांति मोड़ तक करीब 1,700 मीटर कटाव को रोकने की पहल की है. करोड़ों रूपये की धनराशि से नदी तट क्षेत्र में कार्य किया जाएगा. इसके लिए जमीन अधिग्रण किया जा रहा है. ऐसी गतिविधियों के बारे में पता चलने पर भू स्वामियों ने ब्लॉक प्रशासन से संपर्क किया है .उनकी शिकायत है कि हाल ही में नदी के कटाव के कारण उनका सबकुछ डूब गया है. उनकी मांग है कि प्रशासन जो भी जमीन उपलब्ध है, उसके लिए उचित मूल्य का भुगतान करे. उनकी भूमि पर कटाव रोकथाम कार्य किया जाएगा. जमीन मालिकों को यही डर है. इसलिए, यदि प्रशासन भूमि का अधिग्रहण करता है तो उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिलेगा . भूस्वामियों का कहना है कि यदि प्रशासन उचित मूल्य नहीं देगा तो वे काम जारी नहीं रहने देंगे.

# ऑपरेशन सिंदूर पर लोग खुश

## भारतीय सेना के एक्शन पर फोड़े पटाखे, बांटी मिठाइयाँ सिलीगुड़ी में मनाया जा रहा है जश्न

**सिलीगुड़ी :** ऑपरेशन सिंदूर ने देश के लोगों को गर्व से भर दिया है. जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा आम पर्यटकों को निशाना बनाए जाने के बाद पूरे देश में शोक और गुस्सा है. केंद्र नरेंद्र मोदी सरकार से कार्रवाई की मांग की गई. आतंकवाद के खिलाफ लगातार 15 दिनों तक प्रदर्शन चल रहे थे. बुधवार सुबह जब लोग जागे तो उन्हें पाकिस्तान में कार्रवाई की खबर मिली. इसके बाद लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई. देश के अन्य हिस्सों के साथ सिलीगुड़ी के लोगों ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर खुशी जताई है.सिलीगुड़ी की सड़कों पर एक के बाद एक चॉकलेट




बम फूटे. पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद का नारे लग रहे हैं.बंगाली हिंदू महामंच ने पाकिस्तान में आतंकवादी शिविरों के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई पर खुशी जताई. हिंदू महामंच के सदस्य सिलीगुड़ी हिलकार्ट रोड स्थित सफदर हाशमी चौक पर एकत्र हुए.पटाखे फोड़कर जश्न मनाया गया. किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन तैयार था.हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर उन्होंने भारत माता की जय के नारे लगाए और लड्डू बांटे. सिलीगुड़ी में विजय उल्लास की एक तस्वीर हिलकार्ट रोड पर दिखी. भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर एक्शन को लेकर लोगों में खुशी की लहर देखी जा रही है. लोग इस कार्य का जश्न मनाने के लिए पटाखे फोड़ते हैं. ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपना उत्साह दिखाया.

## 200 किलोग्राम गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी :** प्रधान नगर थाने की पुलिस ने भुट्टा की आड़ में गांजा तस्करी का भड़ाफोड़ किया है. पुलिस ने मंगलवार देर रात अभियान चलाकर गुरुंगबस्ती मोड़ से एक भुट्टा लदी ट्रक से 200 किलोग्राम गांजा जब्त की है. इस मामले में चालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है. जिनके नाम चालक रबीन कोयाल और सहचालक कल्याण भुइयां है. दोनों आरोपित दक्षिण 24 परगना जिले के निवासी हैं. जब्त गांजे की अनुमानित बाजार मूल्य चार लाख रुपये बताई जा रही है.पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर देर रात गुरुंगबस्ती मोड़ में नाका चेकिंग अभियान चलाकर भुट्टा की आड़ में गांजा तस्करी की योजना विफल किया गया है. आरोपित गांजा को कूचबिहार के तूफानगंज से सिलीगुड़ी को कॉरिडोर बनाकर दक्षिण 24 परगना के बशीरहाट ले जाया जा रहा था. आरोपितों को विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज की.

## गांव की कोयल ने बचाई जलपाईगुड़ी जिले की लाज, उच्चतर माध्यमिक में हासिल किया सांतवा स्थान

**जलपाईगुड़ी :** पश्चिम बंगाल उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने आज 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 के परिणाम जारी कर दिए हैं. यह परीक्षा 3 मार्च से 18 मार्च तक राज्य भर के 2000 से अधिक केंद्रों पर आयोजित की गई थी.

जलपाईगुड़ी जिले में तीस्ता नदी के तट पर स्थित एक ग्रामीण स्कूल की छत्रा कोयल गोस्वामी ने आधुनिक शहर को पीछे छोड़ते हुए राज्य में 7वां स्थान प्राप्त कर जिले की प्रतिष्ठा बचा ली है .

कोयल गोस्वामी ने गांव के एक ओर से बहने वाली तीस्ता नदी की धारा के विपरीत तैरकर खुद को तैयार किया था. गांव के बाजार में पान बेचने वाले उनके पिता ने उन्हें हजारों प्रतिकूलताओं के बावजूद अपने लक्ष्य तक पहुंचने का मंत्र दिया था और कचुआ बोआल मारी हाई स्कूल के सभी शिक्षकों ने उनकी हर संभव मद्दे की .परिणामस्वरूप, उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में राज्य में 7वां स्थान प्राप्त करने वाली कोयल गोस्वामी ने आज जलपाईगुड़ी जिले



की लाज बचा ली.

अपनी उपलब्धि के बारे में बात करते हुए कोयल कहती हैं, आज की सफलता इन तीन शक्तियों की ताकत के कारण है: माता, पिता और स्कूल के शिक्षक.

एक पिता के तौर पर अपनी बेटी की सफलता के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, आज बहुत खुशी का दिन है. बेटी बिना किसी खास मेहनत के इस मुकाम पर पहुंची है और उसने गांव और जिले का नाम रोशन किया है.

उन्होंने कहा, हमें समझना होगा कि ऐसी स्थिति से इस मुकाम तक पहुंचने का क्या मतलब है,

उनकी प्रतिभा और एकता की शक्ति क्या है. हम चाहते हैं कि हर कोई उनके आगे बढ़ने के रास्ते में मदद का हाथ बढ़ाए.

## भाजपा विधायक अजय पोद्दार ने लिफ्ट का विधिवत उद्घाटन किया

**कुल्टी :** बराकर रेलवे स्टेशन में यात्रियों की वर्षों पुरानी मांग बुधवार को पूरी हुई, कुल्टी भाजपा के विधायक डाक्टर अजय पोद्दार ने नारियल फोड़ कर फीता काटकर बराकर स्टेशन के दोनों ओर लगी लिफ्ट का विधिवत उद्घाटन किया, इस दौरान पुरोहित द्वारा पूजा अर्चना कर लिफ्ट प्रारंभ किया गया,इस दौरान बराकर के सभी समाज एवं सामाजिक,धार्मिक संस्थाएं के साथ आम जन मानस शामिल हुए, लिफ्ट के उद्घाटन के अवसर पर भाजपा कुल्टी के विधायक डॉ अजय पोद्दार ने कहा कि बराकर रेलवे स्टेशन के वर्षों पुराने सीढ़ी के जर्जर होने के बाद नई सीढ़ियों ओर चलन पुल का निर्माण किया गया था, जिस चलन पुल की सीढ़ियों की अवस्था इतनी खराब थी, कि बुजुर्ग ओर दिव्यांग जानो को चढ़ने ओर उतरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था,जिसको लेकर स्थानीय बुजुर्गो और दिव्यागजनों की असुविधा को लेकर विधायक ने रेल मंत्रालय से इस पर विचार करने को लेकर रेल मंत्री से गुहार लगाई, जिसके बाद बुधवार को इसका विधिवत शुभारंभ किया गया,लिफ्ट के लगने से बराकर स्टेशन में आने जाने वाले आम नागरिकों ने रेल मंत्रालय ओर स्थानीय विधायक को असंख्य धन्यवाद दिया, इस



कार्यक्रम में एसएस ई,जी ,आइसी इंचार्ज आसनसोल निर्मल सेन, बराकर एस एम मदन गोपाल केशरी, एस एस सी बराकर पी सिन्हा सीनियर टेक बराकर राजेश रवानी ,पापन कुमार, संजय पासवान, ने विधायक को फूलों का गुलदस्ता प्रदान कर स्वागत किया,वही कार्यक्रम में ,बराकर चेंबर ऑफ कॉमर्श के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल , बैगुनिया चौबार के अध्यक्ष शंकर शर्मा, पूर्व नपा अध्यक्ष मधुरकांत शर्मा,ग्रीन प्वाइंट स्कूल के संचालक डाक्टर आर बी शर्मा, कैलाश अग्रवाल, मारवाड़ी पंचायती मंदिर के अध्यक्ष पप्पू चौधरी सचिव अंकुर गोपालका, उद्योगपति महेश सर्फ, सुशील अग्रवाल, प्रकाश चौधरी, राघव पांडे, हृषिकेश शर्मा, रमेश जैन, बाबू कर,राजा भगत, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष संगीत अग्रवाल, सखी क्लब बराकर की अध्यक्ष निर्मला अग्रवाल,वीएचपी कुल्टी ब्लॉक अध्यक्ष पिंटू प्रियदर्शिनी, आरएसएस के वरिष्ठ विजय कृष्ण खेमानी,को मंच पर पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा आसनसोल जिला के उपाध्यक्ष केशव पोद्दार उपाध्यक्ष मंडल एक के अध्यक्ष संजू घोष मंडल दो मनमोहन राय मंडल तीन अमर प्रसाद मंडल चार के सुनील भर, मुख्य रूप से शामिल रहे. कार्यक्रम को सफल बनाने में राजू यादव, आदित्य नारायण शर्मा, सोनू चौरसिया, राजा खान, प्रेमदेव दास,सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता आम जन शामिल थे.

## उच्च माध्यमिक का परिणाम घोषित, 488 अंकों के साथ फांसीदेवा की मौसमी ने हासिल किया 10वां स्थान

**सिलीगुड़ी :** पश्चिम बंगाल उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 12 वीं यानि उच्च माध्यमिक का परिणाम 2025 घोषित कर दिया है है. इस वर्ष 12वीं में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 90.79% रहा. पश्चिम बंगाल कक्षा 12वीं के परिणाम में 72 छात्र टॉप 10 में जगह बनाने में सफल रहे हैं. यहां 44 हजार से अधिक छात्र हैं जिनकी संख्या 80 प्रतिशत से अधिक है. इस बार पश्चिम बंगाल बारहवीं के रिजल्ट में 7309 छात्रों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक मिले हैं. इनमें से 3832 लड़कियां हैं, जबकि लड़कों की संख्या 3477 है.दार्जिलिंग जिले के फांसीदेवा ब्लॉक के मुरलीगंज हाई स्कूल की छात्रा मौसमी ने 488 अंक हासिल कर मेरिट सूची में 10वां स्थान हासिल किया है. मौसमी के पिता का नाम गोकुल पाल और माता का नाम अंजना पाल है.पिताजी बैटरी का व्यवसाय कैसे करते हैं. माँ गृहणी है? मौसमी का घर फांस देवा भूरियाखाली में हैं

## सिलीगुड़ी में आईएएफ के चेतक हेलिकॉप्टर की एहतियातन खेत में लैंडिंग, लोगों में फैली अफवाह

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के उत्तर हिस्से में स्थित सिलीगुड़ी के पास मंगलवार को भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के चेतक हेलिकॉप्टर की एक खेत में एहतियातन लैंडिंग की घटना से स्थानीय लोगों में असमंजस और तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई. हालांकि अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह एक एहतियातन कदम था और इसमें किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई.घटना दाबग्राम-द्वितीय ब्लॉक के ठाकुरनगर इलाके में हुई, जहां हेलिकॉप्टर ने सलुगाड़ा सैन्य अड्डे से उड़ान भरी थी और एक नियमित गश्ती मिशन पर था. यह मिशन क्षेत्र से होकर गुजर रही इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की भूमिगत पाइपलाइन की निगरानी के लिए था, जो सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है.एक अधिकारी ने जानकारी दी कि जब हेलिकॉप्टर वापस बेस की ओर लौट रहा था, तब पायलटों ने कॉकपिट में एक चेतावनी संकेत देखा. इसके बाद



उन्होंने एहतियातन एक खाली खेत में लैंडिंग करने का निर्णय लिया. हेलिकॉप्टर को नीचे उतरते देख स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और कुछ को यह आशंका हुई कि यह हेलिकॉप्टर सीमा पार से आया है. हालांकि, किसी ने हेलिकॉप्टर के पास जाने की कोशिश नहीं की और समय रहते पुलिस को सूचना दे दी गई.सलुगाड़ा और बागडोगरा स्थित वायुसेना अड्डों से तुरंत टीमें मौके पर पहुंचीं. पुलिस ने स्थानीय लोगों को स्थिति समझाई और भीड़ को शांतिपूर्वक हटाया. इसके बाद भारतीय वायुसेना के तकनीकी विशेषज्ञों ने हेलिकॉप्टर की जांच की और उसे सुरक्षित उड़ान के लिए उपयुक्त घोषित किया. इसके बाद हेलिकॉप्टर को सलुगाड़ा सैन्य अड्डे पर वापस भेज दिया गया.वायुसेना के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह आपातकालीन लैंडिंग नहीं थी, बल्कि एक नियमित एहतियाती कदम था, जो तकनीकी सावधानी के तहत उठाया गया था. हेलिकॉप्टर या किसी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा. उन्होंने यह भी बताया कि इस तरह की एहतियातन लैंडिंग समय-समय पर होती रहती हैं, और मंगलवार की घटना में किसी प्रकार की अफवाह या दहशत की कोई आवश्यकता नहीं है.

उल्लेखनीय है कि यह घटना ऐसे समय हुई है जब पूरे देश में 22 अप्रैल को पहलगाम के बैसारन मैदानों में हुए 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या के बाद भारत-पाक संघर्ष की आशंका को लेकर सैन्य अभ्यास की तैयारी चल रही है.

बुधवार को पश्चिम बंगाल में 30 स्थानों पर अभ्यास आयोजित किए जाने हैं, जिनमें सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर भी शामिल है, जिसे 'चिकन नेक' के नाम से जाना जाता है और जो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को शेष भारत से जोड़ता है.

## रेलवे न्यूज

### बी.आर. सिंह अस्पताल में मनाया गया विश्व अस्थमा दिवस



**कोलकाता :** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सियालदह डिवीजन के तत्वावधान में पूर्व रेलवे के बी.आर. सिंह अस्पताल में विश्व अस्थमा दिवस मनाया गया. इस कार्यक्रम में बी.आर. सिंह अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. सुभाशीष दास और सियालदह की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कल्पना मंडल की उपस्थिति रही.कार्यक्रम का उद्घाटन सियालदह के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मंदिरा बनर्जी ने किया, जिन्होंने इस वर्ष की थीम: सांस द्वारा उपचार को सभी के लिए सुलभ बनाएं पर एक ज्ञानवर्धक भाषण दिया. बी.आर. सिंह अस्पताल के अतिरिक्त मुख्य स्वास्थ्य निदेशक (पल्मोनोलॉजी) डॉ. अंगिरा दासगुप्ता ने अस्थमा के उपचार में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न इनहेलेशन उपकरणों का प्रदर्शन किया औरउनके सही उपयोग के बारे में बताया. उन्होंने संदेहों को दूर करने और जागरूकता बढ़ाने के लिए दर्शकों से बातचीत भी की.बी.आर. सिंह अस्पताल की मुख्य सलाहकार (फिजिशियन) डॉ. सरबानी सेनगुप्ता ने वयस्कों में अस्थमा के प्रबंधन और इनहेलर-आधारित थेरेपी के महत्व पर विस्तार से बताया, जबकि डॉ. चैताली पात्रा, सीनियर डीएमओ (बाल रोग) ने बचपन में होने वाले अस्थमा पर चर्चा की और माता-पिता की काउंसलिंग और उपचार के पालन की भूमिका पर जोर दिया. इस कार्यक्रम के हिस्से के रूप में एक स्पाइरोमेट्री शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें 20 लाभार्थियों ने अपने श्वसन स्वास्थ्य का आकलन करने के लिए फेफड़ों के कार्य परीक्षण से गुज़रा. युवा चिकित्सा पेशेवरों के बीच जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए, डॉ. अंगिरा दासगुप्ता द्वारा तैयार किए गए रेजिडेंट डॉक्टरों के लिए एक मेडिकल क्विज़ आयोजित किया गया, जिसमें अस्थमा से संबंधित ज्ञान और नैदानिक देखभाल में सर्वोत्तम प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया. यह कार्यक्रम एक शानदार सफलता थी और इसने अस्थमा के बारे में जागरूकता, प्रबंधन और इस स्थिति से जुड़े कलंक के खिलाफ़ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया.

### लोकप्रिय मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में कोचों की संख्या में वृद्धि,1200 से अधिक बर्थ सृजित होंगी

**कोलकाता :** लोकप्रिय मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में विभिन्न प्रकार के कोचों की संख्या में वृद्धि की गयी है, जिसका उद्देश्य यात्रियों के समग्र यात्रा अनुभव को बेहतर बनाना है. तदनुसार, पूरे वर्ष टिकटों की अत्यधिक मांग के जवाब में, रेलवे ने आठ लोकप्रिय मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में अतिरिक्त सामान्य द्वितीयश्रेणी, स्लीपर श्रेणी और वातानुकूलित कोचों की संख्या में वृद्धि करने का निर्णय लिया है:12359/12360 कोलकाता-पटना जंक्शन-कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस में अतिरिक्त पांच (05) वातानुकूलित कोच जोड़े जाएंगे जो 08 मई से कोलकाता से रवाना होंगी और 09 मई से पटना जंक्शन से रवाना होंगी. अब यह ट्रेन 17 कोचों की जगह 22 कोचों के साथ चलेगी तथा इस ट्रेन के चलने से प्रत्येक ट्रिप में 400 अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध होंगी. 11 मई से कोलकाता से रवाना होने वाली तथा 12 मई से सीतामढ़ी से रवाना होने वाली 13155/13156 कोलकला-सीतामढ़ी-कोलकाता मिथिलांचल एक्सप्रेस में एक (01) वातानुकूलित तथा दो (02) स्लीपर क्लास कोच अतिरिक्त जोड़े जाएंगे. अब यह ट्रेन 21 कोचों की जगह 24 कोचों के साथ चलेगी तथा इस ट्रेन के चलने से प्रत्येक ट्रिप में 208 अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध होंगी.13157/13158 कोलकाता-मुजफ्फरपुर जंक्शन-कोलकाता तिरहुत एक्सप्रेस, जो 13 मई से कोलकाता से रवाना होगी और 14 मई से मुजफ्फरपुर से रवाना होगी, के साथ एक (01) वातानुकूलित और दो (02) स्लीपर क्लास कोचअतिरिक्त रूप से जोड़े जाएंगे. अब ट्रेन में 21 कोच की जगह 24 कोच होंगे और इस ट्रेन को चलाने से प्रत्येक ट्रिप में 208 अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध होंगी.13159/13160 कोलकला-जोगबनी-कोलकाता एक्सप्रेस जो 09 मई से कोलकाता से रवाना होगी और 10 मई से जोगबनी से रवाना होगी, के साथ एक (01) वातानुकूलित और दो (02) स्लीपर क्लास कोच अतिरिक्त रूप से जोड़े जाएंगे. अब इस ट्रेन में 21 कोच की जगह 24 कोच होंगे तथा इस ट्रेन के चलने से प्रत्येक ट्रिप में 208 अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध होंगी.13165/13166 कोलकाता-सीतामढ़ी-कोलकाता एक्सप्रेस में दिनांक 10 मई से कोलकाता से प्रस्थान करने वाली तथा दिनांक 11 मई से सीतामढ़ी से प्रस्थान करने वाली अतिरिक्त एक (01) वातानुकूलित तथा दो (02) स्लीपर श्रेणी कोच जोड़े जाएंगे. अब इस ट्रेन में 21 कोच की जगह 24 कोच होंगे तथा इस ट्रेन के चलने से प्रत्येक ट्रिप में 208 अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध होंगी.

## नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री का भांडाफोड़

**सिलीगुड़ी :** आबकारी विभाग ने सिलीगुड़ी के उत्तरायण टाउनशिप में चल रहे नकली विदेशी शराब बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड किया है. पुलिस अभियान के दौरान हजारों खाली बोतलों के साथ-साथ अलग-अलग ब्रांड के हजारों विदेशी नकली शराब भी जब्त किये गये है. इस मामले में एक महिला सहित तीन को हिरासत में लिया गया है.आबकारी अधिकारी सुजीत दास ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी की उत्तरायण टाउनशिप में नकली विदेशी शराब बनाने वाली फैक्ट्री चल रही है. जिसके बाद बुधवार सुबह सात बजे के करीब विश्वसनीय सूत्रों के आधार पर उत्तरायण टाउनशिप में उक्त बांगलो में अभियान चलाया गया. इस दौरान करोड़ों रुपये की नकली विदेशी शराब बरामद करने के साथ-साथ शराब बनाने वाले उपकरण भी बरामद किये गये. वही मौके से चार लग्जरी गाड़ियां, कई मशीनें, भारी मात्रा में स्प्रिट, शराब की बोतल, ढक्कन और कई नामी ब्रांडों के नकली लेबल बरामद हुए. इस मामले में जिन तीन लोगों को हिरासत में लिया गया वे बिहार के रहने वाले बताए गए हैं. आबकारी विभाग ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

## दार्जिलिंग घूमने आई पर्यटक की मौत




**सिलीगुड़ी :** अपने परिवार के सदस्यों के साथ दार्जिलिंग घूमने आई बरहमपुर जिले के कासिम बाजार के एक पर्यटक की मौत हो गई है. मृतक का नाम सौमिली मंडल (20) है.जानकारी के अनुसार, सौमिली अपने परिवार के साथ दार्जिलिंग घूमने आई थी. चार मई को दार्जिलिंग घूमने के दौरान अचानक सौमिली को उल्टियां होने लगी. जिसके बाद सौमिली की तबीयत बिगड़ गई. परिजनों ने सौमिली को स्थानीय डक्लिन अस्पताल में भर्ती कराया. जहां से सौमिली को इलाज के लिए सिलीगुड़ी के माटीगाड़ा गैर सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया. जहां इलाज के दौरान बुधवार को युवती की मौत हो गई. इस घटना से मृतक के परिवार में शोक की लहर है. बाद में माटीगाड़ा थाने की पुलिस ने युवती के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भेज दिया. माटीगाड़ा थाने की पुलिस युवती की मौत के कारण की जांच कर रही है.

## न्यूज कॉर्नर

### पुरी राजघराने के महाराज ने 'इस्कॉन' से दीघा मंदिर से 'जगन्नाथ धाम' नाम हटवाने का आग्रह किया

**भुवनेश्वर/कोलकाता:** पुरी राजघराने के महाराज दिव्यसिंह देब ने बुधवार को 'इस्कॉन' से आग्रह किया कि वह दीघा मंदिर ट्रस्ट बोर्ड को पश्चिम बंगाल के तटीय शहर में नव प्रतिष्ठित मंदिर से 'जगन्नाथ धाम' नाम हटाने के लिए राजी करे. इस्कॉन शासकीय निकाय आयोग, मायापुर के अध्यक्ष श्री गोवर्धन दास प्रभु को लिखे एक पत्र में गजपति महाराज ने कहा कि गोवर्धन पीठ (पुरी) के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज और ज्योतिष पीठ (जोशीमठ) के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने स्पष्ट रूप से घोषणा की है कि केवल 'पुरुषोत्तम-क्षेत्र' पुरी ही 'जगन्नाथ धाम' है और किसी अन्य मंदिर या स्थान को इस नाम से नहीं बुलाया जाना चाहिए. पुरी में भगवान जगन्नाथ के प्रथम सेवक देब ने कहा कि दीघा के जगन्नाथ मंदिर में अनुष्ठान करने में इस्कॉन की महत्वपूर्ण भूमिका है. उन्होंने कहा, दीघा जगन्नाथ मंदिर के ट्रस्ट बोर्ड में इस्कॉन के प्रतिनिधियों की भागीदारी को देखते हुए, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप अपने अधिकार का उपयोग करते हुए दीघा मंदिर ट्रस्ट बोर्ड को दीघा स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के संदर्भ में 'धाम' शब्द का प्रयोग करने से रोकने के लिए राजी करें.

### तीन शहर उड़ सकते थे विस्फोट से, नलहाटी में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में झारखंड सीमा से सटे नलहाटी इलाके में मंगलवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त की. अधिकारियों का कहना है कि अगर इन विस्फोटकों से एक साथ धमाका होता, तो सिउड़ी, रामपुरहाट और बोलपुर जैसे तीन शहरों को भारी नुकसान पहुंच सकता था. इस बरामदगी के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. बीरभूम जिला पुलिस की एनफोर्समेंट शाखा ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार शाम को झारखंड सीमा से सटे पासिनाला इलाके में छापेमारी की. यहां मैडोना प्राइमरी स्कूल के सामने स्थित दो गोदामों से बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई. यह स्थान नलहाटी थाने से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित है. पहले गोदाम की दीवार तोड़कर जब पुलिस अंदर दाखिल हुई, तो अधिकारियों की आंखें खुली की खुली रह गईं. वहां से 26 पैकेट जिलेटिन, तीन पैकेट डिटोनेटर और 31 पैकेट अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया गया. प्रत्येक जिलेटिन पैकेट में 200 स्टिक थीं, जबकि हर डिटोनेटर पैकेट में करीब एक हजार 500 डिटोनेटर थे. अमोनियम नाइट्रेट के हर पैकेट का वजन 50 किलोग्राम था. दूसरे गोदाम, जो पहले गोदाम से करीब 200 मीटर दूर था, वहां से 10 पैकेट जिलेटिन, एक पैकेट डिटोनेटर और 27 पैकेट अमोनियम नाइट्रेट जब्त किया गया. शुरुआती जांच में यह आशंका जताई गई है कि यह विस्फोटक बीरभूम, झारखंड और मुर्शिदाबाद जिलों में तस्करी के लिए रखा गया था. इस मामले में नलहाटी निवासी शाहे आलम उर्फ विक्की नाम के व्यक्ति पर शक जताया जा रहा है. आलम पर पहले भी विस्फोटक रखने के आरोप लग चुके हैं. जनवरी में रामपुरहाट थाना क्षेत्र से भी बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुआ था, जिसमें उसको गिरफ्तार किया गया था. एनफोर्समेंट विभाग के डीएसपी स्वप्न चक्रवर्ती ने बताया कि हमने दो अलग-अलग गोदामों से भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त किया है. गोदामों को सील कर दिया गया है और यह जांच की जा रही है कि इन्हें कौन चला रहा था. जिला पुलिस अधीक्षक अमनदीप ने भी पुष्टि की कि भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त किए गए हैं. वहीं, इस घटना के बाद भारतीय जनता पार्टी ने मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से करवाने की मांग की है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

## उच्च माध्यमिक में भी रहा लड़कों का बोलबाला, रूपायन पाल बनें टॉपर

### टॉप 10 के 72 प्रतिभाओं में हुगली के 14 विद्यार्थी



**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद (डब्ल्यूबीसीएचएसई) ने उच्च माध्यमिक यानी कक्षा 12 के परिणाम को आधिकारिक तौर पर घोषित कर दिया है. एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इसका ऐलान किया गया. इस वर्ष कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 90.79 फीसदी रहा, जो पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय उपलब्धि को दर्शाता है. परिषद के अध्यक्ष ने जानकारी दी कि 50 दिनों के भीतर परिणाम जारी करना एक बड़ी उपलब्धि है. इस वर्ष 'रेगुलर' श्रेणी में कुल चार लाख 73 हजार 919 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जिनमें से चार लाख 30 हजार 286 सफल हुए. कुल पास प्रतिशत 90.79 रहा, जो पिछले साल के 90 फीसदी से बेहतर है. लड़कों का पास प्रतिशत 92.3 जबकि लड़कियों का 88.13 रहा. इस वर्ष की मेरिट लिस्ट में 72 छात्र-छात्राएं शामिल हुए हैं, जिनमें हुगली जिले से 14 विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया है. अधिकारिक तौर पर जानकारी के अनुसार, प्रथम स्थान पर रूपायन पाल ने बाजी मारी है. वह बर्द्धमान सीएमएस स्कूल (पूर्व बर्द्धमान ) के छात्र हैं और उन्होंने 497 अंक (99.4 फीसदी) प्राप्त किए हैं. द्वितीय स्थान पर हैं तुषार देवनाथ (बॉक्सिरहाट हाई स्कूल, कूचबिहार), जिनके अंक हैं 496 (99.2 फीसदी). तृतीय स्थान पर रहे राजर्षि अधिकारी (आरामबाग हाई स्कूल, हुगली), जिनके अंक 495 (99 फीसदी) हैं. चौथा स्थान पर सृजिता गोस्वामी, सोनामुखी गर्ल्स हाई स्कूल, बांकुड़ा - 494 अंक (98.8 फीसदी), पांचवां स्थान में छह छात्र, सभी ने 493 अंक (98.6 फीसदी) प्राप्त किए. ऐषिकी दास (कूचबिहार), प्रांतिक गांगुली (हुगली), तन्मय पथिक (दक्षिण 24 परगना), बीरेश घोष (पश्चिम मेदिनीपुर), ऋत्विक पाल (पूर्व बर्द्धमान), कुंतल चौधुरी (पूर्व बर्द्धमान), छठा स्थान पर आठ छात्र और सभी ने 492 अंक (98.4 फीसदी) प्राप्त किए. इनमें हुगली जिले के रौनक गड़ाई और आराफात हुसैन हैं. बहरहाल डब्ल्यूबीसीएचएसई ने यह भी स्पष्ट किया कि इस वर्ष प्रश्नपत्र लीक होने की कोई घटना सामने नहीं आई, जो परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता को दर्शाता है. परीक्षाएं डब्ल्यूबीसीएचएसई के मानदंडों के अनुसार जनवरी और फरवरी 2025 में स्कूलों द्वारा आयोजित की गई थीं. ग्रेडिंग सिस्टम के तहत, छात्रों को उत्तीर्ण होने के लिए प्रत्येक विषय में न्यूनतम 30 फीसदी अंक प्राप्त करना आवश्यक था. परिषद ने परिणामों के साथ-साथ मेरिट सूची भी जारी की, जिसमें शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों के नाम शामिल हैं. छात्र अपने परिणाम डब्ल्यूबीसीएचएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं.

## आतंक के खिलाफ जंग में हम साथ-साथ हैं : ममता बनर्जी

### अमित शाह की मुख्यमंत्रियों के साथ एक आपात बैठक में शामिल हुईं बंगाल की सीएम



कोलकाता: भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बैठक के बाद देशवासियों को संयम और एकता का संदेश दिया है. उन्होंने साफ कहा कि यह समय कंधे से कंधा मिलाकर देश के लिए काम करने का है और किसी भी तरह की अफवाह या भय की कोई ज़रूरत नहीं है. ममता बनर्जी ने कहा, हम सबने मिलकर काम करने का फैसला लिया है. लोगों को अनावश्यक रूप से भयभीत होने की कोई जरूरत नहीं है. उन्होंने पुलिस और प्रशासन के सभी स्तरों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है और बताया कि सभी जिलों के डीएम, एसपी और थाना अधिकारियों को निगरानी बढ़ाने को कहा गया है. यह बैठक उस वक्त हुई है जब 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर के नौ ठिकानों पर हमला किया है. इस कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने भी सीमा पर गोलाबारी तेज कर दी है, जिससे हालात और तनावपूर्ण हो गए हैं. इन्हीं हालातों को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नेपाल और पाकिस्तान की सीमा से सटे 10 राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ एक आपात बैठक की. इस बैठक में जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे. हालांकि ममता बनर्जी ने बैठक के विषयवस्तु पर विस्तार से कुछ नहीं कहा, लेकिन इतना जरूर कहा कि हम सब देश के साथ हैं. उन्होंने जनता से अपील की कि बिना पुष्टि के किसी भी खबर पर विश्वास न करें. ममता ने कहा, भ्रम फैलाने वाली और भड़काऊ खबरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. यह समय देश को बचाने का है, न कि डर फैलाने का. मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि सभी सरकारी दफ्तरों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया दी जा सके.

## ऑपरेशन सिन्दूर से मिली ठण्डक, कोई संतुष्ट तो कोई पूर्ण न्याय की आस में



**कोलकाता/नदिया:** पाकिस्तान और पीओके में भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिन्दूर' के तहत आतंकियों के ठिकानों पर की गई जवाबी कार्रवाई को लेकर देशभर में जहां खुशी की लहर है, वहीं पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिवारों की भावनाएं कुछ अलग हैं. किसी की आंखों में सुकून है, तो किसी को अब भी न्याय अधूरा लगता है. 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए कोलकाता के बेहाला निवासी समीर गुहा की पत्नी शबरी ने कहा, मैं ऑपरेशन सिन्दूर का समर्थन करती हूं लेकिन जब तक पाकिस्तान पूरी तरह आतंकवाद से मुक्त नहीं हो जाता, तब तक न्याय अधूरा रहेगा. समीर केंद्र सरकार में जूनियर स्टैटिस्टिकल ऑफिसर थे और परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे. उनके परिवार पर फ्लैट की ईएमआई और बेटी शुभांगी की पढ़ाई का खर्च भी है. शबरी ने केंद्र सरकार से समीर की नौकरी उन्हें देने की मांग भी दोहराई. उनका कहना है कि जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई कोई नहीं कर सकता. हम यही चाहते हैं कि ऐसी घटनाएं दोबारा ना हों. वहीं, इस हमले में बलिदान हुए सेना के सूबेदार झंटु अली शेख के परिवार की प्रतिक्रिया भावुक लेकिन संतोषजनक रही. ऑपरेशन सिन्दूर की खबर सुनते ही उनकी पत्नी शहनाज़ परवीन की आंखें भर आईं. टीवी पर विस्फोट के दृश्य देखते हुए उन्होंने कहा, आख़िरकार जवाब मिला है. झंटु के 12 वर्षीय बेटे ने खुद पिता के शव को कंधा देकर कब्र तक पहुंचाया था. आज उसके चेहरे पर भी सुकून और जीत की मुस्कान थी. झंटु के भाई रफीकुल शेख, जो खुद भी सेना में सूबेदार हैं, बोले, मेरे भाई की शहादत बेकार नहीं गई, यह उसकी जीत है. हम प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के आभारी हैं जिन्होंने देशवासियों की भावनाओं का मान रखा.

## ऑपरेशन सिंदूर पर शुभेंदु अधिकारी का बयान

### भारतीय सेना को बताया गर्व का विषय



**कोलकाता:** पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में स्थित आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना द्वारा बुधवार तड़के किए गए मिसाइल हमलों की सराहना करते हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने इस दिन को अपार संतोष का दिन बताया. उन्होंने कहा कि इस जवाबी कार्रवाई का पूरा श्रेय भारतीय सशस्त्र बलों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है. अधिकारी ने कहा कि यह दिन गर्व और संतोष से भरा हुआ है. ऑपरेशन सिंदूर नाम इस कार्रवाई के लिए बिल्कुल उपयुक्त है. उन्होंने बताया कि कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए 26 लोगों में से एक, बितन अधिकारी की विधवा ने अपने दुःख को साझा करते हुए कहा था कि कैसे उस हमले में उसके माथे से सिंदूर छिन गया - जो कि हिंदू विवाहित महिलाओं के लिए परंपरागत प्रतीक होता है. शुभेंदु ने कहा कि हिंदू पुरुषों को उनकी पत्नियों के सामने गोली मार दी गई थी. अधिकारी ने दावा किया कि 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले का करारा जवाब अब दे दिया गया है. उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई उन सभी आलोचनाओं को झूठा साबित करती है जो तृणमूल कांग्रेस की ओर से भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की एनडीए सरकार के खिलाफ की जाती रही हैं. भाजपा नेता ने कहा कि देश की जनता को भी राष्ट्रविरोधी ताकतों और टुकड़े-टुकड़े गैंग के खिलाफ जवाबी हमला करना चाहिए. वहीं, इस कार्रवाई को लेकर तृणमूल कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं. पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के घर गिराए जाने पर टीएमसी ने कहा कि यदि इन लोगों के खिलाफ खुफिया जानकारी पहले से मौजूद थी तो कार्रवाई पहले क्यों नहीं की गई? तृणमूल के प्रवक्ता कुणाल घोष ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, आतंकियों के घरों को गिराना अब पहलगाम हमले के बाद एक बड़े दिखावे के तौर पर पेश किया जा रहा है. लेकिन ये सभी घर कश्मीर में हैं, जो कि अमित शाह के गृह मंत्रालय के अधीन आता है.

### एसएससी मामले में राज्य को मिली अस्थायी राहत

## हाई कोर्ट ने अदालत की अवमानना याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

**कोलकाता:** एसएससी भर्ती घोटाले में 26 हजार नौकरियों की रद्दीकरण से जुड़ी अदालत की अवमानना याचिका पर कलकत्ता हाई कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई करने से इनकार कर दिया. न्यायमूर्ति देबांशु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि इस मामले की अगली सुनवाई अब सुप्रीम कोर्ट में ही होगी. याचिकाकर्ताओं की ओर से आरोप लगाया गया था कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों के निर्देशों के बावजूद स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) और राज्य का शिक्षा विभाग उचित कदम नहीं उठा रहा है. इसी को आधार बनाकर अदालत की अवमानना का मामला दायर किया गया था. हालांकि, खंडपीठ ने यह भी टिप्पणी की कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले के हाई कोर्ट आदेश के कुछ हिस्सों को बदला है, कुछ को बरकरार रखा है और कुछ को खारिज कर दिया है. ऐसे में यह देखना अब सर्वोच्च न्यायालय का कार्य होगा कि उसके निर्देशों का पालन हुआ या नहीं. इससे पहले की सुनवाइयों में न्यायमूर्ति बसाक ने एसएससी को निर्देश दिया था कि अयोग्य और 'दागी' शिक्षकों की सूची ओएमआर शीट के साथ प्रकाशित की जाए और उनके वेतन की वापसी की प्रक्रिया शुरू की जाए. इसके बाद राज्य सरकार ने नए कानूनी तर्क रखने की अनुमति मांगी थी, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया था. राज्य सरकार और एसएससी की ओर से शुरू से ही यह तर्क दिया गया था कि चूंकि मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए हाई कोर्ट में इसकी सुनवाई नहीं की जा सकती. दूसरी ओर, याचिकाकर्ताओं के वकील का कहना था कि अदालत के पास अपनी शक्तियों के तहत अवमानना की सुनवाई करने का अधिकार है. अंततः कोर्ट ने यह कहते हुए सुनवाई से इनकार कर दिया कि अब इस मामले की पूरी जिम्मेदारी सुप्रीम कोर्ट की है, और वहीं पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. इससे फिलहाल राज्य सरकार और एसएससी को बड़ी राहत मिली है.

## उच्च प्राथमिक स्कूलों में सुपरन्यूमैरेरी नियुक्तियों पर हाईकोर्ट की अंतरिम रोक



**कोलकाता:** कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा राज्य संचालित स्कूलों के उच्च प्राथमिक वर्ग में सुपरन्यूमैरेरी (अतिरिक्त) पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति की योजना पर अंतरिम रोक लगा दी है. ये नियुक्तियां शारीरिक शिक्षा और कार्य शिक्षा जैसे विषयों के लिए होनी थीं, जिनके लिए राज्य सरकार ने प्रतीक्षा सूची में शामिल उम्मीदवारों की नियुक्ति के उद्देश्य से अतिरिक्त पद सृजित किए थे. न्यायमूर्ति बिस्वजीत बसु की एकल पीठ ने बुधवार को लंबी सुनवाई के बाद यह अंतरिम आदेश पारित किया. यह मामला पहले से ही न्यायिक जांच के दायरे में था, क्योंकि राज्य सरकार द्वारा स्कूलों में की गई कई नियुक्तियों पर पहले भी अदालत ने सवाल उठाए हैं. पिछले महीने, भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा था, जिसमें 25 हजार 753 शिक्षकीय और गैर-शिक्षकीय पदों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया गया था. ये नियुक्तियां पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग के माध्यम से की गई थीं. हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च प्राथमिक खंड में सुपरन्यूमेरेरी पदों के सृजन पर कोई आपत्ति नहीं जताई थी. इसके बाद, राज्य सरकार ने इन अतिरिक्त पदों पर नियुक्ति की अनुमति के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख किया. लेकिन अब कोर्ट ने इस प्रक्रिया पर 18 जून तक के लिए रोक लगा दी है, जब इस मामले की अगली सुनवाई होगी. इस बीच, उच्च प्राथमिक खंड में नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे कुछ उम्मीदवारों ने हाल ही में माकपा के राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता विकाश रंजन भट्टाचार्य के चैंबर के बाहर प्रदर्शन किया. प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि भट्टाचार्य की कानूनी दलीलों के चलते ही राज्य में कई स्कूल नियुक्तियां रद्द हुई हैं. इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने न्यायमूर्ति बिस्वजीत बसु के खिलाफ भी आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं, जिन्होंने इससे जुड़े मामलों में कड़ी टिप्पणियां दी थीं. घटना को गंभीरता से लेते हुए, कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम ने कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा को प्रदर्शनकारियों की पहचान कर जांच करने का निर्देश दिया है. कोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए अवमानना का मामला भी दर्ज किया है.

### पाकिस्तान पर दबाव बनाए रखे सरकार

## पहलगाम नरसंहार के दोषियों को सौंपने की मांग पर अडिग माकपा

**कोलकाता:** भारतीय सेना द्वारा हाल में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद माकपा ने बुधवार को केंद्र सरकार से मांग की है कि वह पाकिस्तान पर दबाव बनाए रखे ताकि पहलगाम नरसंहार में शामिल आतंकियों को भारत के हवाले किया जा सके. माकपा पोलित ब्यूरो ने अपने बयान में कहा, इन कार्रवाइयों के साथ-साथ पाकिस्तान पर यह दबाव भी बनाए रखना जरूरी है कि वह पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या के जिम्मेदार आतंकवादियों को भारत को सौंपे और अपने क्षेत्र में चल रहे आतंकी शिविरों को समाप्त करे. माकपा ने इस दौरान देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने पर भी बल दिया और केंद्र सरकार से आग्रह किया कि सभी कदम इस भावना के अनुरूप उठाए जाएं. पार्टी ने केंद्र सरकार द्वारा आतंकवाद पर लगाम कसने की हर पहल का समर्थन दोहराया. पोलित ब्यूरो के अनुसार, केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सभी राजनीतिक दलों ने आतंकवादियों और उनके समर्थकों के खिलाफ उठाए गए कदमों को अपना समर्थन दिया था. पार्टी ने भारतीय सेना की कार्रवाई की भी सराहना की और कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को रणनीतिक, सीमित और अस्कलनकारी तरीके से अंजाम दिया गया.

## गिरफ्तार पाकिस्तानी ने की थी बंगाल के दो विधानसभा चुनावों में वोटिंग

**कोलकाता:** भारत-पाक के बीच चरम तनातनी के बीच यह खबर किसी भी भारतीय के लिए चिंता का विषय है कि बंगाल में गिरफ्तार पाक नागरिक आज़ाद मलिक ने यहां के मतदान में वोट डालता रहा है. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा पश्चिम बंगाल में नकली पासपोर्ट रैकेट मामले में गिरफ्तार किए गए पाकिस्तानी नागरिक आज़ाद मलिक ने 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में अवैध रूप से मतदान किया था. इस चौंकाने वाले खुलासे ने सुरक्षा और चुनावी प्रक्रियाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. सूत्रों के अनुसार, ईडी की जांच में सामने आया है कि आज़ाद मलिक दमदम-उत्तर विधानसभा क्षेत्र का पंजीकृत मतदाता था, जो उत्तर 24 परगना ज़िले में आता है और दमदम लोकसभा सीट के अंतर्गत आता है. ईडी की पूछताछ के दौरान मलिक ने खुद दोनों चुनावों में मतदान करने की बात स्वीकार की है. आज़ाद मलिक को अप्रैल की शुरुआत में कोलकाता से गिरफ्तार किया गया था. गिरफ्तारी के समय जब्त दस्तावेज़ों के अनुसार, वह पहले बांग्लादेशी नागरिक के रूप में भारत में रह रहा था. उसने फर्जी दस्तावेजों के ज़रिए भारतीय पासपोर्ट समेत अन्य पहचान पत्र प्राप्त किए थे. जांच में यह भी खुलासा हुआ कि मलिक, जो 'मलिक ट्रेडिंग कॉरपोरेशन' का मालिक है, कोलकाता स्थित अपने आवास से हवाला नेटवर्क भी चला रहा था.

## पोद्दार कोर्ट में आग से बिजली के सामानों की दुकान खाक




**कोलकाता:** मध्य कोलकाता के पुलिस मुख्यालय लाल बाजार के पास पोद्दार कोर्ट इलाके में आज दोपहर एक बिजली के उपकरण की दुकान में अगलगी में खाक हो गई. दमकल, स्थानीय व पुलिस सूत्रों के अनुसार छह मंजिला इमारत के भूतल पर स्थित दुकान में दोपहर करीब 12.05 बजे लगी आग को बुझाने के लिए 8 दमकल गाड़ियों को लगाया गया. उन्होंने कहा, जगह खाली करा ली गई है और कोई हताहत नहीं हुआ है. खबर के लिखे जाने तक दमकल के एक अधिकारी ने आग पर काबू की बात कही है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह अचानक दुकान से काले धुएं का गुबार उठता देखा गया. बताया जा रहा है कि आग सबसे पहले दुकान में लगे एक एयर कंडीशनर में लगी और वहीं से पूरे परिसर में फैल गई. प्रारंभिक अनुमान है कि यह आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी. स्थानीय लोगों ने शुरुआत में आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि जल्द ही दमकल विभाग को सूचना दी गई. सबसे पहले दमकल के चार इंजन घटनास्थल पर पहुंचे. फिलहाल आग से किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है और न ही नुकसान के स्तर का अभी सही-सही अनुमान लगाया जा सका है. उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में कोलकाता शहर में आग लगने की घटनाओं में लगातार वृद्धि देखी जा रही है. कुछ ही दिन पहले बड़ा बाजार इलाके के एक होटल में आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गई थी. उसके बाद सॉल्टलेक सेक्टर-5 और बेहला के जेम्स लांग सरणी स्थित एक बहुमंजिली इमारत में भी आग की घटनाएं हो चुकी हैं.

### गर्मी की छुट्टियों पर ममता बनर्जी की अपील

## निजी स्कूल भी करें अवकाश की घोषणा, बच्चे रहें घर पर

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के सभी निजी स्कूलों से अपील की है कि वे भी सरकारी स्कूलों की तरह गर्मी की छुट्टियाँ घोषित करें, ताकि बच्चों को अत्यधिक गर्मी और उमस से राहत मिल सके. मुख्यमंत्री ने बुधवार को नबन्ना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह अपील की. ममता बनर्जी ने कहा कि हम कोई लिखित दिशा-निर्देश नहीं भेज रहे हैं. यह सिर्फ एक अनुरोध है. सरकारी स्कूलों को हमने पहले ही गर्मी की छुट्टी दे दी है. यदि निजी स्कूल भी छुट्टी की घोषणा करें तो अच्छा होगा. आप लोग रवींद्र जयंती (9 मई) के दिन से छुट्टी शुरू करें. बच्चे घर पर रहें, यही बेहतर होगा. हालांकि राज्य में कभी-कभार बारिश हो रही है, लेकिन तापमान में कोई खास गिरावट नहीं आई है. हवा में नमी बढ़ने से गर्मी के साथ-साथ उमस भी लोगों को परेशान कर रही है. भारतीय मौसम विभाग ने गुरुवार से तापमान में तीन से चार डिग्री तक वृद्धि की चेतावनी दी है, साथ ही शुक्रवार से सोमवार तक हीटवेव चलने की आशंका जताई है. बांकुड़ा, पुरुलिया, बीरभूम, पश्चिम मेदिनीपुर, पश्चिम बर्दवान और झाड़ग्राम जैसे जिलों में लू की स्थिति पैदा हो सकती है. रविवार तक भी मौसम असहज बना रहने की संभावना है, जिससे खासतौर पर छोटे बच्चों को स्कूल जाने-आने में कठिनाई हो रही है.

आपकी वेदना, हमारी संवेदना
युवा शक्ति समाचार पत्र उठावना का विज्ञापन मात्र 1500 रुपये में प्रकाशित करता है
(साइज 12x8)
सम्पर्क :
मो. : 9831572125, 9831494084
www.yuvashakti.news.com
email: yuvashakti@hotmail.com

पूर्व रेलवे
**निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्लू-II दिनांक : 05.05.2025,** सीनियर डिवीजनल इंजीनियर/III, पूर्वी रेलवे, सियालदह, द्वितीय तल, डीआरएम बिल्डिंग, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम. 1; निविदा संख्या: टीएन-24-25-26; कार्य का नाम:** सियालदह डिवीजन में पुल संख्या 1, 56, 73, एक्स/26, एक्स/33, बी-9, 7, एस-41, 111, 113, 117, 119, 131, 7ए, 15ए, 19ए, 36ए, 73ए, 42ए, 82ए, 3-टी, 10-टी, 66-टी, 67-टी, 68-टी, 69-टी, 17डीएन, के-15 के साइड पाथवे और अन्य सहायक कार्यों सहित पुलों को मजबूत करना; **निविदा मूल्य :** रु. 8,50,26,645.24 ; ईएमडी : रु.5,75,100.00 ; **कार्य पूर्ण होने की अवधि :** 24 (चौबीस) माह; **क्रम सं. 2; निविदा सं. : टीएन-25-25-26; कार्य का नाम :** सियालदह डिवीजन के शाखा संख्या 8 [मुर्शिदाबाद - अजीमगंज शाखा] पर गर्डरों और स्ट्रिंगरों आदि के सुधार का कार्य; **निविदा मूल्य:** रु. 66,40,641.67; **ईएमडी:** रु.1,32,800.00 रुपये; **कार्य की समाप्ति अवधि:** 08 (आठ) महीने; **सभी निविदाओं के लिए निविदा बंद करने की तिथि और समय:** 30.05.2025 को 15.00 बजे; **निविदा खोलने की तिथि और समय:** 30.05.2026 को 15.30 बजे। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार ई-टेंडर फॉर्म की लागत शून्य है। निविदा दस्तावेज और विवरण www.ireps.gov.in पर हैं। बोली उपरोक्त वेबसाइट पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रस्तुत की जानी है। मैन्युअल ऑफ़र को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।
(SDAH-41/2025-26)
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## न्यूज कॉर्नर

### ट्रैफिक जाम की समस्या का हुआ निदान, वासेपुर में फ्लाईओवर निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ




**धनबाद** : वासेपुर में फ्लाईओवर निर्माण का कार्य अब तेजी पकड़ चुका है,जिसको लेकर निर्माता कंपनी रेश है, इसी को लेकर पांडरपाला मौजा क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे 93 दुकान मकान को एक सप्ताह के भीतर हटाने का आदेश दिया गया है, यह आदेश अंचल अधिकारी के द्वारा दिया गया . जिसमें कई दुकान, मकान हॉस्पिटल, स्कूल, मस्जिद और कब्रिस्तान का वॉल शामिल है. आप को बता दें लम्बे इंतजार के बाद इस फ्लाईओवर का निर्माण हो रहा है, जिससे धनबाद की ट्रैफिक समस्या से निजात मिलेगी. मटकुरिया से बिनोद बिहारी चौक तक बन रही 3.5 किलोमीटर लंबी फोर लेन फ्लाईओवर परियोजना की लागत करीब 154 करोड़ रुपये बताई जा रही है,जिसे गुजरात की भेलजी रतन इंफ्रा कंपनी बना रही है, कंपनी के प्लानिंग एंड बिलिंग इंजिनियर विवेक कुमार आनंद ने बताया पुल निर्माण और रोड़ चौड़ीकरण में पांडरपाला मौजा में जो भी अतिक्रमण है सभी को नोटिस दिया गया, कुल 93 लोगों को यह नोटिस दिया गया और एक हफ्ते के भीतर जगह खाली करने की बात कही है. यह फ्लाईओवर बनने से यहां की जनता को अब ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिल जाएगा . गया पुल में ट्रैफिक जाम के कारण सेंकड़ों गाड़ी रंगते रहती थी दूसरा कोई विकल्प नहीं होने के कारण यहां की जनता का कई वर्षों से इस समस्या से जूझ रहे थे, वासेपुर फ्लाईओवर निर्माण कार्य शुरुआत होने से यहां की जनता काफी खुश है.

### बेगूसराय के महा दानवीर अयोध्या प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई



**बेगूसराय (युवा शक्ति ब्यूरो) :** बेगूसराय रामकुमारी अयोध्या लॉ कॉलेज में बुधवार को बेगूसराय जिले में शिक्षा के क्षेत्र में दान देने वाले महा दानवीर स्वर्गीय अयोध्या प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य मुकेश कुमार ने की. सबों ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी पुण्यतिथि मनाई वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय अयोध्या प्रसाद का बेगूसराय जिले में विभिन्न क्षेत्रों में अमूल्य योगदान रहा जिसे जिलेवासी कभी नहीं भूल सकते है. इस मौके पर प्रो. सनौर रहमान, संजीव कुमार, मन्नू कुमार गौतम, मृत्युंजय कुमार, राहुल चौधरी, बृजेश कुमार प्रिंस, अविनाश चौधरी, कुंदन कुमार, गुड्डू कुमार, पंकज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

### बेगूसराय में नागरिक सुरक्षा हेतु ब्लैक आउट मॉक ड्रिल बहुत सफल रहा: डीएम



**बेगूसराय (युवा शक्ति ब्यूरो) :** बेगूसराय जिले में बुधवार को गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर सिविल डिफेंस की मॉक ड्रिल के तहत शाम 7 बजे से 7 बजकर 10 मिनट तक नागरिक सुरक्षा एवं ब्लैक आउट को लेकर मॉक ड्रिल किया गया. बेगूसराय के डीएम तुषार सिंगला ने बताया कि मॉक ड्रिल की तैयारी बहुत ही सफल रहा. इस सफलता पर डीएम ने पत्रकारों को नागरिकों में जागरूकता हेतु संदेश देने पर धन्यवाद दिया. मॉक ड्रिल का उद्देश्य जिले में किसी भी बड़ी घटना से निपटने के लिये आम लोगों को जागरूक करने तथा तैयारी को परखने हेतु किया गया. बेगूसराय जिले के नागरिकों ने अपने-अपने घरों में रहकर तथा अपने घरों और दुकानों की लाईटें को बंद कर देश भक्त नागरिक होने देश और सेना का साथ देने का परिचय दिया. मॉक ड्रिल के समय चयनित स्थलों पर सायरन बजाया गया. गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश के 244 जिलों में बिहार के चार जिले पटना, पूर्णिया कटिहार एवं बेगूसराय में मॉकड्रिल किया गया.

### उपायुक्त हेमंत सती ने किया साहेबगंज मंडल कारा का औचक निरीक्षण



**साहिबगंज** : उपायुक्त हेमंत सती ने साहेबगंज स्थित मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने कारा की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, कैदियों की दिनचर्या, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया.उपायुक्त ने कारा के विभिन्न वार्डों का भ्रमण करते हुए कैदियों से सीधे संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं तथा सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की.निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कारा प्रबंधन को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया. उन्होंने कैदियों को समय पर भोजन, स्वास्थ्य जांच एवं मानसिक परामर्श जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया. साथ ही जेल परिसर की साफ-सफाई एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के निर्देश भी दिए. मंडल कारा अधीक्षक चंद्रशेखर सुमन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे. निरीक्षण के अंत में उपायुक्त ने संतोष व्यक्त करते हुए सुधारात्मक सुझाव भी दिए और कारा प्रशासन को कैदियों के मानवाधिकारों के प्रति संवेदनशील रहने की सलाह दी.

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मेदिनीपुर में भाजपा कार्यालय के सामने मनाया गया जश्न

**मेदिनीपुर :** कश्मीर के पहलगाव में हुए आतंकवादी हमले का बदला सेना ने लिया है. भारतीय सेना ने मध्य रात्रि में कश्मीर में लगभग 100 किलोमीटर अंदर तक प्रवेश किया और नौ आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया. इस ऑपरेशन को ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया है. भारत में इस ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर खुशी मनाई जा रही है . आज पश्चिम मेदिनीपुर जिले के मेदिनीपुर शहर के धर्मा इलाके में भाजपा पार्टी कार्यालय के बाहर सफलता का जश्न मनाया जा रहा है. भारतीय झंडे लेकर आए लोगों को मिठाइयां खिलाई गईं और नृत्य का आनंद दिया गया.

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में तीसरे दिन भी रोमांचक मुकाबला हुआ





**बेगूसराय (युवा शक्ति ब्यूरो) :** खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत बेगूसराय में हो रहे फुटबॉल मैच के तीसरे दिन बुधवार की सुबह में महिला के ग्रुप बी वर्ग का दो मैच खेला गया. यमुना भगत स्टेडियम तेघड़ा में मणिपुर एवं हरियाणा के बीच मैच खेला गया, वही बरौनी रिफाइनरी स्टेडियम में दिल्ली एवं आंध्र प्रदेश के टीमों के बीच मुकाबला हुआ. मणिपुर एवं हरियाणा के बीच हुये कांटे की टक्कर में हरियाणा ने मणिपुर को 2-1 से हराया. दूसरे मैच दिल्ली और आंध्र प्रदेश के बीच में भी मैच रोमांचक रहा आंध्र प्रदेश की टीम ने दिल्ली को 3-1 से हराया.शाम में ग्रुप ए का महिला वर्ग का दो मैच खेला गया. यमुना भगत स्टेडियम तेघड़ा में राजस्थान एवं तमिलनाडु के बीच मैच खेला गया. बरौनी रिफाइनरी स्टेडियम में बिहार एवं झारखंड के टीमों के बीच मुकाबला हुआ. राजस्थान एवं तमिलनाडु के बीच हुये मुकाबले में तमिलनाडु ने एकतरफा मुकाबले में राजस्थान को 10-0 से हराया. बिहार एवं झारखंड के बीच हुये मुकाबले में दूसरी बार भी बिहार की टीम को हार का सामना करना पड़ा.

झारखंड की टीम ने बिहार की टीम को 4-1 से पराजित किया. हालांकि पहले हाफ में बिहार की टीम 1 गोल के साथ लीड कर रही थी, लेकिन दूसरे हाफ में झारखंड की टीम ने 4 गोल कर बिहार को हरा दिया. बिहार की टीम की लगातार दो हार से दर्शक थोड़े मायूस दिखे, बावजूद उन्होंने अपने खिलाड़ियों का हौसला खूब अफजाई किया.

मैच काफी रोमांचक रहा.

### कोलकाता रवाना हुईं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

**मुर्शिदाबाद** : मुर्शिदाबाद की दो दिवसीय यात्रा पूरी करने के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हेलीकॉप्टर से कोलकाता के लिए रवाना हुईं. मुर्शिदाबाद में विभिन्न कार्यक्रमों के बीच दो दिनों तक ब्रह्मपुर सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करने के बाद वे बुधवार को 11.35 बजे सर्किट हाउस से कार द्वारा रवाना होकर बैरक स्क्वायर मैदान स्थित निर्धारित हेलीपैड पर पहुंची और 11.45 बजे उनके हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी. सेना के कांस्टेबल झंटू अली शेख की पत्नी को पुलिस होमगार्ड की नौकरी की पेशकश की और उनके परिवार को भविष्य में हर संभव मदद का आश्वासन दिया.

## मोहल्ले वासियों ने महापौर एवं उपनगर आयुक्त को अपनी समस्याओं से कराया अवगत

**युवा शक्ति/ब्यूरो**

**आरा :** नगर निगम के द्वारा आपका शहर आपकी बात के तहत बुधवार को शहर के वार्ड नंबर-15 पकड़ी में शिविर लगाया गया. जिसमें मोहल्लेवासियों ने अपनी समस्याओं से महापौर इंदु देवी और उपनगर आयुक्त कोमल कुमारी को अवगत कराया. क्षेत्र वासियों ने उत्साहपूर्वक अपनी सड़क, नाला, राशन कार्ड, लाइट, तथा प्रधानमंत्री आवास योजना संबंधित, सुझाव व आवेदन प्रस्तुत किए. महापौर इंदु देवी ने कहा कि मोहल्ले वासियों की समस्याओं को सुनने के लिए यह शिविर लगाया जा रहा है, जो विगत 22 अप्रैल से शुरू है. लोगों की समस्याओं को सुनकर उसका निदान करना हमलोगों की पहली प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर-15 पकड़ी में चार योजना का टेंडर जाने वाला है, जिसका नाम इस प्रकार है, 1. शिवनारायण के घर से परशुराम सिंह के घर तक पीसीसी एवं नाली निर्माण कार्य, कश्यप नगर पानी टंकी, 2. यज्ञानंद ठाकुर के घर से रामबाबू पासवान के घर तक पीसीसी नाली निर्माण, 3. न्यू कॉलोनी में सुड्डु बाबा के घर से श्लोक के दुकान तक पीसीसी नाली निर्माण कार्य, 4. मोहल्ला अवधपुरी के डी कान्वेंट स्कूल से सिद्धनाथ वर्मा के घर तक पीसीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य है. उपनगर आयुक्त कोमल कुमारी ने कहा कि नगर विकास के द्वारा यह शिविर लगाया गया है. इतने दिनों में बहुत सारी समस्याएं आई, उन समस्याओ का प्राथमिकता के अधार पर त्वरित निदान भी हो रहा है. उन्होंने कहा कि हर संभव प्रयास किया जा रहा है और संबंधित वार्ड पार्षद से बातचीत करके समस्या का निदान किया जाएगा. इस मौके पर सिटी मैनेजर ओम प्रकाश, टाउन प्लानर नीतीश चौधरी, सफाई प्रभारी विकास कुमार, वार्ड-15 की पार्षद रीता देवी, पार्षद प्रतिनिधि ललन पासवान, निगम कर्मी प्रेम मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार, मोहित कुमार एवं स्थानीय लोगों उपस्थित थे.

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बोरियो स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



**साहिबगंज** : प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) नागेश्वर साव ने बोरियो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में चल रहे मरम्मती कार्यों का जायजा लिया और भवन अभियंता को गुणवत्ता के साथ कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया.उन्होंने ओपीडी, लैब, प्रसव वार्ड एवं दवा वितरण केंद्र का भी गहन निरीक्षण किया. बीडीओ ने सभी संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया कि मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए सफाई कर्मचारियों को परिसर के अंदर एवं बाहर नियमित सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र की स्वच्छता एवं व्यवस्था सीधे आम जनता की सेवा से जुड़ी है, इसलिए इसमें किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए.निरीक्षण के समय चिकित्सा पदाधिकारी समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी मौजूद थे. बीडीओ ने बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों की सराहना भी की.

### दोहरी खुशी: पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर डोकलाम तक सड़क का हुआ उद्घाटन.

**जलपाईगुड़ी** : एक तरफ ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा, तो दूसरी तरफ चीन सीमा पर भारतीय सेना को रसद पहुंचाने के लिए बीआरओ द्वारा बनाई गई खुनिया मोड़ से डोकलाम तक सड़क का उद्घाटन हो गया है.जलपाईगुड़ी जिले के नागराकाटा थाना क्षेत्र के खुनिया मोड़ से कुमनई तक 12 किलोमीटर लंबी सड़क का बुधवार को उद्घाटन किया गया.इस कार्यक्रम में अलीपुरद्वार के सांसद मनोज तिग्या, नागराकाटा विधायक पूना भेंगरा, मेटेली पुलिस स्टेशन क्षेत्र पंचायत सदस्य एनी चिक है.

### साहेबगंज में आपदा प्रबंधन हेतु 12 कोषांगों का गठन

**साहिबगंज** : भारत सरकार, गृह मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के आलोक में आज उपायुक्त- सह- जिला दंडाधिकारी हेमंत सती की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में जिले की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई.यह निर्णय लिया गया कि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला स्तर पर कुल 12 विशेष कोषांगों का गठन किया गया है . ये कोषांग विभिन्न सेवाओं को समर्पित होंगे, जिनमें मुख्य रूप से मुख्यालय सेवा, वार्डन सेवा, संचार सेवा, हताहत सेवा, , डिपो एवं परिवहन सेवा, प्रशिक्षण सेवा तथा आपूर्ति सेवा शामिल हैं.

## आतंकी हमले का सटीक और कड़ा जवाब : सरयू राय



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने ऑपरेशन सिंदूर पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत ने पाकिस्तान द्वारा किये गये आतंकी हमले का सटीक और कड़ा जवाब दिया है. इससे भारतीय राजनीतिक नेतृत्व और तीनों सेनाओं की प्रतिष्ठा बढ़ी है. आम जनता में साख बढ़ी है. भारत की जनता जो चाहती थी, उसे प्रधानमंत्री और हमारी सेनाओं ने करके दिखा दिया. यह पाकिस्तान के लिए एक बड़ा सबक है. अगर पाकिस्तान यूं ही बढ़-चढ़ कर बातें करता है तो भारत को पाकिस्तान पर हमला कर देना चाहिए और इस हमले में जो भी जमीन हासिल हो, उसे वापस नहीं करना चाहिए-1965 और 1971 की तरह. सीमा के उस पार जितना बड़ा संकट है, उससे बड़ा संकट देश के भीतर है. जो पाकिस्तान परस्त लोग हैं, जिन्होंने पाकिस्तान बनने के पक्ष में विचार व्यक्त किया था 1947 में पर पाकिस्तान गये नहीं, इस मानसिकता वाले जो लोग हैं, वो लोग ज्यादा बड़ा खतरा हैं. सीमा और सीमा के पार के संकट से तो सेना निपट लेगी, लेकिन देश के अंदर जो संकट है, उसके लिए जनता को तैयार रहना पड़ेगा. जो विपक्षी राजनीतिक दल हैं, उन्हें ऐसे समझ में जिम्मेदारी का परिचय देना चाहिए. देश एक है, एकजुट है, यह दिखाने के लिए हम लोग सभी राजनीतिक मतभिन्नता को भुला देने का समय है.

## संजीव हत्याकांड का खुलासा, एक शूटर सहित 3 गिरफ्तार



**साहिबगंज** : नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉलेज रोड चाणक्या होटल के आगे स्थित जीएस इलेक्ट्रिकल्स के मालिक संजीव कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू की हत्या मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है.

पुलिस लाइन स्थित एसपी कार्यालय में बुधवार को पुलिस कप्तान अमित कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के बताया कि इस संबंध में नगर थाना कांड संख्या 74/25 दर्ज कर बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल के नेतृत्व में कांड के उद्भेदन एवं अपराधी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने गुप्त सूचना व तकनीकी सहयोग से वारदात में शामिल तीन अपराधियों छोटा लोहंडा निवासी मनीष कुमार मंडल उम्र 21, प्रेम नगर निवासी कुश कुमार मंडल उम्र 20 एवं प्रेम नगर निवासी विनोद कुमार तांती 30, को गदाई दियारा के मकैया टोला से गिरफ्तार कर लिया गया. घटना में प्रयुक्त देसी पिस्टल और पिस्टल की 42 जिंदा गोली, 02 मैगज़ीन, 02 मोबाइल एवं हत्या के लिए दिए गए पैसे 6,170 रुपये बरामद किए गए हैं. मनीष कुमार मंडल के घटना के समय पहने पैंट, टी शर्ट व गमछा को भी बरामद किया गया है. आरोपियों का लूट एवं आर्म्स एक्ट में आपराधिक इतिहास रहा है. कांड में शामिल अन्य अपराधी की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है. आरोपी कुश कुमार मंडल व मनीष कुमार मंडल का आपराधिक इतिहास रहा है.

दोनों जिरवाबाड़ी थाना कांड संख्या 116/ 24, कांड संख्या 117/24 व कांड संख्या 121/24 दर्ज है.छापामारी दल में बरहरवा एसडीपीओनितिन खंडेलवाल, डीएसपी विजय कुशवाहा, रूपक कुमार, इंस्पेक्टर राजीव रंजन, नगर थाना इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, रिवर थाना प्रभारी लव कुमार, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार, बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार, पुअनि अनीश कुमार पांडे, प्रवीण कुमार प्रभाकर, मुरली मनोहर सिंह, विक्रम कुमार, आरक्षी अभिषेक राज, अंकुर कुमार, शैलेश कुमार मिश्रा बल के जवान शामिल थे.

### ऑपरेशन सिन्दूर के सफलता पर भाजपा ने शौर्य दिवस मनाया गया




**युवा शक्ति/ब्यूरो**

**आरा :** भारतीय जनता पार्टी भोजपुर द्वारा पहलगाम आतंकवादी नरसंहार के जवाब मे सिंदूर ऑपरेशन के सफलता पर भारतीय सेना के वीरता और केन्द्र सरकार के निर्णय पर शौर्य दिवस मनाया गया.शौर्य दिवस कार्यक्रम स्थानीय रमना स्थित महावीर मंदिर परिसर मे जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व में ऑप्रेशन सिंदूर के सफलता मे नेताओं और कार्यकताओ द्वारा उदगार भरा गया. भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हाँथ में तिरंगा ले कर भारत माता की जय,भारतीय सेना जिंदाबाद, भारतीय सेना तुम आगे बढ़ो,पूरा देश आपके साथ है आदि विभिन्न गगनचुंबी नारे लगा कर वीर जवानो के प्रति अपना विश्वास दिखाते हुए उनके वीरता का आभार व्यक्त किया. भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों ने जिस प्रकार पहलगाम मे धर्म पूछकर पुरूषों का कातिलाना हमला किया और नरसंहार किया.कितने भारतीय महिलाओं का सिंदूर उजाड़ा गया.उसी सिंदूर का बदला लेने के लिए प्रधानमंत्री और केन्द्र सरकार द्वारा आप्रेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकवादी शिविरो को भारतीय सेना द्वारा बर्बाद कर पूरे विश्व को भारतीय सेना की वीरता का परिचय दिया है.आज पूरा विश्व आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े है.वहीं पूर्व विधायक संजय सिह टाईगर ने उक्त अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि पहलगाम का बदला अकल्पनीय होगा और उन्होने ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के वीर महिला सैनिकों के नेतृत्व मे ही सफलता दिलवायी. आज भारतीय नारी सशक्त है और उन्होने सिंदूर का बदला सिंदूर ऑपरेशन से ले लिया.भाजपा नेता कौशल विद्यार्थी ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देनेवाला विश्व का सबसे बड़ा देश है,लेकिन भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर से उनके आतंकवादी शिविरो को नष्ट कर मुँहतोड़ जवाब दिया.कार्यक्रम में संजय सिंह टाईगर, कौशल विद्यार्थी, राणा प्रताप सिंह,प्रहलाद राय,सूर्यकान्त पांडेय,राजकुमार कुशवाहा, ज्योति प्रकाश कुशवाहा, संतोष चंद्रवंशी, नरेन्द्र तिवारी,संजय कुमार सिंह,विभु जैन,चुन्नी देवी,प्रतिक राज,विमलेश सिंह,प्रतीक चंद्रवंशी,विभु सिंह,मंगलम,प्रतीक,अनुपमा पम्मी आदि दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे.

### पत्रकार राजेश राज के पिता को श्रद्धांजलि देने पहुंचे मंत्री श्रवण कुमार



**मंझौल/बेगूसराय(युवा शक्ति ब्यूरो) :** बिहार विधानसभा में जनता दल यूनाइटेड के मुख्य सचेतक और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेहद करीबी बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने दिल्ली डीडी न्यूज चैनल के पत्रकार राजेश राज के पिता को श्रद्धांजलि देने मंगलवार की शाम उनके पैतृक घर मंझौल पहुंचे. जय मंगला काबर फाउंडेशन के अध्यक्ष और दिल्ली में डीडी न्यूज के सीनियर पॉलिटिकल जर्नलिस्ट राजेश राज के पिता डा. विजय कुमार यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करने बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार मंझौल पहुंचे और राजेश राज के आवास पर जाकर उनके पिताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की.

इस अवसर पर जेडीयू के जिलाध्यक्ष रुदल राय, विकास कुशवाहा समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे. इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राजेश राज के साथ मेरा रिश्ता बहुत ही पुराना रहा है और शायद यही वजह है कि उनके पिताजी के निधन के बाद संकट की इस दु:ख की घड़ी में हम उन्हें सांत्वना देने के लिये पूरे परिवार को यहां पर आये है.

### प्रभारी मंत्री का आरा आगमन पर भाजपा द्वारा भव्य स्वागत



**युवा शक्ति/ब्यूरो**

**आरा :** बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री सह भोजपुर जिला प्रभारी मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता के प्रभारी मंत्री बनने के बाद पहली बार जिला मे आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व मे भाजपा पदाधिकारियों, नेताओं ओर कार्यकताओ द्वारा फूलमाला अंगवस्त्र के साथ भव्य स्वागत किया गया. प्रभारी मंत्री का भोजपुर जिला प्रवेश द्वार कोईलवर से आरा परिसदन तकस्वागत किया.उनके अभिनंदन मे सड़क किनारे पोस्टर-बैनर लगे थे.आरा परिसदन पहुंचते ही भाजपा सहित एनडीए कार्यकताओ ने अपने प्रभारी मंत्री का अभिनंदन किए.प्रभारी मंत्री ने सभी का अभिनंदन को स्वीकार करते हुए आभार व्यक्त किया.उन्होने एनडीए नेताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जिले की समस्याओं से उन्हे अवगत कराने की बात कही.उन्होने कहा कि केन्द्र और बिहार सरकार की सारी योजनाओं को एनडीए कार्यकर्ता घर घर पहुंचाएंगे. डबल इंजन की सरकार सबका विकास कर रही है और 2025 मे नीतीश कुमार के नेतृत्व मे एनडीए 225 पार सीट जीतेंगी.कार्यक्रम में संजय कुमार सिंह, संतोष कुमार चंद्रवंशी, नरेन्द्र तिवारी, ममता सिंह,रामदिनेश यादव,निशांत सिंह सेंगर,ठाकुर दयाल राम,विमलेश सिंह,विभु जैन,रंगबहादुर यादव,पुनम कुशवाहा, सुनील कुमार श्रीवास्तव सहित भाजपा कार्यकर्ता थे.

# संपादकीय

कामयाब होने के लिए स्वयं पर भरोसा होना चाहिए

कोलकाता | गुरुवार | 8 मई 2025

## बेकाबू ट्रोलर्स

मुसलमानों या कश्मीरियों के खिलाफ नफरत न फैलाने की अपील करने वाली हिमांशी नरवाल और एक बच्ची से दरिंदगी के खिलाफ सड़क पर उतरे लोगों की मर्यादाहीन भाषा पर एतराज करने वाली शैला नेगी के साथ जिस तरह की अभद्र टिप्पणियों और धमकियों का सामना करना पड़ रहा है, वह पूरे देश के लिए शर्मनाक और अफसोसजनक है. ट्रोलिंग करने वालों ने सारी मर्यादा तोड़ दी. एक महिला की गरिमा का भी ख्याल नहीं किया. सोशल मीडिया पर किसी की ट्रोलिंग अब बेहद आम हो चुकी है. ट्रोलर्स ऐसी लहर की तरह बर्ताव करते हैं, जिसके सामने कोई नियम-कायदा, नैतिकता या मर्यादा नहीं टिकती. हिमांशी इसी ट्रेंड का शिकार हुईं और यही देखने को मिला नैनीताल में शैला नेगी के साथ. जरूरत यह थी कि समाज इन दोनों हिम्मती और विवेकशील लड़कियों का साथ देता. लेकिन इन्हें गालियां और धमकियां मिल रही हैं. संविधान ने सभी को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार दिया है. लेकिन इस आजादी का एक निश्चित दायरा है. यह अभिव्यक्ति किसी दूसरे की स्वतंत्रता और गरिमा पर चोट करने वाली नहीं होनी चाहिए. सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग करते हुए कई लोग इस बात को भूल जाते हैं. उन्हें बात रखने की अपनी आजादी तो नजर आती है, सामने वाले का अधिकार और उसकी गरिमा का ध्यान नहीं रहता. किसी की बातों से सहमत या असहमत हुआ जा सकता है, लेकिन इसे व्यक्त करने का तरीका शालीन होना चाहिए. सोशल मीडिया पर गाली-गलौज या अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है. जब ऐसी भाषा पारिवारिक या सामाजिक जीवन में नहीं चलती, तो सोशल मीडिया पर कैसे चल सकती है, जिसका दायरा कहीं ज्यादा बड़ा है. अगस्त 2023 में शीर्ष अदालत ने तमिलनाडु के पूर्व विधायक और अभिनेता एस वी शेखर को महिला पत्रकारों के खिलाफ फेसबुक पर अपमानजनक टिप्पणी लिखने के मामले में राहत देने से इनकार करते हुए कहा था कि सोशल मीडिया इस्तेमाल करते समय इसके प्रभाव और पहुंच को लेकर सतर्क रहना चाहिए. वैसे सोशल मीडिया पर ही हिमांशी और शैला को सपोर्ट करने वाले भी हैं. यह सुखद तो है, पर समस्या का हल नहीं. सोशल मीडिया पर गाइडलाइंस को लेकर सोचने की जरूरत है. रेप की धमकियों का सामना कर रहीं शैला का यह सवाल सबके लिए है कि लोग किस बात को लेकर सड़क पर उतरे थे और कहां पहुंच गए.

## आतंक पर भारत का सटीक प्रहार



– डॉ. मयंक चतुर्वेदी

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को जो हुआ, उसे दुनिया ने देखा और हर देशभक्त की आंखें उस दिन नम थीं अपने भारतीय नागरिकों के लिए. देशभर से एक ही आवाज उठ रही थी कि पाकिस्तान के इस आतंकपरस्त कदम का भारत सटीक जवाब दे. इसके बाद जिस तरह से कूटनीतिक स्तर पर मोदी सरकार ने एक के बाद एक कदम आगे बढ़ाए और अंतिम कदम के रूप में यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल (यूएनएससी) की मीटिंग में पाकिस्तान से जैसे तीखे सवाल किए गए, जिनके जवाब देते उसे नहीं बना. उसके बाद सीधे भारत का पाकिस्तान में नौ जगहों पर मिसाइलों से हमला करना आज यह बताने के लिए प्रयाप्त है कि भारत अब अपने हितों के लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है. यदि कोई उसे आंख दिखाएगा तो उन आंखों को फोड़ देने में उसे देर नहीं लगनेवाली है. वास्तव में आज भारतीय सेनाओं की आतंकवाद के विरोध में की गई यह सयुक्त कार्रवाई प्रत्येक भारत वासियों को आत्म गौरव से भर रही है. वैसे भी पराक्रम का स्वभाव ही है कि वह उत्साह से भर देता है. पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा ही था कि आतंक को इस बार ऐसा जवाब दिया जाएगा जो कल्पना से परे होगा और आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का काम किया जाएगा और वही हुआ. इस हमले में भारत ने 100 से ज्यादा आतंकियों को मारा है. इसके साथ ही भारत ने एक संदेश यह भी दिया है कि यदि पाकिस्तान ने फिर से कोई कायराना हरकत की तो भारत पुन: इस तरह का कदम उठाएगा. इसके साथ ही भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर सर्जिकल स्ट्राइक' पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ने जो प्रतिक्रिया दी है. इससे पहले रूस का भारत को समर्थन देना हो या यूरोपियन देशों समेत कई मुस्लिम देशों से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भारत को साथ मिलना हो, यह सभी कदम पूरी तरह से भारत के पक्ष में जाते हैं. दूसरी ओर पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने पुष्टि की है, भारत ने मुजफ्फराबाद, कोटली और बहावलपुर में हमले किए हैं. जब एक दिन पहले यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल (यूएनएससी) में पाकिस्तान से पूछा जा रहा था कि क्या पहलगाम अटैक में लश्कर-ए-तैयबा शामिल था ? तब इस प्रश्न का कोई जवाब पाकिस्तान नहीं दे पाया था. दूसरे ही दिन भारत ने इसका उत्तर आतंक पर मिसाइलें दाग कर दे दिया. वस्तुत: भारतीय सेना ने पाकिस्तान के बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के हेडक्वार्टर को निशाना बनाया है. मुरीदके में लश्कर ए तैयबा के हेडक्वार्टर पर हमला किया. मुरीदके में ही लश्कर का मरकज-ए-तैयबा परिसर है, जहां आतंकियों को ट्रेनिंग दी जाती है. इसके अलावा भारत ने मुजफ्फराबाद में बिलाल मस्जिद और कोटली में अब्बत मस्जिद को निशाना बनाया है. फिर मुजफ्फराबाद में हिजबुल मुजाहिद्दीन के अड्डे को निशाना बनाया. इसी तरह से कोटली में टेरर कैंप, भिंबर में टेरर लॉन्च पैड, गुलपुर में टेरर लॉन्च पैड, चक अमरू में टेरर लॉन्च पैड और सियालकोट में आतंकी कैंप को निशाना बनाया है. इसे यदि और गहरी स्पष्टता के लिए समझें तो मरकज सुब्हान अल्लाह, बहावलपुर - जैश-ए-मोहम्मद का प्रमुख अड्डा. सरजल, तेहरा कलां - जैश-ए-मोहम्मद का दूसरा अड्डा. मरकज अब्बास, कोटली - जैश-ए-मोहम्मद का तीसरा आतंकी ट्रेनिंग स्थान. सैयदना बिलाल कैंप, मुजफ्फराबाद - जैश-ए-मोहम्मद के चौथे स्थल. मरकज तैयबा, मुरीदके - लश्कर-ए-तैय्यबा का प्रमुख स्थान. मरकज अहले हदीस, बरनाला - लश्कर-ए-तैय्यबा का दूसरा प्रमुख स्थल. शावई नाला कैंप, मुजफ्फराबाद - लश्कर-ए-तैय्यबा का तीसरा बड़ा प्रमुख आतंकी अड्डा. महमूना जोया, सियालकोट - हिजबुल मुजाहिद्दीन के आतंकी ट्रेनिंग स्थल और मस्कर राहील शाहिद, कोटली - हिजबुल मुजाहिद्दीन का दूसरा बड़ा आतंकी स्थल है, जहां पर यह भारत की एयर स्ट्राइक की गई है. कुल मिलाकर यहां जो स्पष्ट रूप से दिखाई दिया है, वह है कि भारतीय सेना ने जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिद्दीन और लश्कर-ए-तैयबा जैसे तीन प्रमुख आतंकवादी संगठनों के ठिकानों पर सटीक हमला किया है, जिसमें इन आतंकी संगठनों के ठिकाने बहुद हद तक तबाह हुए हैं. पूरी कार्रवाई भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम से की है. भारतीय सेनाओं के संयुक्त बयानों से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि पाहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेते हुए, इन नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है. ये वही ठिकाने हैं, जहां से भारत पर आतंकी हमलों की साजिश रची जा रही थी और उन्हें अंजाम दिया जा रहा था. भारत अपने ऊपर होने वाले किसी भी वार को नहीं सहेगा, बल्कि उसका कठोरतम तरीके से जवाब देता रहेगा. यहां यह भी देखने में आया ही कि 'ऑपरेशन सिंदूर सर्जिकल स्ट्राइक' से पूर्व भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट कर संकेत साफ दे दिया था कि अब वह कुछ बड़ा करने जा रही है. इसमें लिखा ही था, प्रहाराय सन्निहिताः, जयाय प्रशिक्षिताः और Ready to Strike, Trained to Win! मतलब साफ था कि पहलगाम हमले का बदला आज ही लिया जाएगा. और वह अब ले लिया गया है. वहीं, भारतीय सेना का यह कहना कि 'पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया, आतंकी ठिकाने को निशाना बनाया गया है.' यह स्पष्ट कर देता है कि भारत की लड़ाई किसी देश से नहीं, सीधे आतंकवाद के विरोध में है. फिर भी यदि पाकिस्तान की तरफ से कुछ भी भारत के विरोध में कोई बड़ा कदम उठाया जाता है तो भारत की तरफ से संकेत साफ है कि इससे भी भयंकर अटैक भारत अपनी ओर से करने के लिए तैयार है. निःसंदेह जिनसे बचना पाकिस्तान के लिए कहीं से भी संभव नहीं होगा. इसके साथ ही आज की कार्रवाई पहलगाम में आतंकी हमले के वक्त आतंकवादियों की भारतीय प्रधानमंत्री के नाम संपूर्ण भारत की संप्रभुता को दी गई उस चुनौती को भी याद दिलाती है. जिसमें पुरुष पर्यटकों को धर्म देखकर गोली मारते वक्त इन आतंकियों ने कहा था कि 'मोदी को बता देना.' तो जो बताने के लिए कहा गया, वास्तव में यह उस संदेश का एक छोटा-सा किंतु बहुत मुखर और प्रभावी जवाब है. यदि अब भी पाकिस्तान इस्लाम के नाम पर जिहाद और आतंकवाद को भारत के विरोध में इस्तेमाल करता है, तो आज की भारत की कार्रवाई से आप यही मान सकते हैं कि आगे भारत आतंक के विरोध में बहुत बड़ा कदम उठाएगा.

# ...बदला हुआ भारत, बदला लेना जानता है



– डॉ. आशीष वशिष्ठ

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के एक पखवाड़े बाद भारत ने इसका जवाब उपयुक्त और निर्णायक ढंग से दिया. 6/7 मई की मध्यरात्रि भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके में आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाकर एयर स्ट्राइक की. इस कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकवादियों के मारे जाने और कई अन्य के घायल होने की खबरें आ रही हैं. भारत ने इस जवाबी कार्रवाई को नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'. ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर हत्या कर दी थी. इस सैन्य कार्रवाई को केवल रणनीतिक पलटवार नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस स्पष्ट संकल्प की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है, जो उन्होंने हमले के दो दिन बाद बिहार के मधुबनी से दिया था. 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के मौके पर मधुबनी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम हमले पर गहरा शोक प्रकट किया और देशवासियों से दो मिनट का मौन रखवाया. इसके बाद उन्होंने एक कड़े और प्रतिज्ञाबद्ध स्वर में कहा था- मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सज़ा मिलेगी. बिहार मधुबनी में प्रधानमंत्री का दिया गया बयान अब 'ऑपरेशन सिंदूर' के रूप में धरातल पर उतर चुका है, जिसमें आतंकी नेटवर्क की जड़ें हिलाकर रख दी गई हैं. ऑपरेशन सिंदूर के लिए जिन आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाया गया है, उनमें से चार पाकिस्तान में और पांच पीओके में हैं. पहलगाम में आतंकी हमला कोई पहली घटना नहीं था जिसको पाक का समर्थन प्राप्त था. दशकों से पाकिस्तान में पले-बढ़े और प्रशिक्षित आतंकी भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देते आए हैं. लेकिन हर बार घटना के बाद भारत सरकार का रवैया जबानी जमा खर्च तक रहा. दो चार दिन की बयानबाजी और कागजी कार्रवाई के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ती रही. और पाकिस्तान अपनी कारस्तानियों से बाज नहीं आया. 26 नवंबर 2008 की रात, भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई उस समय दहल उठी जब पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने समुद्र के रास्ते शहर में प्रवेश किया. हमले के दौरान, भारतीय सुरक्षा बलों, जिसमें मुंबई पुलिस, एनएसजी और अन्य कमांडो शामिल थे, ने तीन दिनों तक ऑपरेशन चलाया. इस ऑपरेशन में 9 आतंकी मारे गए, लेकिन अजमल कसाब को 27 नवंबर 2008 को जुहू चौपाटी पर जिंदा पकड़ लिया गया. इस हमले में 166 लोग मारे गए, जिनमें 26 विदेशी नागरिक भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए. तत्कालीन कांग्रेस नीत यूपीए सरकार केंद्र की सत्ता में थी. प्रधानमंत्री थे डॉ. मनमोहन सिंह. इस घटना के बाद तत्कालीन भारत सरकार का रवैया जगजाहिर है. असल में तत्कालीन सत्तासीन दल का पूरा जोर इस बात पर था कि इस हमले में शामिल लोगों को हिंदू साबित किया जाए, जिससे वो हिंदू आतंकवाद की थ्योरी को स्थापित कर सके. गनीमत यह रही कि आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ लिया गया. वरना सुरक्षाबलों द्वारा मारे गए आतंकियों के हाथों मे षड्यंत्र पूर्वक बंधे कलावे से ही सरकार हिंदू आतंकवाद की थ्योरी स्थापित करने में सफल हो जाती. 12 मार्च 1993 को मुंबई के विभिन्न इलाकों खासकर हिंदू आबादी बहुल में 13 सिलसिलेवार बम धमाके हुए, जिसमें 257 निर्दोष




नागरिकों की जान चली गई और 700 से ज्यादा निर्दोष नागरिक घायल हो गए. उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी. पीवी नरसिंह राव देश के प्रधानमंत्री थे. 13 दिसंबर 2001 को, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैय्यबा नामक आतंकवादी संगठनों के पांच आतंकवादियों ने भारत की संसद पर एक घातक हमला किया. इस आतंकी हमले का मुख्य आरोपी मोहम्मद अफजल गुरु था. इस हमले में दिल्ली पुलिस के पांच जवान, एक महिला कांस्टेबल और दो सुरक्षा गार्ड शहीद हो गए. 24 सितंबर 2002... शाम के करीब पौने पांच बजे का समय, ये वो दिन था जब गुजरात के अक्षरधाम मंदिर को आतंकियों ने अपना निशाना बनाया. इस आतंकी हमले में मंदिर परिसर में मौजूद 32 श्रद्धालुओं और 3 सुरक्षाकर्मियों की जान गई थी. आतंकियों ने हथियारों से लैस होकर श्रद्धालुओं को निशाना बनाया था. इस घातक हमले में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकवादियों का संबंध था. आतंकवादियों को एनएसजी कमांडो ने मार गिराया था. संसद और अक्षरधाम हमले के समय देश में भाजपा नीत एनडीए के नेता प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी गठबंधन की सरकार चला रहे थे. देश में आतंकी घटनाओं की लंबी फेहरिस्त है. चूंकि देश में सबसे ज्यादा लंबे समय तक कांग्रेस का राज रहा है. ऐसे में पाक समर्थित आतंकवाद से निपटने के लिए बयानबाजी और डोजियर भेजने का जो तरीका कांग्रेस की सरकार ने शुरू किया, वो रिवायत 2014 तक जारी रही. हर आतंकी हमले के बाद भारत ने जिस तरह रिएक्ट किया, उससे पूरी दुनिया में यह मैसेज गया कि भारत एक 'सॉफ्ट स्टेट' है. भारत के इस टालू और ठंडे रवैये से पाकिस्तान के हौसले बुलंद हुए. 2004 से 2014 में कांग्रेस नीत यूपीए सरकार के शासन में आतंकियों के हौसले इतने बुलंद थे कि वो जहां चाहते थे आसानी से हमले को अंजाम दे देते थे. उन्हें पता था कि भारत सरकार का रवैया बयानबाजी और कागजी लिखा पढ़ी से ज्यादा कुछ नहीं होगा. वर्ष 2014 में केंद्र की सत्ता में भाजपा नीत एनडीए सरकार का आगमन हुआ. जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं. मोदी सरकार ने सत्ता संभालने के साथ आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करना शुरू किया. जिसका नतीजा यह रहा है कि कश्मीर को छोड़कर देश के किसी हिस्से में आतंकी घटनाओं की खबर सामने नहीं आई. कश्मीर में स्थानीय लोगों की मदद से आतंकियों और उनके सरगनाओं के हौसले बुलंद है. 2019 में धारा 370 को हटाने के बाद घाटी के हालात तेजी से बदले. के बाद से देश में आतंकी घटनाओं का ग्राफ गिरा है. 18 सितंबर 2016 में जम्मू-कश्मीर स्थित उरी भारतीय सेना के ब्रिगेड हेडक्वार्टर पर जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादियों ने सुबह सवेरे घात लगाकर हमला किया. हमले में हमारे कई जवान शहीद हुए. इस हमले के महज 10 दिन बाद भारतीय जवानों ने 28-29 सितंबर की दरम्यानी रात को पीओके में सीमा के भीतर तीन किलोमीटर अंदर तक घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर डाला. पाकिस्तान को सबक सिखाने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता था. जम्मू कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 की शाम करीब तीन बजे सीआरपीएफ के एक काफिले को श्रीनगर-जम्मू हाईवे पर आतंकी हमला हुआ था. इस हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे. इस हमले का बदला लेने के लिए भारत ने एयर स्ट्राइक का विकल्प चुना था. इन दो बड़ी घटनाओं के बाद मोदी शासनकाल में पहलगाम घटना सामने आई है. जिसका प्रत्युत्तर मोदी सरकार ऑपरेशन सिंदूर के तौर पर दिया है. चूंकि आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदू पुरुषों की हत्या उनकी पत्नी और परिवार के सामने की. आतंकियों ने हिंदू महिलाओं का सुहाग उजाड़ कर उनके माथे के गौरव सुहाग चिह्न सिंदूर को पोंछने का कुकृत्य किया था. इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने नापाक पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए हुए ऑपरेशन का नामकरण सिंदूर रखकर दुनिया को यह संदेश दिया है कि निर्दोष नागरिकों को मारकर सुहाग उजाड़ने और सिंदूर मिटाने वाले ज्यादा दिन सांस नहीं ले पाएंगे. पहलगाम आतंकी घटना में हुई नृशंसता के बारे में भारत की बेटियों ने रो-रोकर पूरी दुनिया को बताया था. पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने उजाड़ने के बाद भारतीय सैनिकों की वीरता की कहानी भी प्रेस वार्ता के माध्यम से भारत की दो बेटियों कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ही पूरी दुनिया के सामने रखी. इस ऑपरेशन के जरिये भारत ने फिर स्पष्ट किया है कि अब कोई आतंकी हमला बिना जवाब के नहीं जाएगा. यह कार्रवाई सिर्फ एक सैन्य उपलब्धि नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक इच्छा का परिणाम है. प्रधानमंत्री के शब्दों में- अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है. ***(राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार)***



## आपका जन्मदिन मंगलमय हो

**8 मई**

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ. आपका जन्मतिथि 8 मई है. अंक ज्योतिष के अनुसार आपकी जन्मतिथि का स्वामी ग्रह शनि है. इस माह का अधिपति ग्रह शुक्र है. आपके जीवन पर शुक्र एवं शनि ग्रह का प्रभाव रहेगा. आकर्षक व्यक्तित्व के धनी होंगे. आप हंसमुख स्वभाव के होंगे जिस कारण अनजान व्यक्ति भी आपके सम्पर्क में आ जायेगा. आपके जीवन में अनेकों बार उतार-चढ़ाव के क्षण आयेंगे. लेकिन कार्य सामान्य रूप से करते रहेंगे. आप में ईर्ष्या की भावना अधिक रहेगी. आप ऊपर से कठोर होते हुए भी अन्दर में अत्यन्त कोमल एवं दयालु होंगे. आप अनुशासन को ज्यादा महत्व देंगे. मित्रों के लिए बेहतर मित्र साबित होंगे लेकिन शत्रुओं के लिए आपके दिल में कोई स्थान नहीं रहेगा. धार्मिक व अध्यात्मिक कृत्यों की और आपका झुकाव रहेगा. सुक्ष्मदर्शिता आपका विशेष गुण होगा. जनकल्याण की ओर भी आपका रुझान रहेगा. आर्थिक पक्ष को ज्यादा महत्व देंगे. सुख-समृद्धि हेतु नियमित रूप से देव अर्चना करें. अपने दैनिक जीवन में हरा रंग, नीला रंग का प्रयोग अधिकतम करें. काले रंग की वस्तुओं का दान भी करें. गाय को रोजाना मीठी रोटी खिलावें. सदाचार का पालन करें. हिंसा जनित कार्य न करें. लाभ मिलेगा. भाग्योदय के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें.

**आपके लिए अनुकूल :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मन्त्र | : | ॐ शं शनैश्चराय नमः | मास | : | जनवरी, अप्रैल एवं दिसम्बर |
| व्रत | : | शनिवार | वर्ष | : | 8, 17, 26, 35, 44, 53, 62, 71 |
| दिन | : | सोमवार, गुरुवार एवं शनिवार | रंग | : | हरा, नीला, काला एवं भूरा |
| दिनांक | : | 8, 17, 26 | जन्मरत्न | : | नीलम |
| उपरत्न | : | नीली | अंक | : | 2, 4, 6, 7 |
| जड़ी | : | लाल चन्दन की जड़ | | | |

**यंत्र**

| | | |
|---|---|---|
| 12 | 7 | 14 |
| 13 | 11 | 9 |
| 8 | 15 | 10 |

*वर्ष का महत्वपूर्ण समय – 20 जनवरी से 20 फरवरी, 20 सितम्बर से 20 अक्टूबर*

*हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित व अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद*

**विमल जैन** एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, पंचक्रोशी मार्ग, भोजूबीर, वाराणसी-221002 मो0 : 09335414722



## आपका आज का दिन 2025

**मेष** : बुद्धि-विवेक से संकल्प सिद्धि, प्रियजनों-मित्रों से विचार-विमर्श, राजनैतिक लाभ लेने हेतु प्रयत्नशील, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल.

**वृषभ** : भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, आशा की पूर्ति, पारिवारिक वातावरण मनोनुकूल, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल, नवसम्पर्क लाभदायी.

**मिथुन**: समय प्रतिकूल, धन का अभाव, योजना अधूरी, आपसी संबंधों में तनाव, मानसिक उलझन, व्यावसायिक उन्नति में बाधा, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य.

**कर्क** : समय अशुभ, अभीष्ट कार्यों में परेशानी, मानसिक बेचैनी, पूँजी का प्रतिफल न मिलने से कष्ट, प्रतिष्ठा पर आघात, पदोन्नति में व्यवधान, अनावश्यक भ्रमण.

**सिंह** : स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार, मनोभिलाषित योजनाओ में सफलता, दूसरों के आश्वासनों से राहत, बुद्धि चातुर्य से संकल्प सिद्धि, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ.

**कन्या**: ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, किसी योजना का श्रीगणेश, समस्या का समाधान, शिक्षा में सफलता, आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर.

**तुला**: कार्य व्यवस्था में असफलता, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, शंका से मतभेद, मानसिक अशांति, आय की तुलना में व्यय की अधिकता.

**वृश्चिक** : साहसिक प्रयास प्रगति पर, इच्छित पद की प्राप्ति, किसी के माध्यम से उपलब्धि, आपसी संबंध मधुर, बकाए धन की प्राप्ति, सुसमाचार से खुशी, यात्रा सफल.

**धनु** : कार्य-व्यवसाय में विस्तार, दूसरों के आश्वासनों से राहत, मानसिक शांति, उत्तरदायित्व की पूर्ति, संतान पक्ष का उत्कर्ष, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग.

**मकर**: आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों से विचार विमर्श, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, प्रेम संबंधों में अत्यधिक प्रगाढ़ता.

**कुम्भ**: सफलता में संदेह, लाभ में कमी, मित्रों से मनमुटाव, अकेलेपन की अनुभूति, आर्थिक हानि, आलस्य की अधिकता, आपके व्यवहार से दूसरों को तकलीफ.

**मीन**: समय संतोषजनक, व्यापार में विस्तार, राजनीतिक कृत्यों में अभिरुचि, विवाद के समापन में प्रियजन सहायक, जनकल्याण की भावना जागृत.

**- ज्योतिषाचार्य विमल जैन, वाराणसी, मो. नं. 09335414722**

# मानव धर्म-शास्त्र

लेखक : लक्ष्मी नारायण मीणा



मानव धर्मशास्त्र के प्रणेता
अवधूत देवी दास जी महाराज

### अष्टम स्कन्ध

***जन्मत सुत रां उच्चारी । पीड़ा प्रसव विगत महतारी ।।***
***चहुँदिसि भयउ प्रकृति उछाहु । मंगल सुगन अनुकूल सबाहु ।।***

व्याख्या - जन्म लेते ही पुत्र ने रां नाम का उच्चारण किया, जिससे माता की प्रसव पीड़ा तुरन्त दूर हो गई । चारों तरफ प्रकृति में उत्साह छा गया तथा समस्त मंगलकारी सगुन होने लग गए ।

***समाचार सुनि ऋषि सब आए । देखि मुख छवि आशीष बरसाए ।।***
***बालक इहँ होइब ब्रम्ह ग्यानी । सकल ऋषि मुनि कहा बखानी ।।***

व्याख्या - समाचार सुनकर सब ऋषि आए और बालक की छवि देखकर आर्शीवाद देने लगे । सब ऋषि - मुनियों ने कहा कि यह बालक ब्रम्हज्ञानी होगा ।

***दो - हुआ न होइब योगी ऐहि सम बाल कपाल असि परी रेख ।***
***नाम कपिल भल होइब इँह कहहिं ऋषि जन नक्षत्र देख ।।5।।***

व्याख्या - ऋषि लोग नक्षत्रों का विचार कर कहने लगे कि इस बालक के समान योगी न तो कोई हुआ है और न होगा । क्योंकि बालक के कपाल पर ऐसी रेखा है । अत: इस बालक का नाम ' कपिल ' अच्छा होगा ।

***ब्रम्ह चिन्तन करहि दिनु राति । भयउ बड़ कपिल ऐहि भांति ।।***
***मुनि आश्रम भा आनन्द धामा । सुत क्रीड़ा मुदित कर्दम बामा ।।***

व्याख्या - ब्रम्ह का रात - दिन चिन्तन करते हुए कपिल बड़ा होमे लगा । मुनि कर्दन का आश्रम आनन्द का घर बन गया तथा पुत्र की क्रीड़ा देखकर कर्दम की पत्नी प्रसन्न रहने लगी ।

# सुधार का मार्ग खोलती सुप्रीम कोर्ट की पहल



– के. एस. तोमर

सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक सुधार की दिशा में ऐतिहासिक पहल की है. जिसका मकसद न केवल न्यायिक नियुक्तियों की प्रक्रिया में गुणवत्ता और पारदर्शिता यकीनी बनाना है, बल्कि राजनीतिक हस्तक्षेप और भाई-भतीजावाद सीमित करने का भी प्रयास है. हाईकोर्ट्स द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ताओं की नियुक्ति हेतु भेजे गए नामों पर विचार करते समय अब सुप्रीम कोर्ट में इंटरव्यू प्रक्रिया को अनिवार्य किया गया है, जो लीक से हटकर नया कदम है. परंपरा रही कि उच्च न्यायालयों द्वारा भेजी गई अनुशंसाएं सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम द्वारा प्रायः बिना व्यक्तिगत मूल्यांकन के स्वीकृत कर ली जाती थीं. परंतु अब सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और दो वरिष्ठतम न्यायाधीशों ने यह परंपरा तोड़ते हुए व्यक्तिगत इंटरव्यू अनिवार्य किया है, जो अनुशंसित अधिवक्ताओं की न्यायिक नियुक्तियों से पूर्व एक अतिरिक्त मूल्यांकन की परत जोड़ेगा. यह फैसला न्यायपालिका की चयन प्रक्रिया में परिपक्वता का संकेत है, वहीं उस आलोचना का उत्तर भी है जो कॉलेजियम प्रणाली की पारदर्शिता व जवाबदेही की कथित कमी को लेकर होती रही है. वर्ष 1993 के दूसरे न्यायाधीश केस और 1998 के तीसरे न्यायाधीश केस के फैसलों के तहत स्थापित कॉलेजियम प्रणाली ने न्यायपालिका को कार्यपालिका से स्वतंत्रता तो दिलाई, परंतु इसके भीतर पारदर्शिता व जवाबदेही की संरचनात्मक कमी के आरोप सामने आते रहे. आलोचकों के मुताबिक, इस प्रक्रिया में अक्सर व्यक्तिगत संबंधों और सिफारिशों को महत्व दिया जाता है, जिससे योग्यता से समझौता होता है. अब जब इंटरव्यू प्रक्रिया को जोड़ा गया है, तो यह केवल दस्तावेजों और बंद कमरों में होने वाली चर्चा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उम्मीदवारों के व्यक्तित्व, विचारशीलता और न्यायिक मूल्यों का प्रत्यक्ष मूल्यांकन संभव होगा. इंटरव्यू एक ऐसा सशक्त उपकरण है जो केवल विधिक ज्ञान ही नहीं बल्कि उम्मीदवार की नैतिकता, तर्कशक्ति, संवेदनशीलता और न्यायिक दृष्टिकोण का भी मूल्यांकन कर सकता है. अमेरिकी सीनेट न्यायिक समिति द्वारा जजों के साक्षात्कार या ब्रिटेन के ज्यूडिशियल अपॉइंटमेंट्स कमीशन की प्रक्रिया की तरह यह कदम भारत को वैश्विक मानकों की दिशा में आगे ले जाता है. पारंपरिक प्रक्रिया में सीवी और सिफारिश-पत्रों के जरिये उम्मीदवारों का आकलन किया जाता था, जो अक्सर वास्तविक क्षमताएं उजागर करने में विफल रहते थे. इंटरव्यू के जरिये प्रत्याशियों की तात्कालिक सोच, नैतिक निर्णय लेने की क्षमता और जटिल कानूनी या नैतिक परिदृश्यों में व्यवहार की क्षमता की जांच संभव हो सकेगी. वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट के चार वरिष्ठ न्यायाधीशों द्वारा सार्वजनिक रूप से अदालत के आंतरिक कामकाज पर सवाल उठाना दर्शाता है कि सिस्टम के भीतर भी असंतोष व्याप्त था. इंटरव्यू की शुरुआत न केवल जनता के विश्वास बहाली में मदद करेगी, बल्कि यह दर्शाएगी कि न्यायपालिका सुधार की दिशा में स्वेच्छा से कदम उठा रही है. हालांकि, इंटरव्यू प्रणाली पूर्णत: दोषरहित नहीं. इसकी स्वाभाविक सीमा विषयपरकता है. यदि कोई मानकीकृत मूल्यांकन मापदंड नहीं बनाए गए, तो पैनल के व्यक्तिगत पूर्वाग्रह, सवाल पूछने की शैली या प्रत्याशियों की वक्तृत्व क्षमता जैसे कारक निर्णय को प्रभावित कर सकते हैं. इसका समाधान है कि सुप्रीम कोर्ट एक स्पष्ट मूल्यांकन ढांचा तैयार करे. भारत के 25 उच्च न्यायालयों में 1,100 से अधिक स्वीकृत न्यायिक पद हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में नियुक्तियां लंबित हैं. यदि प्रत्येक अनुशंसित अधिवक्ता का इंटरव्यू सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा किया जाएगा, तो इससे समय, संसाधनों और मानवीय क्षमता पर भारी दबाव पड़ेगा. वर्ष 2023 के अंत तक उच्च न्यायालयों में करीब 30 प्रतिशत पद रिक्त थे, और देश में करीब 4 करोड़ मामले लंबित थे. ऐसे में इंटरव्यू प्रक्रिया इस तरह डिज़ाइन करनी होगी कि यह नियुक्ति प्रक्रिया को और अधिक विलंबित न करे. इस नए सुधार को न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच शक्ति संतुलन के निरंतर संघर्ष के संदर्भ में भी देखा जाना चाहिए. साल 2014 में सरकार द्वारा न्यायिक नियुक्तियों में कार्यपालिका की भूमिका बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) का गठन किया गया था, जिसे 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक घोषित कर दिया. अब जब न्यायपालिका स्वयं सुधार ला रही है, तो यह न केवल अपनी स्वायत्तता की रक्षा का प्रयास है, बल्कि बाहरी हस्तक्षेप की संभावना कम करने की रणनीति भी हो सकती है. भारत की उच्च न्यायपालिका में महिलाओं, अनुसूचित जाति/ जनजाति, ओबीसी और धार्मिक अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व आज भी न्यूनतम है. साल 2022 में उच्च न्यायालयों में महिला न्यायाधीशों की संख्या मात्र 13 प्रतिशत थी. यदि इंटरव्यू प्रक्रिया को समावेशिता की दृष्टि से अपनाया गया, तो यह हाशिये पर खड़े प्रतिभावान अधिवक्ताओं को न्यायिक मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है. सुप्रीम कोर्ट द्वारा न्यायिक नियुक्तियों में इंटरव्यू को शामिल करना प्रशंसनीय पहल है, जो न्यायिक प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और योग्यता आधारित बनाने की दिशा में अग्रसर है. यह न्यायपालिका के आत्म-सुधार की इच्छा और लोकतंत्र में उसकी नैतिक भूमिका को परिभाषित करता है. हालांकि इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि इसे कैसे लागू किया जाता है. ***(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं. ये उनके निजी विचार हैं)***

## न्यूज कॉर्नर

### ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के बाद बढ़ाई गयी बिहार के मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा व्यवस्था

**पटना:** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के बाद अब अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से सटे राज्यों की सुरक्षा को और मजबूत कर दिया गया है. इसके तहत बिहार की सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गयी है. राजधानी पटना में मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है. यहां आनेवाली सभी गाड़ियों की चेकिंग के लिए डॉग स्क्वायड की टीम तैनात कर दी गई है. मुख्यमंत्री आवास में जानेवाली किसी प्राइवेट गाड़ी को बिना डॉग स्क्वायड की टीम की जांच के बगैर जाने की अनुमति नहीं होगी. पाकिस्तान और नेपाल से सटे भारतीय सीमाओं पर सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार सतर्क हो गई है. इसी के तहत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को एक आपात बैठक बुलाई, जिसमें सीमावर्ती राज्यों के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक शामिल हुए. यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई और इसका उद्देश्य भारत की आंतरिक सुरक्षा की समीक्षा करना था.

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा ने मनाया जश्न, बांटी मिठाई

**कटिहार:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कटिहार के जिला अध्यक्ष मनोज राय के नेतृत्व में शहर के शहीद चौक पर आतंकवाद के सफाया हेतु अति प्रभावशाली सर्जिकल स्ट्राइक ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के अवसर पर जश्न मनाया गया. इस मौके पर कोढ़ा विधायक कविता पासवान, महापौर उषा देवी अग्रवाल, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे. ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए जिला अध्यक्ष मनोज राय ने कहा कि यह कार्रवाई आतंकवाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर को नेस्तनाबूद करने और भारत में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों का समूल नाश करने के लिए की गई है. उन्होंने कहा कि नया भारत अब चुप नहीं बैठेगा और हर साजिश का मुंहतोड़ जवाब देगा. नेताओं ने भारत की सेनाओं और प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी निर्णायक शक्ति ने देश के 140 करोड़ भारतीयों को सम्मान दिलाया है. इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया और भारत माता की जय एवं वीर सैनिक जिन्दाबाद के नारे लगाए.

### बेटियों की सुहाग उजाड़ने वालों को ऑपरेशन सिंदूर से मिला करारा जवाब: सांसद

**फारबिसगंज/अररिया:** भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के नौ प्रमुख आतंकी ठिकाने पर मिसाइल से हमला कर ध्वस्त कर दिया, भारतीय सेना द्वारा किए गए इस अद्भुत व अकल्पनीय कार्रवाई पर अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने खुशी जाहिर कर अदम्य साहस और शौर्य भरी वीरता के लिए भारतीय सेना का आभार व अभिनंदन व्यक्त किया. सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना द्वारा की गई इस कार्रवाई पर पूरे हिंदुस्तानियों को गर्व है. भारतीय सेना ने पहलगाम में हुए खूनी हमला का बदला खून से लिया. सेना द्वारा की गयी इस तरह का जवाबी हमला, बदलते भारत का परिचय देता है. आज का यह नया भारत आतंकवाद और आतंकियों के खात्मे के लिए सक्षम होने के साथ कटिबद्ध भी है. आतंक के खिलाफ हमारी इस लड़ाई में पूरा विश्व भारत सरकार के साथ है.

### बाइक व स्कूटी की आमने-सामने हुई भिड़न्त, छात्र की मौत व अधेड़ घायल

**प्रयागराज:** धूमनगंज थाना क्षेत्र के मुण्डेरा मंडी चुंगी के समीप बुधवार को मोटरसाइकिल और स्कूटी की हुई आमने-सामने हुई भिड़ंत में छात्र की मौत हो गई. स्कूटी चालक अधेड़ घायल हो गया. सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की. पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती ने बताया कि धूमनगंज के जयरामपुर मोहल्ला निवासी नितिन कुमार 20 वर्ष पुत्र राजेश कुमार पटेल बुधवार को घर से मोटर साइकिल लेकर कहीं जाने के लिए निकला. मुंडेरा मंडी चुंगी के पास सामने आ रही स्कूटी से उसकी मोटर साइकिल अचानक भिड़ गई. हादसे में स्कूटी चालक व नितिन कुमार पटेल गम्भीर रूप से घायल हो गए. हादसे की खबर मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया. जहां से चिकित्सकों ने नितिन की हालत नाजुक होने की वजह से स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय के लिए भेज दिया. लेकिन उसकी रास्ते में मौत हो गई. सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की.

### पुलिस पर फायरिंग मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**नालंदा:** नालंदा जिले में पुलिस पर फायरिंग के मामले में नालंदा थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. जबकि फरार चल रहे अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है. हिलसा अनुमंडल के डीएसपी गोपाल कृष्णा ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 अप्रैल को इस्लामपुर थाना क्षेत्र के बरडीह गांव के पश्चिमी खंधा में कुछ अपराधी शराब पीने के लिए एकत्रित थे. इस संबंध में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी. सूचना के आधार पर जब पुलिस वहां छापेमारी करने पहुंची तो अपराधियों ने पुलिस पर अचानक फायरिंग शुरू कर दी. इस हमले में दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे. अन्य बाल-बाल बच गए थे. घटना के बाद नालंदा के पुलिस अधीक्षक भारत सोनी के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई जिसने गुप्त सूचना के आधार पर जहानाबाद जिले के टेहटा थाना अंतर्गत धीरा विगहा गांव से इस मामले में शामिल इस्लामपुर थाना क्षेत्र के रोहीण पर गांव निवासी चंदन कुमार (पुत्र-महेंद्र यादव) एवं किशु कुमार (पुत्र-सत्येंद्र यादव) को गिरफ्तार किया. दोनों को हिलसा न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है. डीएसपी ने बताया कि अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है. साथ ही न्यायालय से निर्गत गिरफ्तारी वारंट के आधार पर फरार आरोपियों के घरों पर इश्तिहार चस्पा किया गया है. जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

# यूपी में 'ऑपरेशन सिंदूर' का जश्न; अयोध्या में बांटी मिठाइयां, वाराणसी में आतिशबाजी





**लखनऊ/प्रयागराज/अयोध्या/वाराणसी/मथुरा/शाहजहांपुर/कुशीनगर:** भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है. इस हमले में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया है. इस एयर स्ट्राइक के बाद यूपी में जगह-जगह जश्न मनाया जा रहा है. लखनऊ के ऐशबाग ईदगाह में सेना को सलामी दी गई. प्रयागराज के साधु-संतों ने आतिशबाजी करके जश्न मनाया. वाराणसी में हिंदू-मुसलमानों ने साथ मिलकर होली और दिवाली मनाई. अयोध्या में भी जश्न मनाया गया. मथुरा और वृंदावन में साधु-संतों ने मिठाइयां बांटी और जयकारे लगाए. वहीं, कुशीनगर, फरुखाबाद में भी लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाए. पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर प्रहार के बाद देश में जश्न का माहौल है. श्रृंगवेरपुर धाम पीठाधीश्वर जगतगुरु शांडिल्य महाराज ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हमले का स्वागत करते हुए दीप जलाकर आतिशबाजी की और जश्न मनाया है. हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय के नारे लगाए. उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जन भावनाओं के अनुरूप आतंकवाद के खिलाफ कदम उठाया है. जगतगुरु शांडिल्य जी महाराज ने कहा कि साधु संत भी पीएम मोदी के इस कड़े फैसले के साथ खड़े हैं. उन्होंने कहा है कि पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है. हमें अपनी सरकार पर गर्व है, कि उसने आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए स्ट्राइक कर दी है. पूरा देश और सभी संत समाज इस ऑपरेशन में भारत सरकार के साथ है. बीजेपी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी बुधवार को शाहजहांपुर पहुंचे. उन्होंने पाकिस्तान पर हुए एयर स्ट्राइक को लेकर कहा कि हमारी सेना के लिए गौरव का दिन है. पहलगाम में निर्दोष भारतीयों की हत्या हुई थी और ऑपरेशन सिंदूर उसी का बदला है. उन्होंने शाहजहांपुर में वक्फ संशोधन बिल के जन जागरण कार्यक्रम में शिरकत की. उन्होंने कहा कि पहलगाम में जिन लोगों की अकाल मृत्यु हुई थी, उन लोगों को यह श्रद्धांजलि है. मोदी जी ने जो कहा था, वह करके दिखाया है. मैं भारतीय सेना, भारत सरकार और माननीय मोदीजी का अभिनंदन करता हूं. ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना यासूब अब्बास ने भारतीय सेना द्वारा की गई कार्रवाई पर प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान पर स्ट्राइक कर मुंहतोड़ जवाब दिया है. मैं भारतीय वायु सेना और हमारे जवानों को सलाम करता हूं. मौलाना यासूब अब्बास ने प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के निर्णय की भी सराहना की और कहा कि देश की खामोशी को कमजोरी समझा जा रहा था, लेकिन अब जवाब साफ है. उन्होंने कहा कि बड़े अफसोस की बात है, कि पाकिस्तान सऊदी अरब के पैसों और अफगानिस्तान के लड़कों के बल पर भारत पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा था. हमारी सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाकर जो स्ट्राइक की है, वह गौरव का विषय है. लखनऊ के ऐशबाग ईदगाह के शाही इमाम मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली के नेतृत्व में पीओके में आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सेना द्वारा किए गए हमले के बाद दारुल उलूम फरंगी महल के छात्रों और टीचरों ने हाथों में तिरंगा लेकर हिंदुस्तान जिंदाबाद और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए. पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद अयोध्या में संत समाज सरकार को बधाई दे रहे हैं. बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने कहा कि आज हिंदुस्तान को राम की जरूरत है. हमारे फौजियों ने राक्षसी प्रवृत्ति के पाकिस्तानियों को करारा जवाब दिया है. अब समय आ गया है कि पाकिस्तान भी हिंदुस्तान बन जाए. हमारे देश की फौज इतना अच्छा काम करें, कि पाकिस्तान का नाम बदल जाए. उसका नाम बदलकर हिंद हिंदुस्तान हो जाए. वहीं, तपस्वी छावनी के महंत जगद्गुरु परमहंसाचार्य ने कहा कि पलटवार का पहला श्री गणेश भारत ने किया है. भारत कभी वार नहीं करता है. बहुत सब्र करता है, लेकिन भारत का जब पलटवार होता है, तो करारा होता है. संकट मोचन मंदिर के अध्यक्ष महंत संजय दास ने कहा कि हमारी भारतीय सेवा ने जो मिसाइल स्ट्राइक किया है, वह बहुत सहरानीय कदम है. भारत की एयर स्ट्राइक के बाद पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में एक साथ होली और दिवाली मनाई गई. गंगा मां की आरती उतारते हुए सेना के मनोबल को और बढ़ाने की प्रार्थना भी की गई. अखिल भारतीय संत समिति ने एयर स्ट्राइक का स्वागत किया है. विशाल भारत संस्थान के मुख्यालय सुभाष भवन में बैंड बाजे के साथ तिरंगा लहराया गया. कार्यकर्त्ता सड़क पर उतरे और भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने और पीएम मोदी को बधाई देने के लिए जिंदाबाद के नारे लगाए. महिलाओं ने पटाखा जलाकर खुशी जाहिर की. नेताजी सुभाष चंद्र बोस के मंदिर में मिठाई चढ़ाई गई. वारासी के हिंदू-मुसलमानों ने साथ मिलकर जश्न मनाया. एयर स्ट्राइक के बाद ब्रज भूमि मथुरा में साधु-संतों ने जश्न मनाया. वृंदावन में संतों ने मिठाईयां बांटी. सभी भारत वासी और साधु-संत भारतीय सेना के वीर जवानों की वाहवाही कर रहे हैं. वृंदावन के आश्रम में साधु-संतों ने एक-दूसरे को मिठाईयां खिलाईं. भारत माता की जय के नारे से लगाए गए. संत दिनेश शर्मा ने कहा कि हिंदुस्तान के वीर सपूतों ने पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को तबाह कर दिया और सैकड़ो आतंकवादियों को मौत के घाट उतार कर मिट्टी में मिला दिया गया है. हम भारतीय सेना के जवानों को हृदय से नमन करते हैं. कुशीनगर के नगर पालिका पडरौना में हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर निकाले और आतंकियों के विरुद्ध हुई कार्रवाई पर जश्न मनाया. नगर पालिका अध्यक्ष पडरौना विनय जैसवाल के नेतृत्व में हाथों में तिरंगा लेकर लोग पडरौना की गलियों में भारत मां के जयकारे लगाते दिखे. विनय जैसवाल ने गाड़ियों पर डीजे साउंड लगाकर नगर में भ्रमण किया. नगर वासियों ने चौक चौराहों पर आतिशबाजियां कीं. एक-दूसरे को लोगों ने मिठाइयां खिलाकर भारतीय सेना की इस कार्रवाई की सराहना की.

# पहलगाम में मारे गए कानपुर के कारोबारी शुभम की पत्नी ऐशन्या बोलीं- पीएम मोदी ने मेरे सिंदूर का बदला लिया

## विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने ऐशान्या के पैर छूए








**कानपुर:** पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद पहलगाम हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के परिवार में खुशी है. भारतीय सेना की कार्रवाई से परिवार को तसल्ली मिली है. शुभम की पत्नी ऐशन्या ने कहा कि 'मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि पीएम मोदी ने हमारे सिंदूर का बदला लिया है. मेरे साथ ही जिन महिलाओं का सिंदूर उजड़ा था, निश्चित तौर पर उनको बहुत शांति मिली होगी. भारतीय सैनिकों ने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने का काम किया है. हमें अपनी सेना पर गर्व है. पीएम मोदी पर गर्व है.' ऐशन्या द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सेना ने वो काम कर दिखाया है, जो 140 करोड़ भारतवासी चाहते थे. मैं पीएम मोदी को हाथ जोड़कर धन्यवाद देती हूं. मुझे विश्वास था कि सरकार आतंकवादियों को एक दिन मुंहतोड़ जवाब देगी. आज शुभम की आत्मा को भी शांति मिली होगी. ये आतंकी कहीं भी रहते हों, उन्हें ढूंढकर खत्म किया जाना है. हमारी लड़ाई किसी देश से नहीं, बल्कि आतंकवादियों से है. भारत ने इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया है. यह कहीं न कहीं हमारी भावनाओं से जुड़ा था, क्योंकि आतंकियों ने मेरी जैसी कई महिलाओं के सिंदूर उजाड़ने का काम किया था. उन्हें पता होना चाहिए हम भारत की बेटियां हैं. अंत तक लड़ेंगी और आतंक का खात्मा होगा. कानपुर के शुभम द्विवेदी के पिता संजय द्विवेदी ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सदैव आभारी रहूंगा. उन्होंने मेरे बेटे की शहादत का बदला लिया है. यह बदला सिर्फ मेरे बेटे के लिए नहीं, बल्कि उन सभी 26 निर्दोष लोगों के लिए है, जो उस कायराना हमले में मारे गए थे. उनकी आंखों में आंसू थे, लेकिन आवाज में गर्व और दृढ़ता थी. आज मुझे यकीन हो गया है, कि मेरे बेटे की शहादत व्यर्थ नहीं गई. आतंकवाद के खिलाफ यह कार्रवाई हर भारतीय को ताकत देगी. यह संदेश है, कि भारत अब सहन नहीं करेगा. आतंक का जवाब अब उन्हीं की भाषा में ही दिया जाएगा. कानपुर के रहने वाले शुभम द्विवेदी और उनकी पत्नी ऐशन्या द्विवेदी शादी के दो महीने बाद कश्मीर घूमने गए थे. 22 अप्रैल को पहलगाम के बसीरन घाटी में आतंकी हमला हुआ. शुभम द्विवेदी को आतंकियों ने उनकी पत्नी के सामने गोली मार दी. बाद में शुभम द्विवेदी का यूपी के कानपुर में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया था. आतंकी हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी के परिजनों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब की सरहाना की है. बुधवार को परिजनों से मिलने पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह शुभम की पत्नी ऐशान्या के पैर छूकर उसे सांत्वना देते हुए नजर आ रहे हैं. दअरसल,जो वीडियो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है, उसमें सतीश महाना शुभम की पत्नी ऐशान्या के पैर छूकर उन्हें सांत्वना देते हुए नजर आ रहे हैं. हालांकि ऐशन्या ऐसा करने से रोकते हुए नजर आ रही हैं. इसके बाद ऐशान्या काफी भावुक हो जाती हैं. विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि हमारा देश आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़ा है. शुभम जैसे वीरों की शहादत हमें और मजबूत करती है. भारतीय सेना ने जिस तरह से आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त करने का काम किया है, इसको लेकर हम सभी देशवासी अपनी सेवा का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं.

# मनीष रंजन की तेरहवीं पर आतंकवादियों के मारे जाने से परिवार खुश



**डेहरी आन सोन:** पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा गोली के शिकार हुए रोहतास जिले के कारगहर थाना क्षेत्र के अरुहीं निवासी आइबी अधिकारी मनीष रंजन का मंगलवार को उनके पश्चिम बंगाल के पुरुलिया स्थित आवास पर 13वीं का कार्यक्रम चल रहा था. उसी रात भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान पर ताबड़तोड़ मिसाइल दागकर नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया. इसमें काफी संख्या में आतंकियों के मारे जाने की खबर पाकर मनीष रंजन का परिवार काफी सुकून महसूस कर रहा है. प्रखंड के अरूहीं निवासी मनीष रंजन के चाचा अरविंद कुमार मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सीमा के जवानों ने अपने कहे के अनुरूप मनीष रंजन का बदला ले लिया है. मनीष रंजन के परिवार सहित अन्य लोगों ने आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने की मांग की है, ताकि पहलगाम जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके. 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने हमला कर मनीष रंजन समेत 26 लोगों की हत्या कर दी थी. मनीष रंजन के पैतृक गांव अरूहीं में जैसे ही खबर मिली कि भारतीय सेना ने आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर हमला किया है, तो परिवार एवं गांव में खुशी का माहौल हो गया. मनीष रंजन के चाचा अरविंद कुमार मिश्र, धर्मेंद्र मिश्रा, मुखिया जूही कुमारी, पूर्व पैक्स अध्यक्ष रंजन कुमार सिंह, रौशन कुमार सिंह समेत अन्य ने कहा कि भारत ने बदला लेकर 26 परिवारों के अलावा पूरे देश को सुकून दिया है. सेना ने जिस तरह से आपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया है, उससे भारत का सिर ऊंचा हुआ है. मनीष रंजन के चचेरे भाई शशि मिश्र ने भारत की इस कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और देश की सेना को धन्यवाद दिया है. उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए खतरा है और इसे जड़ से मिटाने के लिए लगातार इस तरह की कार्रवाई होनी चाहिए. उल्लेखनीय है कि अरूहीं निवासी आइबी अधिकारी मनीष रंजन की पोस्टिंग हैदराबाद में हुई थी. वे पत्नी और दो बच्चों को साथ लेकर जम्मू कश्मीर गए थे. यात्रा के समय पहलगाम में आतंकियों ने उनकी पत्नी और बच्चों के सामने ही नाम पूछकर उन्हें गोली मार दी थी. मनीष रंजन का परिवार पश्चिम बंगाल के पुरूलिया जिला में रहता है.

# 300 वर्ष पुराने मंदिर में चोरी, गर्भ गृह से भागवान राम और मां जानकी की मूर्ति गायब



**सिवान:** बिहार के सिवान में चोरी की घटना बढ़ गई है. अब तो आलम ये है कि घरों के साथ-साथ मंदिरों में भी चोरी हो रही है. जिले के जीरादेई थाना क्षेत्र के सुरवल गांव में चोरों ने मां जानकी मंदिर से अष्टधातु मूर्तियां चोरी कर ली है. ये मूर्तियां करीब 300 वर्ष पुरानी बतायी जा रही है. इस घटना से लोगों में काफी आक्रोश है. वहीं पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है. इस घटना को चोरों ने बीती रात अंजाम दिया है. चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और भगवान राम और माता जानकी की अष्टधातु से बनी मूर्तियां चुरी ली. सुबह जब पुजारी पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचे तो मूर्तियां गायब थीं. वहीं, इसकी जानकारी मिलते ही लोग आक्रोशित हो गए. घटना की सूचना मिलते ही जरादेई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है. ग्रामीणों के अनुसार उनके पूर्वजों ने लगभग 300 वर्ष पूर्व इस मंदिर की स्थापनी की थी. उस समय से वे लोग मंदिर में भगवान राम और माता जानकी की पूजा-आराधना करते आ रहे थे. जिस मूर्ति की चोरी हुई है, वह बेशकीमती पत्थरों से बनी थी. इस बारे में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सोनी कुमारी ने बताया कि मंदिर से दो प्राचीन मूर्ति चोरी हुई है. हालांकि अभी स्पष्ट नहीं हो सका है कि ये मूर्तियां किस धातु की बनी है. उन्होंने कहा कि घटनास्थल से पुलिस को कुछ साक्ष्य मिले हैं, जिसके आधार पर छानबीन शुरू कर दी गई है.

### जालौन में कार-ट्रक में भिड़ंत, बहराइच के एक परिवार के 5 सदस्यों की मौत

**जालौन:** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में बुधवार सुबह हुए सड़क हादसे में पांच लोगों की जान चली गई. झांसी-कानपुर नेशनल हाइवे-27 पर एक कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराई. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए. जान गंवाने वाले सभी लोग कार में सवार थे. हादसा एट थाना क्षेत्र के बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के करीब ग्राम गिरथान के समीप सुबह करीब 5:30 बजे हुआ. कार बहराइच से बेंगलुरु जा रही थी, जिसे बृजेश पुत्र शिव प्रसाद चला रहा था. कार में उनके साथ पत्नी प्रीति, संगीता (पत्नी अंकित), सिद्दीका (पुत्री अंकित), अत्ताशय (पुत्र बृजेश), अंकित (पुत्र चिंता राम), मानवी (पुत्री बृजेश), और मंदा (पुत्री जमुना प्रसाद), निवासी मोतीपुर, जिला बहराइच सवार थे.

# सैन्य कार्रवाई के बाद भारत नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, बरती जा रही विशेष सतर्कता



**अररिया:** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सैनिकों की ओर से की गई पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों पर की गई कार्रवाई के बाद भारत नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है. भारत नेपाल अंतराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों के द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है. अररिया के जोगबनी मुख्य बॉर्डर पर सुरक्षा में लगे एसएसबी के जवान भारत नेपाल क्षेत्र से हरेक आने जाने वालों की सघन जांच कर रहे हैं और पहचान पत्र देखने और उसका इंट्री के बाद ही नेपाल में प्रवेश करने दे रहे हैं. जोगबनी मुख्य बॉर्डर पर लोगों और वाहनों की जांच जहां भारतीय क्षेत्र में एसएसबी के जवान कर रहे हैं. वहीं दूसरी ओर नेपाल सीमा क्षेत्र में भी सतर्कता बरती जा रही है. दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसी द्वारा पहचान पत्र देखने और इंट्री के बाद ही एक दूसरे देशों में जाने के लिए दिया जा रहा है. लोगों के समानों के साथ उनके समानों की गहनता से जांच की जा रही है. आज नेपाल के काठमांडू में अंतर्राष्ट्रीय संबंध समिति की बैठक थी, जिसे रद्द कर दिया गया है. पाकिस्तान के 11 सैन्य अधिकारी जो पिछले छह दिनों से नेपाल में थे, ऑपरेशन सिंदूर के बाद आज वतन लौट गए हैं. जिसको लेकर नेपाल सरकार ने अपने देशों के सुरक्षा एजेंसी को भी सतर्क किया है और संदिग्धों की गतिविधि पर कड़ी नजर रखकर कार्रवाई की निर्देश दिए हैं. भारत पाकिस्तान के बीच तनातनी के बीच भारत नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसी लगातार सतर्कता बरत रही है.

# बिहार में दिनदहाड़े बैंक डकैती, करोड़ों का सोना और 15 लाख कैश ले गए अपराधी



**समस्तीपुर :** बिहार में एक बार फिर से अपराधियों ने बैंक को निशाना बनाया है. इस बार समस्तीपुर में दिनदहाड़े बैंक में लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है. पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है. हालांकि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. बताया जाता है कि समस्तीपुर शहर के काशीपुर स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में 8 की संख्या में हथियारबंद अपराधी आए. खाता खुलवाने के नाम पर बैंक में घुसे. बैंक में मौजूद सभी कर्मियों को एक-एक कर हथियार की नोंक पर बंधक बनाया. इसके बाद चेस्ट में रखे लगभग 15 लाख नकदी एवं करोड़ों रुपए के सोने लूटकर फरार हो गये. बताया जाता है कि सभी लुटेरे बैंक कर्मियों के मोबाइल भी अपने साथ लेकर भाग गए. घटना की सूचना पर नगर थाना अध्यक्ष अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे. वहीं दूसरी ओर सदर डीएसपी संजय कुमार पांडे बैंक पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं. सदर डीएसपी संजय कुमार पांडे ने बताया कि बैंक लूट की सूचना मिलते ही शहर के पूरे इलाके को सील कर दिया गया है. पुलिस के द्वारा जगह-जगह पर चेकपोस्ट बनाकर जांच की जा रही है. आने-जाने वाले लोगों पर पैनी नजर रखी जा रही है. अपराधियों की शिनाख्त कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी. पुलिस सुरक्षा को चुनौती देते हुए हथियारबंद अपराधियों ने दिनदहाड़े इतनी बड़ी लूट की घटना को अंजाम दिया है. उसके बाद से आसपास के इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया है. लोगों का कहना है कि आखिर इतने व्यस्ततम जगह पर अपराधियों ने कैसे इस तरह की घटना को अंजाम दिया. क्या उनके मन में पुलिस का खौफ खत्म हो चुका है?

# मोकामा में हर्ष फायरिंग, गोली लगने से दुल्हन के मौसा की मौत

**मोकामा:** बिहार में पुलिस की सख्ती के बावजूद हर्ष फायरिंग से होने वाली घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है. ताजा मामला मोकामा के ईशानगर गांव का है. जहां शादी में बारात गए एक युवक की हर्ष फायरिंग में मौत हो गई है. शादी का जश्न मातम में बदल गया. मृतक युवक रिश्ते में वधू का मौसा लगता था. मृतक की पहचान वधू के मौसा उमेश पासवान उर्फ कारु पासवान के तौर पर की गई है. बताया जाता है कि गांव में इन्दल पासवान की बेटी की शादी थी. सुबह चार बजे समधी मिलन समारोह हो रहा था. इसी दौरान हर्ष फायरिंग की गयी. गोली सीधे इंदल पासवान के चेहरे पर लगी और उसने दम तोड़ दिया. सूचना पाकर घोसवरी पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की तफ्तीश में जुट गई है. स्थानीय लोगों ने बताया कि रात में शादी धूमधाम से हुई. सभी वधू की विदाई में जुटे हुए थे. करीब चार बजे समधी मिलन के दौरान बारात में आए एक शख्स ने हर्ष फायरिंग कर दी. गोली सीधे वधू के मौसा के चेहरे पर लगा. बारात में आए लोग कुछ समझ पाते इससे पहले ही शख्स की मौत हो गई.

# श्री काशी विश्वनाथ धाम में मॉक ड्रिल के जरिए परखी गई सुरक्षा व्यवस्था

**वाराणसी:** 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर किए गए मिसाइल हमलों के बाद देशभर में सुरक्षा अलर्ट जारी है. इसी कड़ी में वाराणसी जिला प्रशासन ने किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए सतर्कता बरतते हुए बुधवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल आयोजित की. सुबह 6 बजे शुरू हुए इस सुरक्षा अभ्यास में जैसे ही मिसाइल हमले की प्रतीकात्मक सूचना प्रसारित हुई, सुरक्षाबलों और एनडीआरएफ की टीमों ने तुरंत मोर्चा संभाल लिया. जवानों ने मंदिर परिसर के भीतर घायल श्रद्धालुओं की भूमिका निभा रहे



लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर प्राथमिक चिकित्सा दी. कुछ को सीपीआर देने के बाद एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा गया. इस मॉक ड्रिल में कुल 600 जवानों ने हिस्सा लिया. एनडीआरएफ के साथ-साथ डॉग स्क्वॉड ने भी सक्रिय भूमिका निभाई और मलबे के नीचे दबे लोगों की पहचान करने का अभ्यास किया. इसके अलावा एसडीआरएफ, नागरिक सुरक्षा संगठन और पुलिस बल के जवान भी पूरी मुस्तैदी के साथ शामिल रहे. यह मॉक ड्रिल इस उद्देश्य से आयोजित की गई थी कि किसी भी आकस्मिक आपदा या आतंकी हमले की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया दी जा सके.

## न्यूज कॉर्नर

### चीन के केंद्रीय बैंक ने प्रमुख ब्याज दर में की कटौती

**बीजिंग:** चीन के केंद्रीय बैंक ने अमेरिकी शुल्क से अर्थव्यवस्था को खतरा होने की आशंका के बीच अपनी प्रमुख ब्याज दर में कटौती की है. पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना के गवर्नर पैन गोंगशेंग ने बुधवार को घोषणा की कि वाणिज्यिक बैंकों को दी जाने वाली ऋण दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर अब इसे 1.5 प्रतिशत कर दिया जाएगा.केंद्रीय बैंक ने आरक्षित अनुपात को भी कम कर दिया है. यह वह धनराशि है जो बैंकों को अपने आरक्षित कोष में रखनी होती है.अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उच्च शुल्क से चीन की निर्यात-निर्भर अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना शुरू होने के बीच यह कदम उठाया गया है.

### भारत, ब्रिटेन एफटीए: ब्रिटिश डेयरी उत्पादों, सेब, पनीर को शुल्क रियायत नहीं

**नयी दिल्ली:** भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत डेयरी उत्पादों, सेब और पनीर जैसी संवेदनशील कृषि वस्तुओं पर आयात शुल्क में ब्रिटेन को कोई रियायत नहीं देगा. एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने कहा कि करीब 10 प्रतिशत शुल्क लाइनें संवेदनशील वस्तुओं की सूची में हैं.भारत और ब्रिटेन ने मंगलवार को एफटीए पर बातचीत पूरी होने की घोषणा की. इसके लिए बातचीत जनवरी, 2022 में शुरू हुई थी.अधिकारी ने कहा, डेयरी उत्पाद, सेब, पनीर आदि कृषि उत्पादों को किसी भी शुल्क रियायत से बाहर रखा गया है. इससे भारत को अपने किसानों के हितों की रक्षा करने में मदद मिलेगी.अपने सभी मुक्त व्यापार समझौतों में भारत ने इन वस्तुओं की रक्षा की है क्योंकि इसमें छोटे किसानों की आजीविका के मुद्दे शामिल हैं.भारत ने पिछले साल मार्च में हस्ताक्षरित ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) व्यापार समझौते के तहत स्विट्जरलैंड और नॉर्वे को भी डेयरी क्षेत्र में कोई शुल्क रियायत नहीं दी है.ब्रिटेन भारत के विशाल बाजार को देखते हुए इन उत्पादों पर कुछ शुल्क रियायतों की उम्मीद कर रहा था.देश में दूध और दूध उत्पादों पर करीब 30 प्रतिशत आयात शुल्क है.

### ब्रिटेन के साथ एफटीए भारत का सबसे व्यापक व्यापार समझौता: बर्थवाल

**नयी दिल्ली:** वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने भारत एवं ब्रिटेन के बीच संपन्न मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) को 'पासा पलटने वाला' बताते हुए मंगलवार को कहा कि यह भारत का अबतक का सबसे व्यापक व्यापार समझौता है. बर्थवाल ने पीटीआई-भाषा से कहा कि यह समझौता भारत को तेजी से आर्थिक वृद्धि के मार्ग पर लेकर जाएगा और देश के वैश्विक एकीकरण को फायदा पहुंचाएगा. उन्होंने कहा, ''यह भारत द्वारा किया गया अबतक का सबसे व्यापक मुक्त व्यापार समझौता है और यह हमारे भविष्य के जुड़ावों के लिए स्वर्णिम मानदंड होगा.''बर्थवाल ने कहा कि इस समझौते का देश के श्रम एवं प्रौद्योगिकी की अधिकता वाले क्षेत्रों में विनिर्माण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा.उन्होंने कहा, ''यह कपड़ा, समुद्री उत्पाद, चमड़ा, जूते, खेल के सामान एवं खिलौने, रत्न एवं आभूषण जैसे क्षेत्रों के लिए निर्यात के अवसर खोलता है.''इस समझौते पर टिप्पणी करते हुए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह समझौता दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच न्यायसंगत और महत्वाकांक्षी व्यापार के लिए एक नया मानदंड स्थापित करता है.गोयल ने कहा, ''इससे भारतीय किसानों, मछुआरों, श्रमिकों, एमएसएमई, स्टार्टअप और नवोन्मेषकों को लाभ होगा. यह हमें वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने के हमारे लक्ष्य के करीब लाता है.''इस बीच, गोयल ने यूरोपीय संघ की तरफ से भारतीय उत्पादों पर कार्बन कर लगाने की योजना पर कहा कि अगर यूरोपीय संघ इस दिशा में आगे बढ़ता है तो भारत भी जवाबी शुल्क लगाएगा.यूरोपीय संघ के कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (सीबीएएम) के तहत, यूरोपीय संघ को इस्पात, एल्युमीनियम और सीमेंट के भारतीय निर्यात पर 20-35 प्रतिशत का शुल्क लग सकता है.

### सेबी ने आईपीओ धन हेराफेरी के लिए सिनॉप्टिक्स टेक, प्रवर्तकों पर लगाया प्रतिबंध

**नयी दिल्ली:** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मंगलवार को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की रकम हड़पने के आरोपों के बाद सिनॉप्टिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (एसटीएल) और उसके प्रवर्तकों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया. सिनॉप्टिक्स के अलावा कंपनी के प्रवर्तक जतिन शाह, जगमोहन मणिलाल शाह और जानवी जतिन शाह को भी सेबी ने प्रतिबंधित कर दिया है.सेबी ने अंतरिम आदेश में कहा, जांच से पता चलता है कि कंपनी (सिनोप्टिक्स टेक्नोलॉजीज) और लीड प्रबंधक, एफओसीएल (फर्स्ट ओवरसीज कैपिटल लिमिटेड) ने आईपीओ में जुटाई गई धनराशि को हड़पने की एक सुनियोजित योजना बनाई थी.आदेश के अनुसार, एस्क्रो समझौते द्वारा दिए गए अधिकार के तहत काम करते हुए एफओसीएल ने प्रथम दृष्टया निर्गम से संबंधित खर्चों को पूरा करने की आड़ में कोष निकालने के लिए बैंकर को निर्देश जारी किए.मुंबई स्थित सिनॉप्टिक्स टेक्नोलॉजीज ने जुलाई, 2023 में एनएसई के एसएमई मंच पर आईपीओ के माध्यम से 54.04 करोड़ रुपये जुटाए और एफओसीएल ने इस निर्गम के प्रमुख प्रबंधक के रूप में काम किया.आईपीओ बंद होने के बाद बोली प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली शिकायतें प्राप्त होने पर सेबी ने मामले की जांच के बाद यह आदेश दिया.

### बीएसई का चौथी तिमाही का मुनाफा चार गुना से अधिक होकर 494 करोड़ रुपये पर

नयी दिल्ली: प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई का मार्च में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ चार गुना से अधिक होकर 494 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है. बीएसई ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को यह जानकारी दी. एक साल पहले की समान अवधि में एनएसई का शुद्ध लाभ 107 करोड़ रुपये रहा था.जनवरी-मार्च अवधि में एनएसई की कुल आय एक साल पहले के 543.3 करोड़ रुपये से बढ़कर 926.4 करोड़ रुपये हो गई.एक्सचेंज ने पांच रुपये का विशेष लाभांश और 18 रुपये का सामान्य लाभांश घोषित किया है, जिसके परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 23 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का अंतिम लाभांश होगा.पूरे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए, एक्सचेंज का शुद्ध मुनाफा इससे पिछले वित्त वर्ष के 404 करोड़ रुपये से तीन गुना होकर 1,322 करोड़ रुपये हो गया. वित्त वर्ष में इसकी कुल आय दोगुनी होकर 3,236 करोड़ रुपये हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 1,596 करोड़ रुपये थी.

### भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद कराची स्टॉक एक्सचेंज में 6% की गिरावट

**कराची:** पाकिस्तान पर भारत ने सात मई की रात को जबरदस्त हमला किया है. भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी स्थलों पर रातोंरात हमला किया है. इस हमले का असर बुधवार को पाकिस्तान के शेयर बाजार में भी देखने को मिला है. पाकिस्तान के शेयर बाजार में भारी गिरावट देखी गई है.पाकिस्तान के मुख्य शेयर बाजार सूचकांक कराची-100 में बुधवार को शुरुआती कारोबार के दौरान 6,272 अंकों की गिरावट आई जो लगभग 6 प्रतिशत है. इससे पहले मंगलवार को पाकिस्तान का शेयर बाजार 113,568.51 के बंद स्तर की तुलना में 107,296.64 के निचले स्तर पर पहुंच गया. बता दें कि पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले के बाद केएसई-100 सूचकांक में 3.7 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है. वहीं इस घटना के बाद घरेलू सेंसेक्स सूचकांक में लगभग 1.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है.आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति लगातार बढ़ रही थी. इसका नकारात्मक प्रभाव पाकिस्तान के शेयर बाजार पर भी पड़ा है. जानकारी के मुताबिक 23 अप्रैल से 5 मई के बीच कराची स्टॉक एक्सचेंज के बेंचमार्क घडए-100 सूचकांक में 3.7% की गिरावट आई है. ये संभावित सैन्य संघर्ष की आशंकाओं का असर बताया गया है.इस बीच, भारत और पाकिस्तान के बीच नए सिरे से तनाव के बावजूद भारतीय शेयर बाजार में नर्मी देखी गई है. हालांकि, शुरुआत में सेंसेक्स 692 अंक गिरकर 79,948.80 पर आ गया, जबकि पिछला बंद स्तर 80,641.07 था, लेकिन जल्द ही इसमें सुधार हुआ और यह 200 अंक से अधिक की बढ़त के साथ 80,845 पर पहुंच गया. बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रहा और सुबह 10 बजे तक सेंसेक्स 32 अंक या 0.04% की गिरावट के साथ 80,609 पर पहुंच गया.

# ऑपरेशन सिंदूर के बावजूद बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली तेजी

## बाजार की मजबूती से निवेशकों को 2.21 लाख करोड़ रुपये का फायदा

**नई दिल्ली:** घरेलू शेयर बाजार आज पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद मामूली बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा. आज के कारोबार की शुरुआत बड़ी गिरावट के साथ हुई थी. बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव के कारण शेयर बाजार की गिरावट और बढ़ गई, लेकिन पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद ही खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया, जिसकी वजह से अन्ततः शेयर बाजार हरे निशान में पहुंचने में सफल रहा. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.13 प्रतिशत और निफ्टी 0.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए.

आज दिनभर के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, मेटल और कंज्यूमर ड्युरेबल्स सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही. इसी तरह आईटी, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए. दूसरी ओर, एफएमसीजी और हेल्थ केयर सेक्टर के शेयरों में आज बिकवाली का दबाव बना रहा. ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ. इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.16 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया.

आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई. बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 423.52 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया. जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 421.31 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.21 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया.



आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,046 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें 2,203 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,685 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 158 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए. एनएसई में आज 2,544 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें से 1,570 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 974 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए. इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर बढ़त के साथ और 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 30 शेयर हरे निशान में और 20 शेयर लाल निशान में बंद हुए.

बीएसई का सेंसेक्स आज 692.27 अंक की कमजोरी के साथ 79,948.80 अंक के स्तर पर खुला. कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण यह सूचकांक लुढ़क कर 79,937.48 अंक तक पहुंच गया. हालांकि पहले आधे घंटे के बाद ही बाजार में खरीदारी शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में सुधार होने लगा. लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स निचले स्तर से 900 अंक से अधिक उछल कर 203.56 अंक की मजबूती के साथ 80,844.63 अंक तक पहुंचने में सफल रहा. इस तेजी के बाद एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई. दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 105.71 अंक की तेजी के साथ 80,746.78 के स्तर पर बंद हुआ.

सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 146.30 अंक टूट कर 24,233.30 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की. बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बढ़ जाने के कारण यह सूचकांक 159.60 अंक की कमजोरी के साथ 24,220 अंक के स्तर तक गिर गया. इसके बाद खरीदारों ने चौतरफा खरीदारी शुरू कर दी, जिसकी वजह से यह सूचकांक निचले स्तर से 220 अंक से भी ज्यादा उछल कर 70 अंक की मजबूती के साथ 24,449.60 अंक तक पहुंचने में सफल रहा. इसके बाद बाजार में एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल में सुस्ती आ गई, जिसके कारण निफ्टी 34.80 अंक की सामान्य बढ़त के साथ 24,414.40 के स्तर पर बंद हुआ.

दिनभर हुई खरीद-बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा मोटर्स 4.95 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 2.15 प्रतिशत, श्रीराम फाइनेंस 2.12 प्रतिशत, जियो फाइनेंशियल 1.95 प्रतिशत और एटरनल 1.83 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए. दूसरी ओर, एशियन पेंट्स 3.47 प्रतिशत, सन फार्मास्युटिकल्स 2.08 प्रतिशत, बजाज ऑटो 1.21 प्रतिशत, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 1.06 प्रतिशत और रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.05 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए.

## सरकार की नीतियां विनिर्माण और सेवा क्षेत्र को समर्थन देने वाली : सीतारमण

**नयी दिल्ली:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि सरकार की नीतियां विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की वृद्धि को समर्थन देने के लिए तैयार की गई हैं. इटली के मिलान में 'एडीबी गवर्नर्स' (एशियाई विकास बैंक के सदस्य देशों के गवर्नर) के सेमिनार के दौरान उन्होंने कहा कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 60 प्रतिशत योगदान सेवा क्षेत्र का है. उन्होंने कहा, हमारा दृष्टिकोण हमारे पास मौजूद परिसंपत्तियों के आधार पर खुद को और मजबूत करना है, चाहे वह मानव पूंजी के रूप में हो या प्रौद्योगिकी के रूप में, जिसमें हम अग्रणी हैं, अगर मैं ऐसा कह सकती हूं, और उन क्षेत्रों में भी जिनमें हमें लगता है कि हम आगे बढ़ सकते हैं. उन्होंने कहा कि भारत में लगभग 60 करोड़ लोग 25 साल से कम उम्र के हैं और इसलिए देश जनसांख्यिकीय लाभांश का आनंद ले रहा है. सीतारमण के भाषण के मुख्य अंश उनके कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किए हैं.



विनिर्माण के संबंध में उन्होंने कहा कि भारत को सकल घरेलू उत्पाद में अपनी हिस्सेदारी को मौजूदा 12-13 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत करने की जरूरत है.उन्होंने कहा कि देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और फार्मा जैसे 14 प्राथमिकता वाले क्षेत्रों या उभरते क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है.उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में किसी भी अतिरिक्त विनिर्माण क्षमता को उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन का लाभ मिलता है.सीतारमण ने कहा कि भारत अपने पास मौजूद 'सॉफ्ट स्किल्स' सहित परिसंपत्तियों का उपयोग करके वैश्विक आपूर्ति शृंखला के साथ कोई भी स्थायी आपूर्ति शृंखला संबंध बनाना चाहता है.उन्होंने कहा, हमने अपनी रणनीतिक ताकत को ध्यान में रखते हुए आपूर्ति शृंखला के प्रति दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाया है और यह सुनिश्चित किया है कि भारत की क्षमताओं का लाभ उठाया जाए.दिन में सीतारमण ने जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जेबीआईसी) के गवर्नर नोबुमित्सु हयाशी के साथ बैठक की.वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक अलग पोस्ट में बताया कि वित्त मंत्री ने कहा कि भारत के लिए महत्वाकांक्षी 5,000 अरब जापानी येन निवेश लक्ष्य का 70 प्रतिशत से अधिक प्राप्त हो चुका है और भारत विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने के लिए तत्पर है क्योंकि दोनों देश 10 साल के सहयोग पर काम करते हैं.वित्त मंत्री ने जेबीआईसी से भारत के विनिर्माण, सेमीकंडक्टर, हरित ऊर्जा और बुनियादी ढांचे सहित उच्च वृद्धि वाले क्षेत्रों में अधिक जापानी निवेश को सुविधाजनक बनाने का आग्रह किया.

## स्टारलिंक की मंजूरी अंतिम चरण में, सैटकॉम सेवाएं दूरदराज के क्षेत्रों को जोड़ेंगी: मंत्री

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय दूरसंचार राज्यमंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने मंगलवार को मौजूदा दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के लिए किसी भी खतरे की आशंकाओं को दूर करते हुए कहा कि एलन मस्क के नेतृत्व वाली उपग्रह इंटरनेट प्रदाता स्टारलिंक को मंजूरी देना एक जटिल मुद्दा है, लेकिन यह अंतिम चरण में है. भारत टेलीकॉम कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सैटकॉम के लिए सरकार के सुरक्षा मानदंड, खासकर वर्तमान परिदृश्य में महत्वपूर्ण हैं, जब शत्रु देश पाकिस्तान, भारत की प्रणाली को हैक करने का प्रयास कर रहा है.मंत्री ने कहा, यह थोड़ा जटिल मुद्दा है (स्टारलिंक के लिए परमिट). हमें कई कोणों से देखना होगा. सुरक्षा उनमें से एक है. निश्चित रूप से, चूंकि यह अंतिम चरण में है, इसलिए हम इस पर फिर से विचार करेंगे.उन्होंने कहा कि पारंपरिक दूरसंचार नेटवर्क की तुलना में कनेक्टिविटी में स्टारलिंक की भूमिका बहुत छोटी होगी.पेम्मासानी ने कहा, स्टारलिंक या अन्य, मैं चाहता था कि आप समझें कि पूरी दुनिया में स्टारलिंक के ग्राहकों की संख्या 50 लाख से कम है. यह बहुत ज्यादा नहीं है. अगर आप गति और अन्य चीजों को देखें तो यह पारंपरिक नेटवर्क की तुलना में बहुत धीमी है.

## सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

**नई दिल्ली:** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख नजर आ रहा है. सर्राफा बाजारों में सोना आज 500 रुपये से लेकर 540 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा होकर एक बार फिर एक लाख रुपये के स्तर के काफी करीब पहुंच गया है. कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 99,000 रुपये से लेकर 99,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है. इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,750 रुपये से लेकर 90,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है. चांदी के भाव में भी आज तेजी आई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है.दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 99,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 90,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 99,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है.

कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है.लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 99,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 90,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. जयपुर में 24 कैरेट सोना 99,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है. इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में तेजी का रुख

**नई दिल्ली:** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं. अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए. डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज कमजोरी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है. यूरोपीय बाजारों में भी पिछले क्षेत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा. दूसरी ओर, एशियाई बाजारों में आज तेजी का माहौल बना हुआ है.

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए. एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.77 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,606.91 अंक के स्तर पर बंद हुआ. इसी तरह नैस्डेक ने 154.58 अंक यानी 0.87 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 17,689.66 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया. डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज फिलहाल 389.83 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 40,829 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है.यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव की स्थिति बनी रही. हालांकि आखिरी वक्त में हुई खरीदारी के कारण यूरोपीय बाजार मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए. एफटीएसई इंडेक्स 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक तेजी के साथ 8,597.42 अंक के स्तर पर बंद हुआ. इसके विपरीत सीएसी इंडेक्स ने 0.40 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,696.92 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया. इसके अलावा नैस्डेक 0.41 प्रतिशत टूट कर 23,496.65 अंक के स्तर पर बंद हुआ.



एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर तेजी का माहौल बना हुआ है. एशिया के 9 बाजारों में से 8 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि एक सूचकांक में मामूली गिरावट नजर आ रही है. एशियाई बाजारों में इकलौता ताइवान वेटेड इंडेक्स फिलहाल 0.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 20,510.25 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है.

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.08 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,435 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.07 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,863.007 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है. सेट कंपोजिट इंडेक्स में आज बड़ी छलांग लगाई है. फिलहाल यह सूचकांक 1.73 प्रतिशत उछल कर 1,208.36 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है.इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स ने 0.76 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,950.79 अंक तक पहुंचने में सफलता हासिल की है. इसके अलावा शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,337.23 अंक के स्तर पर, हैंग सेंग इंडेक्स 111.24 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,773.95 अंक के स्तर पर, कोस्पी इंडेक्स 0.33 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,568.23 अंक के स्तर पर और निक्केई इंडेक्स 0.13 प्रतिशत उछल कर 36,878.10 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं.

## भारत, ब्रिटेन ने आपसी संवेदनशीलता के सम्मान के लिए एफटीए वार्ता में प्रमुख मांगें छोड़ीं : अधिकारी

**नयी दिल्ली:** भारत और ब्रिटेन ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत के दौरान एक-दूसरे की राजनीतिक संवेदनशीलता का सम्मान किया है. इसके तहत भारत ने ब्रिटेन के यहां कानूनी सेवाएं खोलने के अपने अनुरोध को वापस लेने के बदले में छात्रों को पढ़ाई के बाद कार्य वीजा की अपनी मांग को छोड़ने पर सहमति व्यक्त की है. एक अधिकारी ने बुधवार को कहा.

भारत और ब्रिटेन ने मंगलवार को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की घोषणा की, जिससे भारत में ब्रिटिश स्कॉच व्हिस्की तथा कारें सस्ती हो जाएंगी, जबकि ब्रिटेन में परिधान व चमड़ा उत्पादों जैसे क्षेत्रों के घरेलू सामानों के लिए अधिक बाजार पहुंच उपलब्ध होगी.

अधिकारी ने कहा, '' दोनों देशों ने एक-दूसरे की संवेदनशीलता का सम्मान किया है. पढ़ाई के बाद कार्य वीजा ब्रिटेन के लिए राजनीतिक रूप से संवेदनशील मामला है और भारत के लिए कानूनी सेवाएं संवेदनशील हैं. हम पढ़ाई के बाद कार्य वीजा पर अपनी मांग छोड़ने पर सहमत हुए, जिसके बदले में ब्रिटेन ने कानूनी सेवाओं पर अपनी मांग छोड़ दी.''अधिवक्ता अधिनियम (जिसे बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) द्वारा प्रशासित किया जाता है) विदेशी वकीलों या कानूनी कंपनियों को अस्थायी अवधि के लिए पारस्परिक आधार पर भारत आने की अनुमति देता है ताकि वे अपने ग्राहकों को विदेशी कानूनों व विविध अंतरराष्ट्रीय कानूनी मुद्दों पर सलाह दे सकें. कानूनी बिरादरी के कुछ वर्ग विदेशी कंपनियों के लिए इस क्षेत्र में किसी भी तरह की ढील के खिलाफ हैं.ब्रिटेन ने व्यापार समझौते में विभिन्न श्रेणियों के लिए व्यापारिक आगंतुकों, अंतर-कॉर्पोरेट स्थानांतरित लोगों, संविदात्मक सेवा आपूर्तिकर्ताओं, स्वतंत्र पेशेवरों, निवेशकों तथा अंतर-कॉर्पोरेट स्थानांतरित लोगों के साझेदारों एवं आश्रित बच्चों (काम करने के अधिकार के साथ) के लिए अस्थायी प्रवेश व प्रवास आवश्यकताओं के लिए एक सुनिश्चित व्यवस्था प्रदान की है.ब्रिटेन ने 36 उप-क्षेत्रों में गतिशीलता प्रतिबद्धताओं की पेशकश की है, जैसे कि कंप्यूटर-संबंधी सेवाएं, संविदात्मक सेवा आपूर्तिकर्ताओं के तहत व्यावसायिक सेवाएं (जिसमें योग प्रशिक्षक, शास्त्रीय संगीतकार और शेफ..जिनकी संयुक्त संख्या प्रति वर्ष 1,800 तक है) तथा स्वतंत्र पेशेवरों में 16 उप-क्षेत्र (जिसमें कंप्यूटर व संबंधित सेवाएं, अनुसंधान एवं विकास सेवाएं शामिल हैं) भी शामिल हैं.मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) योग प्रशिक्षकों, संगीतकारों तथा रसोइयों जैसे घरेलू स्वतंत्र पेशेवरों के लिए अनेक नये अवसर प्रदान करेगा.

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आर्थिक सहयोग व व्यापार समझौते में भी इसी तरह के प्रावधान हैं, जिसे दिसंबर 2022 में लागू किया गया था.समझौते के हिस्से के रूप में, ऑस्ट्रेलिया ने अनुबंधित सेवा आपूर्तिकर्ताओं के रूप में देश में प्रवेश करने वाले योग्य, पेशेवर भारतीय पारंपरिक रसोइयों व योग शिक्षकों के लिए 1,800 की वार्षिक सीमा तय की है.अधिकारी ने कहा, '' ब्रिटेन ने भारत के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ एफटीए प्रतिबद्धता की पेशकश की है. ब्रिटेन द्वारा 137 उप-क्षेत्रों में व्यापक प्रतिबद्धता की पेशकश की गई है, जिसमें भारत के हित के क्षेत्र जैसे आईटी/आईटीईएस, वित्तीय सेवाएं, पेशेवर सेवाएं, अन्य व्यावसायिक सेवाएं एवं शिक्षा सेवाएं शामिल हैं.'' उन्होंने कहा कि दोनों ने वाणिज्यिक रूप से सार्थक एमएफएन (सबसे पसंदीदा राष्ट्र) प्रतिबद्धताएं तय की हैं.

## भारत, ब्रिटेन के बीच 'ऐतिहासिक' मुक्त व्यापार समझौता पूरा, 99 प्रतिशत निर्यात पर शुल्क हटेगा

**नयी दिल्ली:** भारत और ब्रिटेन ने मंगलवार को एक 'ऐतिहासिक' व्यापार समझौता पूरा कर लिया जो चमड़े, जूते एवं कपड़ों जैसे श्रम-बहुल उत्पादों के निर्यात पर शुल्क हटा देगा, जबकि ब्रिटेन से व्हिस्की एवं कारों का आयात सस्ता हो जाएगा. इस समझौते से वर्ष 2030 तक दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार दोगुना होकर 120 अरब डॉलर हो जाने की उम्मीद है.दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था भारत और छठी बड़ी अर्थव्यवस्था ब्रिटेन ने तीन साल की बातचीत के बाद यह व्यापार समझौता पूरा कर लिया है.

एफटीए लागू होने पर ब्रिटेन के बाजार में 99 प्रतिशत भारतीय उत्पादों पर शुल्क शून्य हो जाएगा जबकि भारतीय श्रमिकों को ब्रिटेन की आव्रजन प्रणाली में बदलाव के बगैर ही यात्रा करने की अनुमति होगी.इसके अलावा भारतीय वस्त्र, फ्रोजन झींगे, आभूषण एवं रत्नों के निर्यात पर करों में कटौती की जाएगी. इसी तरह ब्रिटेन से व्हिस्की और जिन जैसी शराब किस्मों के आयात शुल्क में भी कटौती की जाएगी. दोनों पक्षों के कोटा के तहत वाहनों के आयात पर शुल्क 10 प्रतिशत हो जाएगा, जिससे टाटा-जेएलआर जैसी वाहन कंपनियों को लाभ होगा.ब्रिटेन में शून्य शुल्क पर प्रवेश करने वाले भारतीय उत्पादों में खनिज, रसायन, रत्न एवं आभूषण, प्लास्टिक, रबड़, लकड़ी, कागज, कपड़े, कांच, सिरेमिक, यांत्रिक एवं बिजली मशीनरी, हथियार/गोला-बारूद, परिवहन/वाहन, फर्नीचर, खेल के सामान, पशु उत्पाद और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ शामिल हैं.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर से फोन पर बात होने के बाद इन समझौतों के संपन्न होने की घोषणा की.प्रधानमंत्री मोदी ने इसे 'ऐतिहासिक मील का पत्थर' बताते हुए कहा, ''भारत और ब्रिटेन ने दोहरे अंशदान समझौते के साथ एक महत्वाकांक्षी एवं पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को सफलतापूर्वक संपन्न किया है.''

उन्होंने कहा, ''ये ऐतिहासिक समझौते हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करेंगे और दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार, निवेश, विकास, रोजगार सृजन एवं नवोन्मेषण को बढ़ावा देंगे.''ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टार्मर ने भी इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह दोनों देशों में कामकाजी लोगों और व्यवसायों को बेहतर बनाएगा.दोनों देशों ने एफटीए के साथ दोहरे अंशदान समझौते पर भी बातचीत पूरी कर ली है. इससे ब्रिटेन में सीमित अवधि के लिए काम करने वाले भारतीय पेशेवरों द्वारा सामाजिक सुरक्षा कोष में दोहरे अंशदान से बचने में मदद मिलेगी.

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, ''अस्थायी रूप से ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय श्रमिकों और उनके नियोक्ताओं को दोहरे अंशदान समझौते के तहत तीन साल की अवधि के लिए ब्रिटेन में सामाजिक सुरक्षा योगदान का भुगतान करने से छूट मिलने से भारतीय सेवा प्रदाताओं को महत्वपूर्ण वित्तीय लाभ होगा.''हालांकि, भारत एवं ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर बातचीत अभी भी जारी है. पहले, तीनों समझौतों को एक साथ पूरा करने की योजना थी.

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि ब्रिटेन के साथ एफटीए एक आधुनिक, व्यापक और ऐतिहासिक समझौता है, जो व्यापार उदारीकरण और शुल्क रियायतों के साथ गहन आर्थिक एकीकरण भी हासिल करना चाहता है. मंत्रालय ने कहा कि भारत को लगभग 99 प्रतिशत उत्पाद श्रेणियों पर शुल्क हटने से लाभ होगा, जो लगभग 100 प्रतिशत व्यापार मूल्य को कवर करता है.सेवाओं के मोर्चे पर भी भारत को सूचना प्रौद्योगिकी एवं संबंधित सेवाओं, वित्त, पेशेवर और शैक्षणिक सेवा जैसे क्षेत्रों में लाभ होगा.

मंत्रालय ने कहा, ''प्रतिभाशाली और कुशल भारतीय युवाओं के लिए ब्रिटेन में अपार अवसर खुलेंगे, जो अपने मजबूत वित्तीय एवं पेशेवर सेवा क्षेत्रों और उन्नत डिजिटल बुनियादी ढांचे के कारण डिजिटल सेवाओं के लिए एक प्रमुख वैश्विक केंद्र है.''इसके अलावा, भारत ने वास्तुकला, इंजीनियरिंग, कंप्यूटर से संबंधित और दूरसंचार सेवाओं जैसी डिजिटल रूप से वितरित सेवाओं पर महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताएं भी हासिल की हैं.

मंत्रालय के मुताबिक, भारत ने यह सुनिश्चित किया है कि वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए गैर-शुल्क बाधाओं को उचित रूप से संबोधित किया जाए और वे घरेलू निर्यात पर अनुचित प्रतिबंध न लगाएं.यह सौदा अब कानूनी औपचारिकता की प्रक्रिया से गुजरेगा जिसे ब्रिटिश संसद द्वारा अनुमोदित किया जाएगा और फिर इसे लागू किया जाएगा. इसके क्रियान्वयन में लगभग एक वर्ष का समय लग सकता है.

इस समझौते के लिए दोनों देशों के बीच जनवरी, 2022 में शुरू हुई थी. इस दौरान दोनों पक्षों ने कुल 14 दौर की वार्ता की.एफटीए के तहत दो देश अधिकतम उत्पादों के व्यापार पर सीमा शुल्क को या तो समाप्त कर देते हैं या काफी कम कर देते हैं. इसके अलावा सेवाओं एवं द्विपक्षीय निवेश में व्यापार को बढ़ावा देने के मानदंडों को भी आसान बनाया जाता है.भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2023-24 में 21.34 अरब डॉलर रहा था. वित्त वर्ष 2024-25 के पहले 10 महीनों में वस्तुओं का व्यापार 21.33 अरब डॉलर रहा.

# सीएसके ने बिगाड़ा केकेआर का खेल

## डिफेंडिंग चैंपियनकोलकाता नाइटराइडर्स प्ले ऑफ से हुई बाहर!

**कोलकाता:** प्ले ऑफ से बाहर हो चुकी चेन्नई सुपर किंग्स ने डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइटराइडर्स का खेल खराब कर दिया है. इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 57वें मैच में सीएसके ने केकेआर को 3 विकेट से हरा दिया. इस सीजन में सीएसके की टीम को तीसरी जीत मिली है. वहीं सीएसके से हारने के बाद केकेआर की टीम लगभग प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है. केकेआर की टीम पिछले सीजन की चैंपियन थी, लेकिन इस बार वह अंतिम चार में नहीं पहुंच पाएगी. केकेआर के 12 मैचों में 11 पॉइंट है. ऐसे में अब वह अपने बचे हुए मैच में अगर जीत भी हासिल करती है तब भी वह 15 पॉइंट ही हासिल कर पाएगी और प्लेऑफ में जाने के लिए उसे कम से कम 16 पॉइंट चाहिए. हालांकि, आधिकारिक रूप से केकेआर अभी बाहर करार नहीं दी गई है, लेकिन अब टॉप-4 में उसका पहुंचना बहुत मुश्किल है.



सीएसके और केकेआर के बीच यह मुकाबला ईडन गार्डेंस के मैदान पर खेला गया था. मुकाबले में केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था. पहले बल्लेबाजी करते हुए डिफेंडिंग चैंपियन ने अपने होम ग्राउंड पर 179 रन का स्कोर खड़ा किया था. इसके जवाब में सीएसके ने डेवाल्ड ब्रेविस की दमदार फिफ्टी से मैच को 2 गेंद पर पहले अपने नाम कर लिया. सीएसके का भी सीजन में यह 12वां मैच था.

केकेआर के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके की शुरुआत कुछ खास नहीं रही थी. सीएसके के लिए पिछले मैच में अपनी बैटिंग से धूम मचाने वाले आयुष म्हात्रे पहले ओवर की दूसरी गेंद पर आउट हो गए थे. इसके बाद सीएसके के लिए ओपनिंग करने उतरे डेवोन कॉन्वे भी कुछ खास कमाल नहीं दिखा और बिना खाता खोले आउट हो गए. मैच में सीएसके के दोनों ओपनर बल्लेबाज शून्य पर आउट हुए. हालांकि, तीसरे नंबर पर बैटिंग करने वाले उर्विल पटेल ने 11 गेंद में 31 रनों की तेज तर्रार पारी खेल सीएसके को ट्रैक पर लाने का काम किया.

हालांकि, सीएसके की पारी में जान फूंकने का काम डेवाल्ड ब्रेविस ने किया. ब्रेविस ने केकेआर के वैभव अरोड़ा के ओवर में 30 रन बटोर कर मैच को पूरी तरह से सीएसके की तरफ मोड़ दिया. डेवाल्ड ब्रेविस 25 गेंद में 52 रन बनाकर आउट हुए. डेवाल्ड के आउट होने के बाद कुछ समय के लिए शिवम दुबे सीएसके की पारी को संभाला, लेकिन वैभव आरोड़ा के खिलाफ बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में वह रिंकू सिंह के हाथों लपके गए. शिवम के आउट होने के बाद सीएसके एक समय मुश्किल में फंस गई थी, लेकिन कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने जिम्मेदारी उठाते हुए मैच को फिनिश किया.

आईपीएल 2025 में केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने बल्लेबाजी में एक बार फिर से निरंतरता दिखाते हुए सीएसके के खिलाफ 48 रनों की पारी खेली. अपनी इस पारी में रहाणे ने 33 गेंद का सामना किया जिसमें चार चौके और दो छक्के भी लगाए. रहाणे के अलावा केकेआर के लिए अंतिम ओवरों में आंद्रे रसेल ने 21 गेंद में तीन छक्कों और चार चौकों की मदद से कुल 38 रनों का योगदान दिया जबकि मनीष पांडे ने 28 गेंद में एक छक्के और एक चौके से नाबाद 36 रन बनाए.

वहीं सीएसके की गेंदबाजी की बात करें तो टीम के लिए स्पिनर नूर अहमद ने अपना कमाल दिखाया. नूर अहमद सीएसके के सबसे सफल गेंदबाज रहे. नूर अहमद ने 4 ओवर में 31 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए. इसके अलावा अंशुल कंबोज और रविंद्र जडेजा ने एक-एक विकेट अपने नाम किए. इन तीन गेंदबाजों के अलावा और कोई भी प्रभावी नहीं दिखे.

## रोहित शर्मा ने की तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा



**नई दिल्ली:** रोहित शर्मा ने बुधवार को तत्काल प्रभाव से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की जिससे सबसे लंबे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर सभी अटकलें खत्म हो गई. अब भारत को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की श्रृंखला के लिए नए कप्तान की जरूरत होगी. यह 38 वर्षीय खिलाड़ी अपने करियर के दूसरे हिस्से में भारत के सबसे सफल टेस्ट बल्लेबाजों में से एक था. रोहित ने 67 टेस्ट में 12 शतक और 18 अर्धशतक की मदद से 40.57 की औसत से 4301 रन बनाए. पिछले साल विश्व कप के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से पहले ही संन्यास ले चुके रोहित अब भारत के लिए केवल वनडे प्रारूप में ही नजर आएंगे. रोहित ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी टेस्ट कैप के साथ एक फोटो पोस्ट करते हुए लिखा, सभी को नमस्कार, मैं बस यह साझा करना चाहता हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं. सफेद जर्सी में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात रही है. उन्होंने लिखा, इतने सालों तक मिले प्यार और समर्थन के लिए आपका शुक्रिया. मैं वनडे प्रारूप में भारत का प्रतिनिधित्व करना जारी रखूंगा.

# फॉर्म में चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ दिल्ली के लिये 'करो या मरो' का मुकाबला





**धर्मशाला :** दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिये फॉर्म में चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ बृहस्पतिवार को 'करो या मरो' के मुकाबले में हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी. पिछले पांच मैचों में तीन हारने और एक बेनतीजा रहने के बाद दिल्ली 11 मैचों में 13 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है. अक्षर पटेल की कप्तानी वाली टीम अपने घरेलू मैदान अरूण जेटली स्टेडियम पर सिर्फ एक मैच सुपर ओवर में जीत पाई है. पहले चार मैच जीतने वाली दिल्ली की टीम को उम्मीद है कि मैदान बदलने से उसकी तकदीर भी बदलेगी. सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बारिश में धुले पिछले मैच में दिल्ली की बल्लेबाजी ईकाई ने निराश किया. उसके शीर्ष पांच बल्लेबाज 29 रन के स्कोर पर पवेलियन में थे और आशुतोष वर्मा की पारी के दम पर ही टीम 133 रन बना सकी. पिछले मैच में करूण नायर से पारी की शुरूआत कराने का दाव भी नहीं चला और वह खाता भी नहीं खोल पाये. दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसी गेंदबाजों की मददगार पिच पर शुरू ही से चौके छक्के लगाने के प्रयास में आउट हो गए. अभिषेक पोरेल अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं .वहीं अब तक 381 रन बना चुके केएल राहुल लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं . अक्षर खुद जल्दी आउट हो गए थे. दिल्ली की बल्लेबाजी में हालांकि अभी भी गहराई है . ट्रिस्टन स्टब्स , विपराज निगम और आशुतोष ने उसे सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया. हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम बल्लेबाजों का मददगार रहा है . यहां पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच मैच में बड़ा स्कोर बना था. दूसरी ओर पंजाब किंग्स ने 11 में से सिर्फ तीन मैच गंवाये हैं और तालिका में तीसरे स्थान पर है . दिल्ली की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव रहा है जबकि पंजाब के सलामी बल्लेबाजों ने उसे हमेशा शानदार शुरूआत दी है. प्रभसिमरन सिंह अभी तक 437 रन बना चुके हैं. कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी 405 रन बना लिये हैं जिसमें चार अर्धशतक शामिल है . वह इस आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले दूसरे बल्लेबाज (27) हैं . प्रियांश आर्य 347 रन बना चुके हैं जबकि नेहाल वढेरा और शशांक सिंह ने भी जरूरत पड़ने पर उम्दा प्रदर्शन किया है. मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव , अक्षर पटेल और विपराज निगम समेत दिल्ली के पास बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण है . दूसरी ओर पंजाब के लिये अर्शदीप सिंह 16 विकेट ले चुके हैं .लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हैट्रिक के साथ 14 विकेट चटकाये हैं . उनके अलावा मार्को जानसेन, अजमतुल्लाह उमरजइ, विजयकुमार विशाख और मार्कस स्टोइनिस के विकल्प भी हैं.

## न्यूज कॉर्नर

### मुशीर खान, आयुष म्हात्रे, सूर्यांश शेडगे और अंगकृष रघुवंशी को टी20 मुंबई लीग में अच्छे दाम

**मुंबई :** युवा मुशीर खान, आयुष म्हात्रे , सूर्यांश शेडगे और अंगकृष रघुवंशी को टी20 मुंबई लीग के तीसरे सत्र के लिये प्रारंभिक दौर की नीलामी में अच्छे दाम मिले हैं. यह लीग 26 मई से आठ जून तक खेली जायेगी. इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के लिये खेल रहे 20 वर्ष के मुशीर को आर्क्स अंधेरी ने 15 लाख रूपये में खरीदा. मुंबई के लिये इस साल रणजी क्रिकेट में पदार्पण करने वाले म्हात्रे ने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिये पदार्पण किया . उसे ट्रायंफ नाइट्स मुंबई नॉर्थईस्ट ने 14.75 लाख रूपये में खरीदा. शेडगे को भी इसी टीम ने 13.75 लाख रूपये में खरीदा. भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव इस टीम के आइकन खिलाड़ी हैं. केकेआर के लिये खेलने वाले रघुवंशी को सोबो मुंबई फाल्कंस ने 14 लाख रूपये में खरीदा. वहीं तनुष कोटियान को नॉर्थ मुंबई पैंथर्स ने 10 लाख रूपये में खरीदा.

### पीएसएल में किसी भी विदेशी खिलाड़ी ने प्रतियोगिता छोड़ने का अनुरोध नहीं किया है, पीसीबी का दावा

**कराची:** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को दावा किया कि कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत के साथ बढ़ते सीमा पार तनाव के बावजूद पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) तय कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेगी. भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा के गढ़ शामिल हैं. ये हमले पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए किए गए जिसमें 26 लोग मारे गए थे. बोर्ड के एक अधिकारी ने भी पुष्टि की कि भू-राजनीतिक स्थिति के कारण अभी तक किसी भी विदेशी खिलाड़ी ने लीग छोड़ने का कोई अनुरोध नहीं किया है. लीग में शामिल छह फ्रेंचाइजी के कम से कम तीन मीडिया मैनेजरों ने कहा कि अभी तक उनकी टीमों के किसी भी विदेशी खिलाड़ी ने लीग छोड़ने का अनुरोध नहीं किया है. लीग में प्रत्येक फ्रेंचाइजी के दल में पांच-छह विदेशी खिलाड़ी हैं. पीसीबी ने कहा कि इस्लामाबाद यूनाइटेड और क्वेटा ग्लैडिएटर्स के बीच होने वाला मैच रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में होगा.

### 'आपरेशन सिंदूर' : तेंदुलकर समेत खिलाड़ियों ने भारत की कार्रवाई की सराहना की



**नई दिल्ली:** पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिये भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर की भारतीय खेल जगत ने सराहना की है और चैम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने तो कहा,एकता में निडर, शक्ति में असीम. भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल है. यह कार्रवाई पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में की गई जिसमें 26 लोग मारे गए थे और अधिकांश पर्यटक थे . तेंदुलकर ने 'एक्स ' पर लिखा, एकता में निडर, शक्ति में असीम. भारत की ढाल उसके लोग हैं . दुनिया में आतंकवाद के लिये कोई जगह नहीं है . हम एक टीम हैं . जय हिंद. पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने लिखा, अगर कोई आप पर पत्थर फेंके तो उस पर फूल फेंको लेकिन गमले के साथ . जय हिंद. पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने लिखा, भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की. पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान और ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने कहा, जय हिंद. ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह और पहलवान योगेश्वर दत्त ने भी इसकी सराहना की. विजेंदर ने लिखा, भारत माता की जय. योगेश्वर ने लिखा, आतंकवाद अब बर्दाश्त नहीं करेगा भारत. जय हिंद, जय जवान. शतरंज खिलाड़ी विदित गुजराती ने लिखा, मुझे खुशी है कि भयानक पहलगाम हमले के बाद भारत ने आपरेशन सिंदूर के जरिये माकूल जवाब दिया. आतंकवाद का जवाब दिया ही जाना चाहिये. आपरेशन का कितना सुंदर नाम. भारत माता की जय.

### आपरेशन सिंदूर के मद्देनजर धर्मशाला हवाई अड्डा बंद, आईपीएल टीमों की यात्रा प्रभावित

**नई दिल्ली /मुंबई :** पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर भारत के मिसाइल हमले के बाद धर्मशाला हवाई अड्डा अस्थायी रूप से बंद होने के कारण आईपीएल टीमों की यात्रा का कार्यक्रम प्रभावित हुआ है जिन्हें वहां खेलना है. धर्मशाला में बृहस्पतिवार को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स का मैच होना है . इसके बाद 11 मई को पंजाब और मुंबई इंडियंस का मैच वहां खेला जाना है. धर्मशाला पंजाब किंग्स टीम का दूसरा घरेलू मैदान है. पंजाब टीम को यात्रा संबंधी फिलहाल कोई दिक्कत नहीं है क्योंकि वे इस सप्ताह के अंत तक वहीं रहेंगे . दिल्ली को देखना होगा कि उसके खिलाड़ी वापिस कैसे आयेंगे जिन्हें रविवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर गुजरात टाइटंस से खेलना है. मुंबई टीम का यात्रा कार्यक्रम भी अभी अनिश्चित है. बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, इस समय सब कुछ अनिश्चित है . टीमों से बात चल रही है और वे भी विचार कर रहे हैं कि हवाई अड्डा बंद रहने पर धर्मशाला से दिल्ली वापिस कैसे आना है. उन्होंने कहा, दिल्ली कैपिटल्स के लिये एक विकल्प बस से लौटने का है लेकिन सिर्फ टीमें नहीं बल्कि प्रसारण टीम और उपकरण भी हैं. पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ ठिकानों पर मिसाइल हमले किये. इसके बाद से देश में उत्तर और पश्चिम हिस्सों के कम से कम 18 हवाई अड्डे बंद कर दिये गए हैं जिनमें श्रीनगर, जेह, जम्मू, अमृतसर, पठानकोट, चंडीगढ, जोधपुर, जैसलमेर, शिमला, धर्मशाला और जामनगर शामिल है.

# साउथ अफ्रीका को हराकर फाइनल में भारतीय महिला टीम

## श्रीलंका से होगी खिताबी भिड़ंत



**कोलंबो:** श्रीलंका में खेले जा रहे त्रिकोणीय सीरीज में भारतीय महिला टीम ने साउथ अफ्रीका को हराकर फाइनल में पहुंच गई है. भारतीय महिला टीम ने साउथ अफ्रीका को 23 रनों से हराया. फाइनल का मुकाबला भारतीय महिला टीम और श्रीलंका महिला टीम के बीच 11 मई को खेला जाएगा.

साउथ अफ्रीका की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 337 रन बनाए. हालांकि भारतीय महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी. तीन विकेट महज 50 के स्कोर पर ही गंवा दिया था. उसके बाद वहां से स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स ने मिलकर पारी को संभाला और आगे बढ़ाया.

प्रतिका रावल 1 रन बनाकर आउट हो गई. उसके बाद हरलीन देओल 4 रन बनाकर चलते बने. वहीं हरमनप्रीत भी 28 रनों की पारी खेलकर पवेलियन लौट गई. यहां से स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स ने मिलकर 99 गेंदों में 88 रनों की साझेदारी की. 51 के निजी स्कोर पर मंधाना आउट हो गई. उसके बाद जेमिमा ने दीप्ति शर्मा के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की. दोनों के बीत 115 गेंदों में 122 रनों की साझेदारी हुई. इस दौरान जेमिमा ने अपना शतक पूरा किया. जेमिमा ने अपना शतक 89 गेंदों पर पूरा किया. वो 101 गेंदों का सामना करते हुए 123 रनों की पारी खेली. इस दौरान उन्होंने 15 चौके और 1 छक्के लगाए. वहीं दीप्ति शर्मा ने 10 चौके और 2 छक्के के सहारे 93 रन बनाए. उसके अलावा ऋचा घोष ने 20 रन बनाए. साउथ अफ्रीका के लिए मासाबाटा क्लास ने 2, नडीन डी क्लर्क ने 2 और नोनकुलुलेको म्लाबा ने 2 विकेट चटकाए.

जवाब में इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की टीम ने 7 विकेट के नुकसान पर 314 रन ही बना सके. साउथ अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही. लारा गुडॉल 4 रन बनाकर आउट हो गई. उसके बाद तेजमिन ब्रिट्स ने 26, मियान स्मिट ने 39 रन बनाए. अनरी डर्कसन ने 81, नोंडुमिसो शंघासे ने 36, सिनालो जाफ्टा ने 21, क्लाई ट्राइऑन ने 67 और नडीन डी क्लर्क ने 22 रन बनाए. भारतीय टीम के लिए अमनजोत कौर ने 3, दीप्ति शर्मा ने 2 और श्री चरणी ने 1 विकेट चटकाए.

## डोपिंग निरोधक छापेमारी में प्रतिबंधित पदार्थों के साथ पकड़ा गया एक भारतीय : कीनियाई नाडो

**नई दिल्ली:** कीनिया की डोपिंग रोधी एजेंसी ने कहा कि हाल ही में देश के आपराधिक जांच निदेशालय (डीसीआई) के सहयोग से प्रतिबंधित दवाओं पर की गई छापेमारी के दौरान एक भारतीय नागरिक को विभिन्न शक्तिवर्धक पदार्थों की अवैध खेप के साथ पकड़ा गया. नैरोबी स्थित कीनिया की डोपिंग रोधी एजेंसी (एडीएके) ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि छापेमारी 'कार्रवाई योग्य खुफिया जानकारी' के आधार पर की गई थी लेकिन भारतीय नागरिक की पहचान का खुलासा नहीं किया. कीनिया में मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मामले में व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है. एडीएके के सीईओ पेनिनाह वाहोम ने एक बयान में कहा, एडीएके ने डीसीआई के साथ मिलकर एल्गेयो मारक्वेट काउंटी के उच्च ऊंचाई वाले प्रशिक्षण शहर इटेन में रहने वाले एक भारतीय नागरिक के कब्जे से विभिन्न शक्तिवर्धक पदार्थों की अवैध खेप पकड़ी. उन्होंने कहा,यह छापा कार्रवाई योग्य खुफिया जानकारी के बाद मारा गया था, जिसमें प्रदर्शन बेहतर करने वाले प्रतिबंधित पदार्थों के वितरण और उपयोग से संबंधित गतिविधियों में संभावित संलिप्तता का संकेत दिया गया था. कीनिया के डोपिंग रोधी कानून और फार्मेसी और विष अधिनियम के अनुसार प्रतिबंधित शक्तिवर्धक दवाओं का कब्ज़ा एक अपराध है और अगर दोषी पाया जाता है तो भारतीय नागरिक को भारी जुर्माना और यहां तक कि जेल की सजा के अलावा निर्वासित किया जा सकता है. एडीएके ने कहा कि मानव विकास हार्मोन (एचजीएच), मेल्डोनियम और मैनिटोल बरामद किए गए जो आमतौर पर प्रदर्शन बढ़ाने से जुड़े पदार्थ हैं और प्रतिस्पर्धी खेलों में प्रतिबंधित हैं.

## पंड्या और नेहरा पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिये जुर्माना

**मुंबई :** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और उनकी टीम पर धीमी ओवरगति के लिये भारी जुर्माना लगाया गया जबकि गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर खेलभावना के विपरीत आचरण के लिये जुर्माना और डिमेरिट अंक लगाये गए. मुंबई को आईपीएल के वर्षाबाधित मैच में गुजरात ने डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर तीन विकेट से हराया. आईपीएल ने एक बयान में कहा, यह आईपीएल आचार संहिता के तहत इस सत्र में उनकी टीम का धीमी ओवरगति का दूसरा अपराध था . पंड्या पर 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है.मुंबई की बाकी टीम और स्थानापन्न खिलाड़ियों पर छह लाख रूपये या उनकी मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है. नेहरा की गलती के बारे में विज्ञप्ति में बताया नहीं गया लेकिन बार बार बारिश के कारण मैच रूकने के दौरान उन्हें आपा खोते देखा गया. वह मैदानी अंपायरों से भी बार बार बात कर रहे थे. आईपीएल ने कहा, गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के कारण एक डिमेरिट अंक भी लगाया गया.

## कोलकाता शिविर के लिए कोच मनोलो की 28 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की सूची में सुनील छेत्री शामिल



**नई दिल्ली:** भारतीय फुटबॉल के मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने अनुभवी फॉरवर्ड सुनील छेत्री को अगले महीने होने वाले एएफसी एशियाई कप 2027 फाइनल राउंड क्वालीफायर के लिए 28 सदस्यीय संभावितों की टीम में शामिल किया. चालीस वर्षीय छेत्री ने भारतीय टीम के संघर्ष को देखते हुए मार्च में संन्यास से बाहर आने का फैसला किया था. उन्होंने दो दशक से अधिक समय तक अग्रिम पंक्ति में जादू बिखरने के बाद पिछले साल संन्यास लेने का अपना फैसला बदल दिया था. छेत्री ने तब से मालदीव के खिलाफ एक मैत्री मैच में राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व किया और बांग्लादेश के खिलाफ 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर में भी खेले. अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को एक बयान में कहा, संभावित खिलाड़ी जून में फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो की तैयारी के लिए ट्रेनिंग लेने के लिए 18 मई को कोलकाता में एकत्र होंगे. भारत को एएफसी एशियाई कप 2027 फाइनल राउंड क्वालीफायर के ग्रुप सी में बांग्लादेश, हांगकांग चीन और सिंगापुर के साथ रखा गया है जिसमें मैच 'होम-एंड-अवे' (अपने और दूसरी टीम के मैदान पर राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेले जा रहे हैं. भारत 10 जून को हांगकांग के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा. ग्रुप सी में पहले दो मैच भारत और बांग्लादेश के बीच और सिंगापुर और हांगकांग के बीच ड्रॉ रहे जिससे सभी चार टीमों को एक-एक अंक मिला. एआईएफएफ के बयान में कहा गया है, हांगकांग के खिलाफ एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी के लिए टीम चार जून को थाईलैंड के खिलाफ फीफा अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलने के लिए बैंकॉक जाने से पहले कोलकाता में 10 दिवसीय ट्रेनिंग शिविर में भाग लेगी. इसके बाद टीम अपने एशियाई कप क्वालीफायर के लिए हांगकांग जाएगी.

# भारतीय पुरूष, महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें विश्व कप दूसरे चरण के फाइनल्स में



**शंघाई:** भारतीय पुरूष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें बुधवार को विश्व कप के दूसरे चरण के फाइनल्स में पहुंच गई जिससे भारत के कम से कम दो पदक पक्के हो गए. कंपाउंड तीरंदाजों ने जहां अच्छा प्रदर्शन किया, वहीं ओलंपिक में शामिल रिकर्व वर्ग में निराशा हाथ लगी. धीरज बोम्मादेवरा ही शीर्ष दस में जगह बना सके जबकि बाकी का क्वीफाइंग दौर में स्कोर खराब रहा. भारत के ओजस देवताले, अभिषेक वर्मा और ऋषभ यादव की नंबर एक टीम ने ब्रिटेन को क्वार्टर फाइनल में 239-232 से हराया. इसके बाद डेनमार्क को 232-231 से मात दी. महिला कंपाउंड वर्ग में भारत की मधुरा धमनगांवकर, चिकिता तानीपर्थी और ज्योति सुरेखा वेन्नम ने कजाखस्तान की टीम को क्वार्टर फाइनल में हराया. इसके बाद ब्रिटेन को हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां शनिवार को उसका सामना मैक्सिको से होगा. ब्रिटेन के खिलाफ पुरूष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में भारत ने पहली सीरिज 59-60 से गंवा दी जिसके बाद 60-58 से जीता . तीसरी सीरिज में भारत 60-57 से विजयी रहा और चौथा सेट भी इसी अंतर से जीता. सेमीफाइनल में भारत ने पहली सीरिज 57-60 से गंवाई जबकि दूसरी में स्कोर 58-58 रहा. तीसरी सीरिज भारत ने 115 . 118 से गंवाई . इसके बाद भारत ने 57-56 से जीत दर्ज की. महिला कंपाउंड वर्ग में भारत ने कजाखस्तान को 232-229 से और ब्रिटेन को 232-230 से हराया. रिकर्व वर्ग में विश्व कप कांस्य पदक विजेता धीरज 677 अंक लेकर क्वालीफाइंग दौर में नौवे स्थान पर रहे. वह शीर्ष दस में रहने वाले एकमात्र भारतीय थे. एशियाई खेल 2010 के रजत पदक विजेता तरूणदीप राय 666 स्कोर करके 28वें स्थान पर रहे . वहीं ओलंपियन अतनु दास 57वें स्थान पर रहे. पुरूष टीम वर्ग में भारत सातवें स्थान पर रहा. महिला वर्ग में दीपिका कुमारी 12वें, अंकिता भकत 17वें और अंशिका कुमारी 29वें स्थान पर रही. धीरज और दीपिका रिकर्व मिश्रित वर्ग में आठवें स्थान पर रहे.

# ओलंपिक में भाग लेने वाले निशानेबाज परोक्ष रूप से खुद पर दबाव डालते हैं: रुद्रांक्ष

**नई दिल्ली:** भारत के शीर्ष राइफल निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल का मानना है कि देश के निशानेबाजों को ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन करने से रोकने वाले मुख्य कारकों में से एक इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता से पूर्व उनका स्वयं पर परोक्ष रूप से बनाया दबाव है जो प्रतियोगिता के दौरान उनके धैर्य को भंग करता है. पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष को लगता है कि वह ओलंपिक स्वर्ण जीतने की क्षमता रखते हैं. उन्होंने कहा कि घरेलू स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाने सहित कई सामूहिक कारकों के कारण पिछले साल ओलंपिक चयन ट्रायल के दौरान उनका प्रदर्शन खराब रहा जिससे पेरिस जाने की उनकी उम्मीदें खत्म हो गईं. अभिनव बिंद्रा के एयर राइफल में ओलंपिक स्वर्ण जीतने के बाद भारत की सर्वश्रेष्ठ पदक उम्मीदों में से एक माने जाने वाले रुद्रांक्ष ने कहा कि बड़ी खेल प्रतियोगिता से पहले बनाई गई 'हाइप' खिलाड़ियों के प्रतियोगिता के दौरान अत्यधिक दबाव में आने का एक मुख्य कारण था.

रुद्रांक्ष ने कहा, यहां तक कि जब एशियाई खेलों की बात आती है तो मुझे लगता है कि यह कई खेल आयोजनों (विदाई समरोह) का एक साथ होना है. इसलिए माहौल पूरी तरह से अलग है (एशियाई और ओलंपिक खेलों के लिए) जो अचानक आप पर दबाव डालता है. उन्होंने कहा,जब हम विश्व कप के लिए जाते हैं तो कोई भी इस पर टिप्पणी नहीं करता है कि क्या होने वाला है. कोई भी कुछ नहीं कहता है इसलिए दबाव नहीं होता है. लेकिन जब हम (एशियाई और ओलंपिक) खेलों में जाते हैं तो बहुत सारे किट लॉन्च होते हैं और मीडिया से बहुत सारी बातचीत होती है और बहुत सी चीजें होती हैं जो मुझे लगता है कि परोक्ष रूप से दबाव बढ़ाती हैं.

विश्व चैंपियनशिप 2022 में एक किशोर निशानेबाज के रूप में स्वर्ण पदक जीतने वाले महाराष्ट्र के रुद्रांक्ष ने ओलंपिक के बाद विश्व कप में कई पदक जीते और उन्होंने कहा कि जो लोग मानसिक चुनौती से पार पाने में सफल रहते हैं वे पदक जीतने की बेहतर स्थिति में होते हैं. उन्होंने कहा, खिलाड़ी जब तक निशाना लगाने के



लिए नहीं जाते तब तक वह इसे (दबाव का असर) महसूस नहीं करते. मुझे लगता है कि जो खिलाड़ी इसका प्रबंधन कर लेते हैं वे पदक जीतते हैं. मुझे लगता है कि खिलाड़ियों को दबाव का प्रबंधन करने में सक्षम होना चाहिए कोई भी हमेशा उस बुलबुले में नहीं रह सकता. हाल में ब्यूनस आयर्स में विश्व कप में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले रुद्रांक्ष ने कहा कि चयन ट्रायल से पहले फॉर्म में गिरावट के कई कारण थे.

रुद्रांक्ष ने कहा, यह कई चीजों का संयोजन था. मैंने घरेलू स्तर पर उतनी प्रतिस्पर्धा नहीं की जितना मैंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर की इसलिए जब घरेलू स्तर पर (ओलंपिक) चयन (ट्रायल) की बात आई तो यह मेरे लिए बिल्कुल अलग अनुभव था. उन्होंने कहा, (घरेलू स्तर पर) मैं बस इतनी ही निशानेबाजी कर रहा था कि (राष्ट्रीय) टीम में शामिल हो जाऊं. रुद्रांक्ष ने कहा कि उनका लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना था. उन्होंने कहा, मैंने हमेशा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया और मुझे वहां पदक मिला जिससे मुझे अपनी (विश्व) रैंकिंग बनाए रखने में मदद मिली. लेकिन जब ओलंपिक चयन ट्रायल की बात आई (मुझे शून्य से शुरुआत करनी पड़ी) तो मैं तीसरे स्थान पर रहा और शीर्ष दो खिलाड़ियों का चयन पेरिस के लिए हुआ.

रुद्रांक्ष ने कहा कि पीछे मुड़कर देखने पर उन्हें ट्रायल पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए कुछ अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं को छोड़ देना चाहिए था. उन्होंने कहा कि वह अपने अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर को अधिक सावधानी से तैयार करेंगे. अगले ओलंपिक क्वालीफिकेशन चक्र को ध्यान में रखते हुए रुद्रांक्ष ने कहा कि उन्होंने उन क्षेत्रों का पता लगा लिया है जिन पर उन्हें काम करने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा, मुझे निश्चित रूप से 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक चक्र में सुधार की बहुत गुंजाइश दिख रही है. मैं अपने सहयोगी स्टाफ के साथ एक बेहतर दिनचर्या बनाने के लिए काम कर रहा हूं जो मैं जो कुछ भी कर रहा हूं उसमें मेरी मदद कर सकती है. मुझे लगता है कि मेरे क्वालीफिकेशन स्कोर थोड़े बेहतर हो सकते हैं. कभी-कभी मुझे वहां थोड़ी समस्या का सामना करना पड़ता है.

रुद्रांक्ष ने कहा, ऐसा नहीं है कि यह कोई अलग तकनीक है जिसका मैं पालन करूंगा. यह वही तकनीक होगी लेकिन बात यह है कि मैं दबाव की स्थितियों में इसका कितना अच्छा पालन कर पाता हूं, यही महत्वपूर्ण है. मैं उन चीजों पर काम करना चाहूंगा और अपने एंड्यूरेंस पर भी थोड़ा और काम करना चाहूंगा. इस राइफल निशानेबाज ने कहा कि उन्हें विश्व विजेता बनने के लिए अपनी दिनचर्या में थोड़ी और योजना बनाने की जरूरत है. रुद्रांक्ष ने कहा, मुझे लगता है कि मेरे अंदर ओलंपिक जीतने की क्षमता है लेकिन मुझे बस एक अच्छी योजना की जरूरत है. मैं अपने उबरने के स्तर को कैसे प्रबंधित कर सकता हूं और ओलंपिक के लिए बेहतर तरीके से कैसे तैयार हो सकता हूं. मुझे लगता है कि मुझे व्यक्तिगत रूप से इसमें सुधार करने की जरूरत है.

## न्यूज कॉर्नर

### तलाकशुदा पत्नी भी घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत राहत की हकदार

**जोधपुरः** राजस्थान हाईकोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए अपने आदेश में कहा है कि घरेलू हिंसा अधिनियम के मामले में तलाकशुदा पत्नी को भी राहत का अधिकार है. याचिकाकर्ता पति राजूराम द्वारा गत चार मार्च 2021 को सत्र न्यायाधीश चूरू द्वारा पारित आदेश के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका दायर की गई थी जिसमें अपीलीय अदालत ने अपील को खारिज करते हुए 27 सितंबर 2019 को न्यायिक मजिस्ट्रेट सरदार शहर द्वारा पारित आदेश को बनाए रखा. उक्त आदेश में न्यायालय ने घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 की धारा 12, 18, 19, 20, 22 के तहत दायर याचिका को स्वीकार करते हुए याचिकाकर्ता पति को प्रतिवादी पत्नी संतोष को मासिक रूप से तीन हजार रुपये का भत्ता देने का आदेश दिया था.राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मनोज कुमार गर्ग ने 2022 (3) यूसी 1505 में सुप्रीम कोर्ट के प्रभा त्यागी बनाम कमलेश देवी मामले में दिए गए निर्णय के संदर्भ में घरेलू हिंसा की परिभाषा के व्यापक दायरे को ध्यान में रखते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि तलाकशुदा पत्नी भी घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत राहत पाने की हकदार है. न्यायालय का मानना है कि जब एक बार घरेलू हिंसा की घटना घटित हो जाती है, तो तलाक का आदेश भी दोषी को उसके द्वारा की गई अपराध से मुक्त नहीं कर सकता और न ही पीड़िता को घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत मिलने वाली राहत से वंचित कर सकता है.

### जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने 5 अवैध कॉलोनियों पर चलाया बुलडोजर

**जयपुरः** जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने बुधवार को अवैध रुप से बसाई जा रही 5 कॉलोनियों पर बुलडोजर चला दिया. महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया को जोन-13 में स्थित नायला से जमवारामगढ़ रोड कावेरिया की ढ़ाणी में करीब 7 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर, नायला रोड पर ही करीब 5 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर ''गोविन्द विहार'' के नाम से,नायला रोड पर ही करीब 1 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर ''अवतार सिटी'' के नाम से, जोन-14 में स्थित ग्राम बाजडोली अभिनव विहार के पास में करीब 4 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर और ग्राम बाजडोली, दीपशिखा कॉलेज के पीछे करीब 3 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाने के लिए बनाई गई सीमेन्ट के ब्लॉक की सडकें सहित अन्य अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया.

### एयर स्ट्राइक के बाद जोधपुर हाई अलर्ट पर, एयरपोर्ट बंद

**जोधपुरः** भारत की पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद जोधपुर भी हाई अलर्ट पर है. जोधपुर एयरपोर्ट से फिलहाल सभी उड़ान रद्द कर दी गई है. दस मई तक जोधपुर से यात्री विमानों की आवाजाही बंद कर दी गई है. बुधवार की नौ फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं. यह स्थिति आगामी आदेश पर आधारित रहेगी. जोधपुर एयरपोर्ट डायरेक्टर डॉ. मनोज उनियाल ने बताया कि आज की सभी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई है. यात्रियों को फ्लाइट कैंसिल होने का मैसेज भी भेज दिया गया हैं. इसके साथ ही एयरपोर्ट पर यात्रियों की मदद के लिए एक हेल्प डेस्क भी बनाई की गई है, जो अनजाने में यहां पहुंचने वाले यात्रियों की मदद करेगी. इस अवधि के दौरान यात्रा के लिए टिकट ले चुके ग्राहकों को पुनर्निर्धारण शुल्क पर एकबार छूट या रद्दीकरण के लिए पूरी राशि रिफंड करने की पेशकश की जाएगी. वहीं जोधपुर के आसमान में देर रात तक फाइटर जेट्स की आवाज गूंजती रही. जोधपुरवासियों में भी इसको लेकर शुरुआत में कौतूहल रहा, कि आखिर मॉक ड्रिल से पहले जोधपुर में फाइटर जेट्स की आवाजाही अचानक कैसे बढ़ी है. हालांकि, बाद में लोगों को पता चल गया कि भारत ने पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई है. इसे लेकर देर रात तक लोग सोशल मीडिया पर पल-पल की चर्चा शेयर करते नजर आए.

### दस मिनट के लिए अंधेरे में डूबा फतेहाबाद, अधिकतर दुकानें रही बंद

**फतेहाबादः** पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों के किए गए हमलों के बाद युद्ध की स्थिति को देखते हुए केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार फतेहाबाद जिला में बुधवार को प्रशासन द्वारा मॉक ड्रिल की गई. मॉक ड्रिल के दौरान एयर रेड अलार्म सिस्टम एक्टिव होने के बाद एसडीआरएफ, फायर ब्रिगेड कर्मियों, हरियाणा पुलिस, गृह रक्षी, आपदा मित्रों और स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने ज्वाइंट टीम के रूप में काम किया. इस मॉक ड्रिल में लोगों को युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों बारे जानकारी दी गई. हालांकि केन्द्र सरकार द्वारा जारी सूची में फतेहाबाद जिले का नाम शामिल नहीं था लेकिन प्रदेश सरकार ने इन जिलों के अलावा प्रदेश के सभी जिलों में मॉक ड्रिल के आदेश जारी किए गए थे. फतेहाबाद में बुधवार शाम 4 बजे मॉक ड्रिल शुरू हुई. लघु सचिवालय में आपात स्थिति से निपटने का अभ्यास किया गया. 6 बजे सायरन बजाकर लोगों को सचेत किया गया. 6 से 7 बजे तक फायर बिग्रेड व ट्रामा सैंटर में मॉक ड्रिल की गई और शाम को दस मिनट के लिए शहर में ब्लैकआऊट रहा. हालांकि मॉक ड्रिल को देखते हुए शहर के अधिकतर दुकानदारों ने पहले ही अपनी दुकानों को बंद कर दिया था जिस कारण बाजार सुनसान नजर आए. इस दौरान सडक़ों पर भी इक्का-दुक्का वाहन ही नजर आए लेकिन उनकी भी लाइटें बंद थी. मॉक ड्रिल शुरू होने के साथ ही डीसी मनदीप कौर और एसपी सिद्धांत जैन शहर में निरीक्षण के लिए निकल गए. सबसे पहले उन्होंने लघु सचिवालय में कंट्रोल रूम और एम्बुलेंस व्यवस्था जांची. इसके बाद जवाहर चौक पहुंच कर बाजार का पैदल जायजा लिया. फिर डीसी एसपी ने सिविल अस्पताल जाकर भी मॉक ड्रिल जांची.

### सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में गैस लीक, मजदूर की मौत

**हिसारः** बरवाला थाना के गांव ढाणी गारण में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में कार्य करते वक्त गैस की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई और दूसरा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल मजदूर को उपचार के लिए उपमंडल नागरिक अस्पताल बरवाला लाया गया जहां पर घायल मजदूर की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हिसार रैफर कर दिया. हिसार शहर के एक निजी अस्पताल में घायल मजदूर का इलाज चल रहा है. पुलिस ने सूचना पाते ही मृतक मजदूर के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल हिसार में भेज दिया गया है. सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट ढाणी गारण में किसी प्रकार की कोई सेफ्टी नजर नहीं आई. बताया जा रहा है कि गांव पाबड़ा निवासी अंकित (25) और गांव ढाणी खान बहादुर निवासी मनजीत(45) बुधवार को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट ढाणी गारण में कार्य कर रहे थे. इस दौरान पाइप में से गैस लीकेज हो गई. लीकेज गैस की चपेट में आने से कार्यरत दोनों मजदूर अंकित और मनजीत गंभीर रूप से घायल हो गए. इन दोनों घायल मजदूरों को उपचार के लिए उपमंडल नागरिक अस्पताल बरवाला लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने गांव पाबड़ा निवासी मजदूर अंकित को मृत घोषित कर दिया.

### जींद रेलवे जंक्शन पर आतंकी हमला, एचपी गैस प्लांट में लगी आग

**जींदः** जींद में पांच जगहों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया. इसमें किसी भी तरह की एमरजेंसी स्थिति से निपटने को लेकर अभ्यास किया गया. वीटा प्लांट, एचपी प्लांट, खटकड़ पावर ग्रिड, रेलवे जंक्शन और सफीदों मिनी सचिवालय में मॉक ड्रिल अभ्यास किया गया. बुधवार शाम को मॉक ड्रिल के दौरान रेलवे जंक्शन पर आतंकवादी हमला दिखाया गया. इसमें जंक्शन पर मौजूद महिला समेत पांच यात्री घायल हो गए. रेलवे पुलिस, हरियाणा पुलिस ने मिलकर दो आतंकवादियों को पकड़ लिया और इसके बाद राहत कार्य शुरू किया गया.इस दौरान तालमेल की कमी देखने को मिली. रेलवे जंक्शन पर मॉक ड्रिल शुरू करने को न तो किसी तरह का सायरन बजाया गया और तालमेल की कमी के कारण अभ्यास भी दो बार करना पड़ा. रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी मॉक ड्रिल के प्रति गंभीर नहीं दिखे. मॉक ड्रिल के दौरान एक एंबुलेंस, एक फायर ब्रिगेड, डॉग स्क्वायड और 80 से 90 पुलिस कर्मी मौजूद रहे.इसके अलावा एचपी प्लांट, वीटा प्लांट, खटकड़ पावर ग्रिड और सफीदों लघु सचिवालय में भी मॉक ड्रिल हुई. डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने को लेकर यहां मॉक ड्रिल हुई हैं. उनके साथ एसपी कुलदीप सिंह, एडीसी विवेक आर्य, एएसपी सोनाक्षी सिंह मौजूद रहे. मॉक ड्रिल के दौरान रिलीफ एरिया, कंट्रोल रूम के अलावा आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए संयंत्र स्थापित किये गए थे.अगर आपको हवाई हमले के सायरन या घोषणाएं सुनाई दे तो यह एक अभ्यास है तो घबराएं नहीं.

# देश के कई राज्यों में हुआ मॉक ड्रिल, दिल्ली, पटना, मुबंई में ब्लैकआउट, अमित शाह की बड़ी बैठक

**नयी दिल्लीः** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के मद्देनजर भारत के 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक राष्ट्रव्यापी मॉक ड्रिल की गई. देश भर के 259 जिले इस ड्रिल में भाग ले रहे हैं, जिसका उद्देश्य नागरिकों को आपातकालीन स्थितियों में खुद को बचाने के लिए ज्ञान प्रदान करना है. दिल्ली के कई इलाकों में मॉक ड्रिल भी की गई. खान मार्केट में हुई इस ड्रिल के बारे में एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट रतीश कुमार ने कहा, ढांचा ढहने के कारण खोज और बचाव की स्थिति में, हम मेडिकल फर्स्ट रिस्पॉन्डर मुहैया कराते हैं. हमारी टीम में कुशल मेडिकल फर्स्ट रिस्पॉन्डर (एमएफआर) शामिल हैं. हम स्थिति के अनुसार पीड़ितों की सहायता करेंगे. गृह मंत्रालय द्वारा आज देशभर में मॉक ड्रिल के आदेश के बाद बाड़मेर में मॉक ड्रिल की गई. डीएम टीना डाबी ने कहा, आज की मॉक ड्रिल हवाई हमलों के संदर्भ में थी. अगर हवाई हमला होता है, संभावित हताहत, घायल या शव होते हैं, तो हमारे पास क्या प्रोटोकॉल होने चाहिए. हमारे पास कितनी एंबुलेंस, प्राथमिक चिकित्सा दल और कितनी मोबाइल मेडिकल यूनिट होनी चाहिए.... आईजीआई हवाई अड्डे के टर्मिनल 3 पर एक व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है. दिल्ली, पटना, मुबंई सहित तमाम शहरों में



मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह मंत्रालय द्वारा पूरे देश में किए गए मॉक ड्रिल के आदेश के तहत लखनऊ के रिजर्व पुलिस लाइन में ब्लैकआउट के बीच आयोजित मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया. इंदौर में बुधवार को 'मॉक ड्रिल' किया गया जिसमें नागरिकों, सरकारी कर्मचारियों और स्वयंसेवकों को अलग-अलग आपात स्थितियों से निपटने के गुर सिखाए गए. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि सूबे की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले शहर में 'मॉक ड्रिल' के दौरान लोगों को इमारत में आग लगने जैसी विभिन्न आपात स्थितियों के वक्त खुद को सुरक्षित रखने के साथ ही खोज-बचाव अभियानों के उपायों को लेकर प्रशिक्षित किया गया.

वहीं, अमित शाह की मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक के बाद ममता बनर्जी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम साथ हैं, हमारे बीच मतभेद नहीं होने चाहिए. आज गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान और नेपाल की सीमा से लगे राज्यों के मुख्यमंत्रियों, पुलिस महानिदेशकों और मुख्य सचिवों के साथ तत्काल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक बुलायी थी. अमित शाह ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' उन सभी को भारत का करारा जवाब है जिन्होंने हमारी सीमाओं, सेना और नागरिकों को चुनौती देने की हिम्मत की. अमित शाह द्वारा बुलाई गई बैठक में शामिल हुए पाकिस्तान और नेपाल की सीमा से लगे सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी और सशस्त्र बलों को बधाई दी. अमित शाह ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की अनदेखी किए बिना 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये उचित जवाब और कड़ा संदेश दिया गया.

## हमें देश की सेना पर गर्व: हनुमान बेनीवाल

**जयपुरः** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष तथा नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन प्रदेश के 20 जिलों से आए पार्टी के कार्यकर्ताओं तथा संस्थापक पदाधिकारियों के साथ बैठक की और कई मुद्दों पर चर्चा की. सांसद हनुमान बेनीवाल ने अपने आवास पर मीडिया के साथ विशेष बातचीत करते हुए कई मुद्दों को रखा. उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की कार्यवाही को सराहा और हमें भारत की सेना पर गर्व है.

सांसद बेनीवाल ने कहा कि गुरुवार को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है,चूंकि पहलगाम आतंकी हमले के बाद आयोजित हुई ऐसी बैठक में भी छोटे दलों को नहीं बुलाया गया और आज भी अब तक छोटे दलों को इस बैठक के लिए आमंत्रित नहीं किया गया. ऐसे में यह सर्वदलीय बैठक कैसे हुई ? बेनीवाल ने कहा कि जब लोक सभा के सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक आयोजित की जाती है तो संसद में एक सांसद वाली भी हर पार्टी को आमंत्रित किया जाता है तब वो सर्वदलीय बैठक कही जाती है ऐसे होने वाली बैठक का नाम भी सर्वदलीय बैठक नहीं रखा जाए ,चूंकि हम आतंक के खिलाफ हर कार्यवाही में सरकार के साथ है और जिस उद्देश्य के लिए बैठक की जा रही है वो कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि राष्ट्रीय मुद्दा है .

ऐसे में सरकार को प्रत्येक दल की बात सुननी चाहिए. मगर इस बैठक में भी केंद्र सरकार छोटे दलों की भूमिका और महत्व को नकार रही है. इस पर पीएम को स्पष्ट करना चाहिए कि लोकतांत्रिक देश में छोटे दलों की भूमिका को नकारा क्यों जा रहा है. उन्होंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री द्वारा ऐसी महत्वपूर्ण बैठकों में छोटे दलों को नजरअंदाज करने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जब सभी दलों को बुलाया नहीं गया तो सर्वदलीय बैठक नाम क्यों रखा गया.

सांसद ने कहा सरकार को अब पीओके पर कब्जा करके उसे वापस भारत के हिस्से में सम्मिलित करना चाहिए. राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए करेंगे निर्णय बेनीवाल ने कहा कि पुलिस उप निरीक्षक भर्ती को रद्द करवाने की मांग को लेकर हमारा आंदोलन चल रहा है. लेकिन आज देश भर में मॉक ड्रिल हो रही है ऐसे में हम राष्ट्रहित को मद्देनजर रखते हुए आगे का निर्णय लेंगे ,भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी. यह कहा पार्टी कार्यकर्ताओं को सांसद हनुमान बेनीवाल ने आवास पर आयोजित बैठक में कहा कि पार्टी बैठक में तो यही कहा कि जल्द ही सर्वसम्मति से चर्चा करने के बाद कार्यकारिणी बनाई जाएगी.

## श्रीनगर में मुख्यमंत्री उमर आपातकालीन कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की

**श्रीनगरः** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा पाकिस्तान के अंदर हवाई हमले किए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में सीमाओं और नियंत्रण रेखा पर मौजूदा स्थिति के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने एक आपातकालीन कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की.

मुख्यमंत्री श्रीनगर में सभी कैबिनेट सहयोगियों के साथ बैठक की ताकि जम्मू-कश्मीर में सीमा और नियंत्रण रेखा क्षेत्रों में स्थिति का आकलन किया जा सके.इससे पहले मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कठुआ, जम्मू, सांबा, राजौरी, पुंछ, बारामुला, कुपवाड़ा और बांदीपोरा के डिप्टी कमिश्नरों के साथ एक आपातकालीन बैठक की अध्यक्षता की है.

मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट किया सीमा और नियंत्रण रेखा पर जमीनी स्थिति का आकलन किया गया. संभागीय आयुक्तों और डीसी को मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी दी गई. नागरिकों की जान बचाने और सभी स्तरों पर समय पर प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया. इसमें यह भी कहा गया है कि मौजूदा घटनाक्रमों के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने सभी डिप्टी कमिश्नरों को तत्काल आकस्मिक निधि जारी करने का निर्देश दिया है.

## पाकिस्तान मुर्दाबाद, भारत जिंदाबाद, ऑपरेशन सिंदूर पर बोले ओवैसी

**कहा- आतंकी ढांचा पूरी तरह किया जाना चाहिए तबाह**

**हैदराबादः** एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को पाकिस्तान के आतंकी ढांचे को पूरी तरह से नष्ट करने का आह्वान किया. यह बात बुधवार की सुबह भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले करने के कुछ घंटों बाद कही गई. इस फैसले का स्वागत करते हुए हैदराबाद के सांसद ने आगे कहा कि पाकिस्तानी डीप स्टेट को कड़ा सबक सिखाया जाना चाहिए ताकि फिर कभी पहलगाम जैसी घटना न हो. भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में



आतंकी हमले में 26 नागरिकों की हत्या का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया.

वहीं, ओवैसी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह पाकिस्तान मुर्दाबाद और भारत जिंदाबाद के नारे लगाते नजर आ रहे हैं. ओवैसी ने उर्दू और हिंदी में एक ऑनलाइन पोस्ट में लिखा, मैं पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर हमारे रक्षा बलों द्वारा किए गए सर्जिकल स्ट्राइक का स्वागत करता हूं. पाकिस्तान के डीप स्टेट को कड़ा सबक सिखाया जाना चाहिए ताकि फिर कभी पहलगाम जैसी घटना न हो. पाकिस्तान के आतंकी ढांचे को पूरी तरह से नष्ट किया जाना चाहिए. जय हिंद. 22 अप्रैल को पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने पहलगाम में हमला किया, जिसमें 25 पर्यटक और एक स्थानीय टट्टू सवारी संचालक की मौत हो गई. भारतीय सेना ने तुरंत जवाबी कार्रवाई करते हुए आज सुबह जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे समूहों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले आतंकी ठिकानों पर हमला किया. समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युद्ध कक्ष से ऑपरेशन सिंदूर की व्यक्तिगत रूप से निगरानी की. ऑपरेशन के सफल क्रियान्वयन के बाद भारत ने स्पष्ट किया कि यह हमला केवल आतंकी ठिकानों तक ही सीमित था और इसमें किसी भी पाकिस्तानी सैन्य संपत्ति को निशाना नहीं बनाया गया.

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने देश के लोगों में विश्वास और दुश्मनों में डर पैदा किया: नकवी



**नयी दिल्लीः** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर सशस्त्र बलों द्वारा किये गये हमले के बाद बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व ने देश के लोगों में विश्वास और दुश्मनों में भय पैदा किया है.

नकवी ने कहा कि पाकिस्तान में ''जुल्म जुर्म के जल्लादी जानवरों का जमींदोज होना'' भारत और पूरी मानवता की सुरक्षा के लिए धर्मयुद्ध है. नकवी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई दुनिया भर के आतंकवादी तत्वों के लिए एक कड़ा संदेश और सबक है, जो ''आतंकवाद के हॉरर शो का निर्माता-निर्देशक, वितरक और निर्यातक'' बन गया है. पूर्व केंद्रीय मंत्री नकवी ने कहा कि भारत की दूरदर्शी नीति और मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने देश के लोगों में विश्वास और दुश्मनों में डर पैदा किया है.

## ऑपरेशन सिंदूर का पूर्व रक्षामंत्री शरद पवार ने समर्थन किया

**कहा, पहलगांव हमले के बाद मूकदर्शक बने रहना असंभव था**

**मुंबईः** पूर्व रक्षा मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम सरकार के हर फैसले का समर्थन करते हैं, क्योंकि पहलगांव हमले के बाद मूकदर्शक बने रहना असंभव था. सभी को भारतीय सेना पर पूरा भरोसा था, इसलिए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी शिविरों को नष्ट कर दिया गया है.

शरद पवार ने पत्रकारों से कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में अशांति थी. उमर अब्दुल्ला ने पाकिस्तान के खिलाफ बड़ा कदम उठाया. आतंकियों के खिलाफ कश्मीरी लोगों ने भी कड़ा रुख अपनाया है. सर्वदलीय बैठक हुई. हम सरकार के हर फैसले का समर्थन करते हैं. भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया है. पाकिस्तान यहां आतंकियों को आर्थिक मदद देता है.

शरद पवार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पहलगाम आतंकवादी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की प्रशंसा की. शदर पवार ने कहा कि पहलगाम हमले का मुंहतोड़ जवाब देकर देश की संप्रभुता की रक्षा करने और हमारे नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए भारतीय सैनिकों को बधाई. सशस्त्र बलों ने पाकिस्तानी सशस्त्र बलों या उनके नागरिकों को कोई नुकसान पहुंचाए बिना सटीक हमले किए. पवार ने कहा, देश को अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है.

## ऑपरेशन सिंदूर' हमलों ने मेरे बेटे की हत्या का बदला लिया : पहलगाम पोनीवाला के पिता

**अनंतनागः** पहलगाम आतंकी हमले के दौरान पर्यटकों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले पोनीवाला सैयद आदिल हुसैन शाह के पिता ने बुधवार को कहा कि पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकी शिविरों पर सैन्य हमलों ने उनके बेटे की हत्या का बदला लिया है. शाह के परिवार ने जवाबी कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सशस्त्र बलों का आभार व्यक्त किया.शाह के पिता सैयद हैदर शाह ने कहा, मैं आज बहुत खुश हूं कि सुरक्षा बलों और (पीएम नरेंद्र) मोदी ने 26 लोगों की हत्या का बदला लिया है. मुझे खुशी है कि वे (पीड़ित) आज शांति से आराम करेंगे. शाह के भाई सैयद नवशाद ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उनके परिवार और अन्य 25 पीड़ितों के परिवारों को न्याय दिलाया है.अब, मेरे भाई और 25 अन्य निर्दोष लोग शांति से आराम करेंगे. जब मुझे आज सुबह पता चला कि मोदी ने हत्याओं का बदला लिया है, तो मुझे बहुत खुशी हुई. हमें अब न्याय मिला है, और हम बहुत खुश हैं. 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के प्रतिशोध में, जिसमें शाह और 25 पर्यटक मारे गए थे, भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार को तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल है.

# सजगता के साथ हो सीमावर्ती क्षेत्रों की निगरानी : मुख्यमंत्री

**जयपुरः** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारत द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के मद्देनजर प्रदेशभर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने पूरी सतर्कता से सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के साथ-साथ पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को केन्द्रीय गृह मंत्रालय और केन्द्रीय एजेन्सियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देशित किया.

शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे. उन्होंने कहा कि राजस्थान पाकिस्तान का सीमावर्ती राज्य है, इसलिए उच्चतम मानकों की अनुपालना करते हुए प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त होनी चाहिए. शर्मा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत राष्ट्र विरोधी शक्तियां प्रदेश में साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास कर सकती हैं. उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सोशल मीडिया पर प्रभावी निगरानी के साथ अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया.



मुख्यमंत्री ने समस्त जिलों की आन्तरिक सुरक्षा योजना और आपदा प्रबंधन की समीक्षा करते हुए कहा कि चिकित्सालयों में पर्याप्त दवा, ऑक्सीजन और एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए. साथ ही, चिकित्सकों सहित आवश्यक मानव संसाधन एवं उपकरण भी उपलब्ध रहें.शर्मा ने पानी, बिजली एवं आवश्यक बुनियादी संसाधनों की उपलब्धता और इससे संबंधित सेवाओं को सुचारू रखने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया. साथ ही, उन्होंने बुधवार को हो रही मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट की भी विस्तृत समीक्षा की. मुख्यमंत्री ने कहा कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. उन्होंने पुलिस कार्मिकों की छुट्टियां निरस्त करने और उन्हें मुख्यालय पर उपस्थित रहने के लिए पाबंद के संबंध में भी निर्देश दिए. शर्मा ने कहा कि एडीजी रेंज प्रभारी और प्रभारी सचिव उनके प्रभार क्षेत्र के जिलों के अधिकारियों से निरन्तर सम्पर्क में रहते हुए उक्त सभी निर्देशों की पालना सुनिश्चित कराएं.

शर्मा ने भारतीय सेना को पाकिस्तान स्थित आंतकी ठिकानों पर प्रभावी एवं सटीक एयर स्ट्राइक करने के लिए बधाई दी. उन्होंने कहा कि कायराना पहलगाम हमले का करारा जवाब देते हुए भारतीय एयर फोर्स ने अदम्य साहस के साथ ऑपरेशन सिदूंर को अंजाम दिया और नौ आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत आंतकियों और उनके आकाओं को अंजाम तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है. बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू. आर. साहू सहित सम्बन्धित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे.

## सुडोकू–19

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | 3 | | | | | |
| | 1 | 6 | | 8 | | 7 | 3 | 2 |
| 7 | | | | 2 | 1 | | 8 | |
| | 6 | 8 | 4 | | | | | |
| 9 | | 1 | 8 | | 2 | 4 | | 3 |
| | | | | | 6 | 8 | 9 | |
| | 4 | | 2 | 9 | | | | 5 |
| 6 | 5 | 9 | | 1 | | 3 | 2 | |
| | | | | | 3 | 1 | | |

9X9 के उपरोक्त खानों में एक से नौ तक के अंक ऐसे भरें ताकि हर कॉलम और उसके हर छोटे खाने में एक नंबर ही आयें.
उत्तर अगले अंक में

**सूडोकू -18 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 2 | 1 | 8 | 3 | 6 | 4 | 5 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 9 | 8 | 2 | 7 |
| 6 | 8 | 4 | 2 | 7 | 5 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 3 | 8 | 9 | 1 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 1 | 5 | 4 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 |
| 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 8 | 7 | 1 | 2 |
| 8 | 2 | 7 | 3 | 9 | 1 | 5 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 7 | 1 |

## युवा शक्ति माथापच्ची- 27

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 | ■ | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | | ■ | |
| ■ | | ■ | 9 | | ■ | 10 | 11 | |
| 12 | | 13 | | | 14 | ■ | 15 | |
| | ■ | 16 | | ■ | 17 | 18 | ■ | |
| 19 | 20 | ■ | 21 | 22 | | | 23 | |
| 24 | | 25 | ■ | 26 | | ■ | | ■ |
| | ■ | 27 | 28 | | ■ | 29 | | 30 |
| | ■ | 31 | | ■ | 32 | | | |

● **बाएं से दाएं**

1. चढ़ना, सवार होना, 4. मार्ग, रास्ता, 7. सुस्त, आलसी, 8. हाट, विपणन स्थल, 9. ज्ञानी पंडित, 10. घड़ियाल, लेकिन, 12. परीक्षा लेने वाली संस्था, 15. सेना, लोगों का समूह, 16. गुंडा, एक रिश्ता, 17. ठहरने का स्थान, पुलिस केन्द्र, 19. शिथिल, थका हुआ, हारा हुआ, 21. अनुकरण करना, श्वांग करना, 24. बहुत गंदा स्थान, पापियों के लिए निर्धारित स्थल, 26. स्तंभित, जड़ या निश्चेष्ट, 27. तमाशा दिखानेवाला, बाजीगर, 29. दोहित्र, दोहता, 31. बेल, 32. लाल सुर्खी लिये हुए.

● **उपर से नीचे**

1. कौड़ा, अलाव, आंवां, मालिक, 2. अग्नि, महाराजा हरिश्चन्द्र का पुत्र, 3. कृषि यंत्र, 4. शासक, महिप, 5. रनिवास, 6. गड़बड़ होना, 8. मेघा, घान, 9. शिक्षा देना, पढ़ाना, 11. कंठ, गर्दन, 12. इस्तेहार देनेवाला, प्रचार करने का इच्छुक, 13. बुद्धि, प्रस्थान, 14. जितना प्राप्त हो, 18. इज्जत, मान, 20. तह, परत, 22. दूध पकाकर रखने का पात्र, 23. कंठस्थ करवाना, बार बार दोहराने के लिए कहना, 25. पंकज, 28. देनेवाला, दानी, 29. झुका हुआ, 30. कुल, समस्त, सब

*उत्तर कल के अंक में*

**माथापच्ची- 26 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | दा | धि | का | री | ■ | अ | प | ना |
| रि | म | ■ | ल | ■ | ■ | तु | ला | ■ |
| व | न | ज | ■ | स | ब | का | ■ | अ |
| र्त | ■ | ■ | वा | र | ■ | न्त | खा | सु |
| न | ल | ■ | दा | स | ता | ■ | क | वि |
| शी | त | ल | ■ | रा | ल | ■ | ■ | धा |
| ल | ■ | ह | टा | ना | ■ | बो | ता | ज |
| ■ | ता | रा | ■ | ■ | ध | ■ | दा | न |
| बा | ना | ना | ■ | अ | नु | त्पा | द | क |

# डीपीएस रूबी पार्क स्कूल में भी मॉक ड्रिल



युवा शक्ति न्यूज

**कोलकाता:** बुधवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल रूबी पार्क में छात्रों, कर्मचारियों और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की भागीदारी के साथ मॉक ड्रिल की गयी. स्कूल प्रबंधन ने जारी एक वक्तव्य में कहा कि हम अप्रत्याशित खतरों के खिलाफ जागरूकता और तैयारी के उद्देश्य से राष्ट्रीय पहल के साथ हैं. वक्तव्य में कहा गया है कि हम भावी पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं. दिल्ली पब्लिक स्कूल रूबी पार्क की प्रिंसिपल सुश्री ज्योति चौधरी ने कहा कि डीपीएस रूबी पार्क ने छात्रों को महत्वपूर्ण सुरक्षा कदमों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए ही मॉक ड्रिल आयोजित की. छात्रों ने इसमें उत्साह से भाग लिया और उनकी सक्रिय भागीदारी देखकर खुशी हुई. अभ्यास से आपातकाल की स्थिति में सुरक्षा के लिए एक ढाल कैसे तैयार की जाये, इसके बारे में बताया गया.




# श्री जैन विद्यालय (बालक विभाग) हावड़ा के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

युवा शक्ति न्यूज

**हावड़ा:** हावड़ा श्री जैन विद्यालय (बालक विभाग) की प्रिन्सिपल इंदु चौधरी ने बताया कि इस वर्ष उच्च माध्यमिक की परीक्षा में विद्यालय के छात्रों ने पुनः शानदार प्रदर्शन किया. विद्यालय का छात्र कृष्णकांत शर्मा(साइंस)466 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहा, छात्र शिवम चौधरी (कॉमर्स) 464 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहा, वहीं शुभम साह (कॉमर्स) 462 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहा.विद्यालय के छात्र मोहम्मद बासित 459, सुजीत यादव 457, पियूष गुप्ता 454, विवेक कुमार शाह 454 ,अंशु ठाकुर 450 अंक प्राप्त किए. इस वर्ष विद्यालय में उच्च माध्यमिक की परीक्षा में कुल 180 छात्र बैठे थे, जिसमें 156 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण रहे एवं शेष सभी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए. छात्रों के शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय के सचिव श्री ललित कांकरिया ने सभी छात्रों सहित शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापिका को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं धन्यवाद दिया.

## युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण के 16वें पट्टोत्सव पर पदाभिषेक दिवस समारोह का आयोजन

# अध्यात्म जगत के महासुर्य है आचार्य श्री महाश्रमण जी : मुनिश्री जिनेश कुमार जी




युवा शक्ति न्यूज

**साल्टलेक (कोलकाता) :** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के 16वे पट्टोत्सव पर पदाभिषेक दिवस समारोह का आयोजन श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, साल्टलेक द्वारा कृष्णा वाटिका में आयोजित किया गया. इस अवसर पर उपस्थित धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री जिनेश कुमार जी ने कहा- आचार्यश्री महाश्रमण जी अध्यात्म साधना के सुमेरु है. अध्यात्म जगत के महासूर्य के समान है. उनके द्वारा निकलने वाली प्रज्ञा रश्मि हमारे आध्यात्मिक विकास में सहयोगी बन सकती है. उनकी स्मरण शक्ति विशिष्ठ विलक्षण अद्भुत है. इसका मुख्य कारण है कि उनकी स्मृति प्रज्ञा के साथ जुड़ी हुई है. ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी चिन्तन शक्ति प्रखर व आधुनिकता के साथ चलने वाली है. वे युग द्रष्टा, युग-स्रष्टा, युगपुरुष युग प्रधान है . उनकी स्मित मुस्कान सौम्य मुद्रा जन मानस को सहज ही आकार्षित कर लेती है आचार्य प्रवर की सन्निधि में बैठने वाला आनंद व चैतन्य की अनुभूति करता है. मुनिश्री ने आगे कहा तेरापंथ धर्म संघ में आचार्य का स्थान सर्वोपरि होता है वे हमारे शिरमोर हैं . आचार्य के भव सीमित होते हैं. क्योंकि उन के बहुत निर्जरा होती है . हर स्थिति में संतुलित रहते हैं. वे संघ की सार संभाल करते है. सबको समाधि देने का प्रयास करते हैं. आचार्य आचार शरीर श्रुत वचन, वाचना, मति, प्रयोग, और संग्रह परिज्ञा, इन आठ गणि संपदा से युक्त होते हैं. उनके पट्टोत्सव पर यही मंगलकामना करते है. और जिनशासन की सेवा करते रहे. आप दीर्घायु हो. इस अवसर पर मुनिश्री कुणाल कुमार जी ने सुमधुर गीत का संगान किया. इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ तेरापंथ महिला मंडल, पूर्वांचल के मंगलाचरण से हुआ. इस अवसर पर महासभा के पूर्व अध्यक्ष सुरेशजी गोयल, युवक रत्न रतन दुगड़ ने अपने विचार व्यक्त किये. बसंत मुणोत ने भाव पूर्ण गीत प्रस्तुत किया. आभार ज्ञापन सभा मंत्री अशोक जी भूतोड़िया ने किया. संचालन मुनिश्री परमानंद जी किया



# हावड़ा श्री जैन विद्यालय (बालिका) विभाग का परीक्षा परिणाम शानदार एवं शत प्रतिशत रहा

युवा शक्ति न्यूज

**हावड़ा:** जैन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मौसमी घोषाल ने बताया कि इस वर्ष उच्च माध्यमिक की परीक्षा में कुल 341 छात्राएं बैठी थी, जिसमें 300 छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई,शेष सभी द्वितीय श्रेणी में पास हुई. विद्यालय की छात्रा खुशी कुमारी साव (कॉमर्स) 462 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त की, कविता राय (कॉमर्स) 457 अंक प्राप्त कर द्वितीय, कृति बजाज (कॉमर्स) 453 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही. विद्यालय की छात्रा खुशी सिंह 452, शाना हैदर 452, सिमरन सिंह 452, साक्षी चौरसिया 451, प्रियंका डागा 451, ऋचा सिंह 450, आस्था कुमारी 450 एवं बिपाशा बोथरा 450 अंक प्राप्त की. विद्यालय के सचिव श्री ललित कंकरिया ने सभी छात्राओं, शिक्षिकाओं एवं प्रधानाध्यापिका को शुभकामनाएं एवं बधाई दी.

# भारत ने आतंकवाद को पनाह देने वाले देश को कड़ा संदेश दिया : मुख्यमंत्री सावंत

**पणजी:** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया है कि वह (भारत) अपनी जमीन पर किसी भी तरह की आतंकी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेगा. सावंत ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले का बदला लेने के वास्ते सफल अभियान के लिए केंद्र सरकार और सशस्त्र बलों को बधाई दी. भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकी हमले के दो सप्ताह बाद कठोर जवाबी कार्रवाई करते हुए मंगलवार देर रात पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किये, जिनमें आतंकवादी समूहों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के गढ़ भी शामिल हैं. सावंत ने राज्य मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारत सरकार और सशस्त्र बलों को बधाई. मैं इस सफल ऑपरेशन के लिए तीनों सशस्त्र बलों को सलाम करता हूं. भारत ने पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हुई हत्या का बदला पाकिस्तान से ले लिया है.'' उन्होंने कहा, ''भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान में आतंकवादियों के नौ प्रशिक्षण ठिकानों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया है, जिससे आतंकवाद को पनाह देने वाले देश को कड़ा संदेश मिल गया है.'' सावंत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व ने एक बार फिर पाकिस्तान को संदेश दे दिया है कि भारत अपनी धरती पर किसी भी तरह की आतंकवादी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेगा. उन्होंने कहा, ''भारत एक मजबूत देश के रूप में उभर रहा है और दुनिया भर के देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़े हैं.''

# नाबालिग से दुष्कर्म के लिए व्यक्ति को 20 साल की जेल

**नयी दिल्ली:** दिल्ली की एक अदालत ने तीन साल की बच्ची का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के अपराध में एक व्यक्ति को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनु अग्रवाल ने इसे एक अनोखा मामला बताया, जिसमें 55 वर्षीय दोषी ने न सिर्फ बच्ची का यौन उत्पीड़न किया, बल्कि उसके साथ बर्बरता की. अदालत ने तीन मई को अपने आदेश में कहा, ''मौजूदा मामला अपनी तरह का अनोखा मामला है. दोषी ने तीन साल सात महीने की एक लड़की को अगवा कर लिया. दोषी की पीड़िता के घर के पास टीवी मरम्मत की दुकान थी और वह पीड़िता को अपनी दुकान पर ले गया, जहां उसने लड़की के साथ बर्बरता की.''

# राजनीतिक दलों ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना की

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी शिविरों के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया पर 'जय हिंद, जय भारत' के नारे के साथ इस कार्रवाई की सराहना की जबकि केंद्रीय मंत्री और भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि इस हमले ने यह संदेश दिया है कि देश में 'आतंकवाद के खिलाफ कोई नरमी नहीं बरती जाएगी'. मजूमदार ने 'एक्स' पर कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, आपका धन्यवाद! आपके निडर नेतृत्व में भारत चुप नहीं बैठता बल्कि हम पूरी ताकत के साथ जवाबी हमला करते हैं. हमारे बहादुर सशस्त्र बलों ने एक सटीक और शक्तिशाली अभियान में पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया है. भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए मंगलवार देर रात पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें बहावलपुर का जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना शामिल है. पहलगाम हमले के दो सप्ताह बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सैन्य कार्रवाई की गई. पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे. मजूमदार ने कहा, यह नया भारत है. हम उनके घरों में घुसकर आतंक का खात्मा करते हैं! टीएमसी की राज्य इकाई के महासचिव कुणाल घोष ने भी पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की सराहना की. उन्होंने कहा, टीम इंडिया आगे बढ़ती रहे, टीम इंडिया जीतती रहे. पूरा देश जवानों के साथ है. बाकी बातें बाद में कही जाएंगी. जय हिंद. घोष ने यह भी कहा कि एक गौरवान्वित भारतीय के रूप में मेरा समर्थन भारतीय सेना के लिए है. टीएमसी के प्रवक्ता जयप्रकाश मजूमदार ने कहा, हम देश की संप्रभुता और हमारे नागरिकों की सुरक्षा और आतंकवाद के खिलाफ जोरदार कार्रवाई के लिए हमारी सेना द्वारा उठाये गये किसी भी कदम का समर्थन करते हैं.

# असम पंचायत चुनाव: दूसरे चरण में 56.71 प्रतिशत मतदान


**गुवाहाटी:** असम में बुधवार को पंचायत चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में 91.31 लाख मतदाताओं में से करीब 56.71 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. यह जानकारी निर्वाचन अधिकारियों ने दी. राज्य के 13 जिलों में मतदान सुबह 7:30 बजे शुरू होकर शाम 4.30 बजे समाप्त हुआ, लेकिन जिन लोगों ने मतदान समय समाप्त होने से पहले मतदान केन्द्र में प्रवेश कर लिया था, उन्हें वोट देने की अनुमति दी जाएगी. अधिकारियों ने बताया कि अंतिम मतदान प्रतिशत बुधवार देर रात या अगले दिन आने की संभावना है, लेकिन अपराह्न साढ़े तीन बजे तक 56.71 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया था. दूसरे चरण में धुबरी, दक्षिण सलमारा-मनकाचर, गोलपारा, बोंगाईगांव, बारपेटा, बाजाली, नलबाड़ी, कामरूप, कामरूप (मेट्रो), होजई, नागांव, मोरीगांव और दरांग जिलों में मतदान हुआ. बोंगाईगांव जिले में सबसे अधिक 62.72 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि सबसे कम 51.33 प्रतिशत मतदान कामरूप में हुआ. मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दोपहर में कामरूप जिले के जालुकबारी निर्वाचन क्षेत्र के अमिंगान बंगाली उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अपना वोट डाला. अधिकारियों ने कहा कि दूसरे चरण के लिए पुनर्मतदान, यदि कोई होगा, तो 9 मई को होगा. दोनों चरणों के लिए मतों की गिनती 11 मई को होगी. दूसरे चरण के लिए कुल मतदाताओं की संख्या 91,31,127 है, जिसमें 46,30,924 पुरुष, 44,99,952 महिलाएं और 251 अन्य शामिल हैं. जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या 181 है, आंचलिक परिषद सीट 87 और गांव पंचायत 10,530 हैं. 1,289 उम्मीदवार निर्विरोध जीत गए हैं - 21 जिला परिषद सदस्य, 151 आंचलिक परिषद सदस्य और 1,117 गांव पंचायत वार्ड सदस्य. दूसरे चरण के लिए कुल 29,608 उम्मीदवार मैदान में हैं.

# जूनागढ़ शहर में भूमिगत गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के बाद आग लगने से तीन लोगों की मौत



**जूनागढ़:** गुजरात के जूनागढ़ शहर में बुधवार को भूमिगत गैस पाइपलाइन में आग लगने से एक महिला, उसकी तीन साल की बेटी और एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई. इस हादसे में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से झुलस गए. पुलिस ने यह जानकारी. बी-डिवीजन थाने के एक अधिकारी ने कहा कि खुदाई के काम के दौरान भूमिगत गैस पाइपलाइन में दरार आने से आग लग गई, जिससे छह लोग गंभीर रूप से झुलस गए. अधिकारी ने कहा कि खुदाई के काम में इस्तेमाल की जा रही मशीन के कारण गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई. सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) चरणसिंह गोहिल ने कहा, 'आज सुबह जूनागढ़ शहर के झांजरदा रोड इलाके में आग लगने की घटना हुई. अग्निशमन विभाग ने आग पर काबू पा लिया. घटना में छह लोग झुलस गए, जिनमें से तीन की मौत हो गई.' उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं और दुर्घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. गोहिल ने कहा कि पीड़ितों के परिजनों को सरकारी योजना के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा. पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान रूपीबेन सोलंकी (39), उनकी बेटी भक्ति (3) और हरेशभाई रबाडिया के रूप में हुई है.




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक सुधांशु शेखर द्वारा दी इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड, एक्सप्रेस हाउस, एन एच 6 मौजा–प्रशस्थ व अंकुरहाटी,पोस्ट– सलप, थाना–डोमजूर, जिला–हावड़ा–711409 से मुद्रित एवं 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित. प्रधान संपादक : **सुधांशु शेखर,**
प्रबंध कार्यालय : 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता–700 007, RNI No. WBHIN/2007/22434 फोन : 9831494084, टेलीफैक्स : 22743382 ई–मेल : yuvashakti@hotmail.com प्रकाशन संबंधी समस्त विवादों का निपटारा कोलकाता न्यायालय के अधीन